


बालाघाट म.प्र. से प्रकाशित एवं बालाघाट, सिवनी (म.प्र.) एवं गोंदिया भंडारा (महा.) मे एक साथ प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 20 मई 2026 दिन - बुधवार वर्ष-14 वां पृष्ठ - 12 अंक - 112 मूल्य - 5 रुपये










दैनिक जग प्रेरणा
में समाचार
एवं विज्ञापन प्रकाशन
हेतु संपर्क करें..
हसीब मोहम्मद सिवनी
मो. 7898530101

जग प्रेरणा
जिला सिवनी

● अरी ● गंगेरुआ ● बरघाट ● लखनादौन ● छपारा ● केवलारी

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

# विकास प्रक्रिया में जनजातीय समाज को शामिल करने प्रधानमंत्री श्री मोदी ने बनाई नीतियां - मंत्री डॉ. शाह..

## तकनीकी आधारित जनजाति विकास की अवधारणा पर कार्यशाला का शुभारंभ..



जगप्रेरणा सिवनी।

***जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने जनजातीय समाज की पीड़ा को समझा और विकास प्रक्रिया में उनकी भागीदारी सुनिश्चत करने के लिए प्रभावी नीतियां बनायी हैं। प्रधानमंत्री जनमन योजना***

एवं धरती आबा ग्राम उत्कर्ष जैसी पहल से जनजातीय समाज के उत्थान के लिए ठोस कार्य हो रहे हैं। वे मंगलवार को भोपाल के आदि भवन में जनजातीय गरिमा उत्सव के तहत तकनीकी आधारित सतत् जनजाति विकास अवधारणा पर आयोजित कार्यशाला के शुभारंभ सत्र को संबोधित कर रहे थे। कार्यशाला में प्रमुख सचिव श्री गुलशन बामरा, आयुक्त डॉ. सतेंद्र सिंह सहित प्रदेश से आए विभाग के मैदानी अधिकारी उपस्थित थे। भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यशाला का शुभारंभ किया।

मंत्री डॉ. शाह ने कहा कि वे वर्ष 1990 से लगातार जनजातीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। जनजातीय समाज के साथ लगातार कार्य किया है। विभागीय अधिकारी भी सतत् रूप से गांवों में और वनवासी अंचल के बीच जाएं और उनके जीवन को नजदीक से देखें। साथ ही प्रत्यक्ष अनुभव से जो परिस्थितियां सामने आती है उसे समझें और उसके अनुरूप कार्य करें। मंत्री डॉ. शाह ने कहा कि जनजाति वर्ग के लिए शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं को उनके द्वार तक पहुँचाने के लिए 'जन भागीदारी - सबसे दूर, सबसे पहले' अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान में शिविरों के माध्यम से 18 विभागों की 25 योजनाओं का लाभ जनजाति वर्ग के ग्रामीणों को दिलाया जाएगा।

मंत्री डॉ. शाह ने बताया कि किस तरह से वनवासी अंचल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में उल्लेखनीय कार्य हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि सन 1990 के दशक से लेकर अब तक स्थतियां बदल गयी है। आज जनजातीय समाज, विकास की मुख्यधारा में शामिल हैं। मंत्री डॉ. शाह ने बताया कि वे अपने विधानसभा क्षेत्र में आंगनवाड़ी केंद्रों में 50 हजार पानी की बॉटल वितरित कर रहे हैं। साथ ही पहली से कक्षा बारहवीं कक्षा तक के 45 हज़ार बच्चों को पेयजल के लिए पानी की बॉटल प्रदान की हैं। अपने विधानसभा क्षेत्र की 150 ग्राम पंचायतों में वॉटर कूलर और आरओ लगाया हैं। इससे हर गाँव, हर स्कूल में शुद्ध पेयजल सुलभ होगा। उन्होंने कहा कि जनजाति अंचल की बच्चियां शहर के कॉलेज जाने में हिचकिचाती हैं और सुविधाओं के अभाव में उच्च शिक्षा छोड़ भी देती है। ऐसी परिस्थितियों में उन्होंने प्रायोगिक तौर पर अपने क्षेत्र में 4 बसें संचालित की, जिससे कॉलेज जाने वाली बालिकाओं की संख्या 30 प्रतिशत से बढ़कर 80 प्रतिशत हो गई है।

उन्होंने कहा कि इस सुविधा का अन्य क्षेत्रों में भी विस्तार होना चाहिए।

कार्यशाला में आयुक्त जनजातीय क्षेत्र विकास डॉ. सतेंद्र सिंह ने स्वागत उद्बोधन दिया। कार्यशाला में आजीविका तथा रोज़गार में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के अनुप्रयोग पर मैनिट के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. संयम शुक्ला ने अपना उद्बोधन दिया। सतत जनजातीय विकास में जीआईएस तथा उपग्रह सुदूर संवेदन विषय पर आईआईएसईआर के एसोसियेट प्रोफेसर डॉ.कुमार गौरव ने भी संबोधित किया।

कार्यशाला के द्वितीय सत्र में जनजातीय आजीविका तथा उद्यमिता विकास विषय पर आईएएस आरएम ट्राइफेड श्रीमती प्रीति मैथिल ने संबोधित किया। 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस भारतीय कृषि को बदल रहा है' विषय पर आईआईआईटी के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. शुभ्रज्योति देब ने संबोधित किया। साथ ही 'स्वास्थ्य के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग' विषय पर आईआईआईटी के असिस्टेंड प्रोफेसर डॉ. निखिल कुमार सिंह ने जानकारी दी।

# जिला स्तरीय जनसुनवाई में 288 आवेदन प्राप्त





जगप्रेरणा सिवनी।

***प्रत्येक मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित होने वाली जिलास्तरीय जनसुनवाई प्रभारी कलेक्टर श्री अनिल कुमार राठौर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।***

जनसुनवाई में कुल 288 आवेदन प्राप्त हुए। आयोजित जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह, अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खंडायत, अपर कलेक्टर श्री सी एल चनाप सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनसुनवाई से जुड़े।

जिला स्तरीय जनसुनवाई में तहसील सिवनी अंतर्गत ग्राम कान्हीवाडा निवासी गंगा भलावी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, ग्राम नंदौरा सिवनी निवासी राधाबाई पाण्डे द्वारा गरीबी रेखा का राशन कार्ड बनाये जाने विषयक, बरघाट निवासी लक्ष्मी राउत द्वारा राशन कार्ड बनाये जाने विषयक, तहसील केवलारी अंतर्गत ग्राम देवघाट चिरचिरा निवासी भारती सेन द्वारा राशन दिलाये जाने विषयक, छपारा निवासी भारत वंशकार एवं अन्य द्वारा पीएम आवास योजना के बने मकानों के पट्टा दिलाये जाने विषयक, ग्राम कान्हीवाडा निवासी रहीना मुस्कान द्वारा पति की मृत्यु उपरांत आर्थिक सहायता राशि दिलाये जाने विषयक, कुरई निवासी नंदकिशोर इनवाती द्वारा शिक्षक कालोनी के पीछे रोड बनाये जाने विषयक, तहसील घंसौर अंतर्गत ग्राम समनापुर निवासी नन्हूलाल मर्सकोले द्वारा काबिज भमि का पट्टा दिलाये जाने विषयक, अकबर वार्ड सिवनी निवासी मोहन सिंह बघेल एवं अन्य द्वारा नाले की सफाई एवं अतिक्रमण हटाये जाने विषयक, ग्राम पायली सिवनी निवासी गोविंद तिवारी द्वारा भूमि का सीमांकन कराये जाने विषयक, ग्राम बींझावाडा रनबनटोला सिवनी निवासी जानकी उइके द्वारा गरीबी रेखा राशन कार्ड एवं लाडली योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, ग्राम करहैया सिवनी निवासी सुरेश सनोडिया द्वारा गेहूं विक्रय हेतु स्लॉट बुक कराये जाने विषयक, रानी दुर्गावती वार्ड सिवनी निवासी सरोज मानाठाकुर द्वारा राहत राशि दिलाये जाने विषयक, ग्राम जेवनारा तहसील केवलारी निवासी जयबिंद दास द्वारा भू-अभिलेख दुरूस्त कराये जाने विषयक, तहसील बरघाट अंतर्गत ग्राम मढी निवासी अश्वेीनी मासुरकर द्वारा बिजली बिल अधिक आने विषयक, तहसील लखनादौन अंतर्गत ग्राम धूमा निवासी त्रिलोकी श्रीवास द्वारा निजी भूमि पर स्थाई कलेक्शन कराये जाने विषयक, ग्राम छपारा तहसील बरघाट निवासी रामकिशन हरिनखेडे द्वारा आंगन में लगे ट्रांसफार्मर को हटाये जाने विषयक सहित कुल 288 आवेदन प्राप्त हुए।

प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार कार्यवाही कर शीघ्र निराकरण किये जाने के निर्देश कलेक्टर श्री राठौर द्वारा संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिये गये।

सिवनी में जगप्रेरणा समाचार
पत्र के लिये संपर्क करें..
हसीब मोहम्मद 7898530101

# जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन आज

जगप्रेरणा सिवनी।

***जिला रोजगार अधिकारी सिवनी द्वारा बताया गया कि शासन के आदेशानुसार एवं कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन, जिला रोजगार कार्यालय सिवनी, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सिवनी एवं शासकीय आईटीआई सिवनी के संयुक्त***

तत्वावधान में शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों को निजी क्षेत्र में रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से 'युवा संगम कार्यक्रम' अंतर्गत जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन दिनांक 20 मई 2026 को प्रातः 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक राम रमन प्राइवेट आईटीआई, होमगार्ड ऑफिस के सामने, सिवनी में किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि आयोजित मेले में देश एवं प्रदेश की विभिन्न निजी कंपनियों द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। रोजगार मेले में ट्रेनी, मशीन ऑपरेटर, सुरक्षा गार्ड, सुपरवाइजर, बीमा एजेंट, सेल्स एग्जीक्यूटिव, कॉल सेंटर ऑपरेटर सहित विभिन्न पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जाएगी।

ऐसे इच्छुक आवेदक जिनकी आयु 18 से 35 वर्ष हो एवं जिन्होंने कक्षा 8वीं, 10वीं, 12वीं, आईटीआई अथवा स्नातक उत्तीर्ण किया हो, वे अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, रोजगार पंजीयन, अंकसूची एवं दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ रोजगार मेले में सहभागिता कर सकते है। रोजगार मेले में शामिल होने के लिए किसी प्रकार का मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

# सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

## सड़क मरम्मत, ब्लैक स्पॉट सुधार, विद्युत पोल शिफ्टिंग एवं मानसून पूर्व तैयारियों की समीक्षा..





जगप्रेरणा सिवनी।

***प्रभारी कलेक्टर श्री अनिल कुमार राठौर की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्टर सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।***

बैठक में अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खंडायत सहित यातायात, परिवहन, एमपीआरडीसी, एनएचएआई तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में पूर्व बैठक में दिए गए निर्देशों के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा करते हुए सड़क मरम्मत एवं सुधार कार्यों की वर्तमान स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रभारी कलेक्टर श्री राठौर ने चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स पर त्वरित सुधार कार्य सुनिश्चित करने, क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत में तेजी लाने तथा आवश्यक संकेतक एवं सुरक्षा व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

उन्होंने नगर के प्रमुख मार्गों पर यातायात में बाधा बन रहे विद्युत पोलों को चिन्हित कर शीघ्र शिफ्टिंग की कार्रवाई करने के निर्देश संबंधित विभाग को दिए। साथ ही नगरीय क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए अतिक्रमण हटाने एवं अवैध होर्डिंग्स के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए। प्रभारी कलेक्टर श्री राठौर ने आगामी मानसून को ध्यान में रखते हुए सड़क किनारे वृक्षारोपण के लिए अभी से कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पौधरोपण के लिए उपयुक्त स्थलों का चिन्हांकन, गड्ढा खुदाई एवं आवश्यक संसाधनों की पूर्व तैयारी समय रहते सुनिश्चित की जाए, ताकि वर्षाकाल में व्यापक स्तर पर पौधरोपण किया जा सके।

बैठक में हेलमेट, सीटबेल्ट एवं गति सीमा के पालन को लेकर व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमित चालानी कार्रवाई जारी रखने के निर्देश भी दिए गए। इसके साथ ही प्रधानमंत्री राहत योजना अंतर्गत स्वीकृत प्रकरणों एवं सहायता राशि वितरण की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

# असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए सहारा बनी श्रमयोगी मानधन योजना

जगप्रेरणा सिवनी।

***असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों को वृद्धावस्था में आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना संचालित की जा रही है।***

योजना अंतर्गत पात्र श्रमिकों के पंजीयन किए जा रहे हैं, जिससे उन्हें 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर प्रतिमाह पेंशन का लाभ मिल सके। यह योजना विशेष रूप से उन श्रमिकों के लिए लाभकारी है जो दैनिक मेहनत मजदूरी या स्वरोजगार से अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं।

योजना का लाभ ऑटो एवं रिक्शा चालक, सफाईकर्मी, रेहड़ी-पटरी विक्रेता, घरेलू कामगार, मोची, धोबी, नाई, कृषि एवं निर्माण कार्य में लगे श्रमिक सहित अन्य असंगठित क्षेत्र के मजदूर प्राप्त कर सकते हैं।

योजना के तहत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के ऐसे श्रमिक पात्र होंगे जिनकी मासिक आय 15 हजार रुपये से अधिक न हो। साथ ही आवेदक ईपीएफ ईएसआईसी अथवा एनपीएस जैसी योजनाओं का सदस्य एवं आयकर दाता नहीं होना चाहिए।

पात्र श्रमिकों को आयु के अनुसार प्रतिमाह 55 रुपये से 200 रुपये तक अंशदान जमा करना होगा।

श्रमिक द्वारा जमा की गई राशि के बराबर अंशदान भारत सरकार द्वारा भी जमा किया जाएगा। 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर श्रमिकों को न्यूनतम 3000 रुपये प्रतिमाह पेंशन प्रदान की जाएगी, जिससे उनका भविष्य अधिक सुरक्षित बन सके।

योजना में पंजीयन हेतु आधार कार्ड, मोबाइल नंबर एवं बैंक खाते की पासबुक आवश्यक होगी। इच्छुक श्रमिक अपने नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) अथवा एमपी ऑनलाइन केंद्र के माध्यम से पंजीयन करा सकते हैं।अधिक जानकारी के लिए श्रम पदाधिकारी कार्यालय, कलेक्ट्रेट परिसर, कचहरी चौक, सिवनी में संपर्क किया जा सकता है।

# मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजनांतर्गत आवेदन आमंत्रित..

## स्वरोजगार स्थापना हेतु युवाओं को मिलेगा बैंक ऋण का लाभ..

जगप्रेरणा सिवनी।

***मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजनांतर्गत बैंक वित्त पोषित योजनाओं के माध्यम से नवीन उद्योग, सेवा एवं व्यवसाय स्थापित कर स्वयं का रोजगार प्रारंभ करने के इच्छुक युवाओं से आवेदन प्राप्त करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।***

महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सिवनी श्री आशीष नोएल ने जानकारी देते हुए बताया कि योजनांतर्गत पात्र आवेदक राज्य शासन के ऑनलाइन पोर्टल **Samast. mponline. gov. in** पर ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए सिवनी जिले को 145 हितग्राहियों को लाभान्वित करने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसे बैंक शाखावार आवंटित कर दिया गया है। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा प्राप्त आवेदनों का गुण-दोष के आधार पर परीक्षण कर ऋण प्रकरण संबंधित बैंक शाखाओं को अग्रेषित किए जाएंगे।

योजना एवं आवेदन प्रक्रिया संबंधी विस्तृत जानकारी के लिए इच्छुक आवेदक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सिवनी, डालडा फैक्ट्री रोड स्थित कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

# कृषकों को ई-विकास प्रणाली एवं तकनीकी ज्ञान देने हेतु कृषि रथ रवाना

जगप्रेरणा सिवनी।

***कृषक कल्याण वर्ष 2026 अंतर्गत शासन से प्राप्त निर्देशानुसार एवं जिला कलेक्टर महोदय के मार्गदर्शन में खरीफ 2026 के पूर्व कृषकों को विभिन्न विषयों***

पर तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान करने हेतु कृषि रथ रवाना किया जा रहा है। उक्त कृषि रथ जिले के सभी विकासखण्डों की ग्राम पंचायतों में भ्रमण करेगा।

कृषि रथ के साथ कृषि वैज्ञानिक, कृषि विभाग के अधिकारी एवं अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी भी सम्मिलित रहेंगे। कृषि रथ के माध्यम से कृषकों को ई-विकास प्रणाली, उर्वरकों का संतुलित उपयोग, जैविक एवं प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, कृषि को लाभकारी व्यवसाय बनाने के उपाय, एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन, फसल विविधिकरण, प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना, पराली प्रबंधन तथा कृषि अभियांत्रिकी द्वारा खरीफ पूर्व खेतों के समतलीकरण आदि विषयों पर तकनीकी जानकारी एवं मार्गदर्शन दिया जाएगा।

जानकारी अनुसार कृषि रथ प्रत्येक विकासखण्ड में 3 ग्राम पंचायतों का भ्रमण कर कृषकों को उन्नत कृषि तकनीकों एवं योजनाओं की जानकारी प्रदान करेगा। उपसंचालक कृषि द्वारा जिले के किसान भाईयों से अपील की गई है कि वे कृषि रथ के साथ आने वाले कृषि वैज्ञानिकों एवं कृषि तथा अन्य विभागों के अधिकारियों से चर्चा कर तकनीकी मार्गदर्शन प्राप्त करें तथा आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाकर कृषि को लाभकारी व्यवसाय बनाएं।










सिवनी मे
जगप्रेरणा समाचार
पत्र के लिये
संपर्क करे..
हसीब मोहम्मद
7898530101


कुंडली निर्माण, कुंडली मिलान, विवाह मुहूर्त, कुम्भ विवाह, वास्तु परामर्श, वास्तु शान्ति पूजन, पितृदोष, कालसर्प, अन्य ग्रहों की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान आदि के लिये संपर्क करें..

मार्गदर्शक
डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी
एसोसिएट प्रोफेसर कॉमर्स,
ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म.प्र.

ग्रहयोग भवन, नर्मदा नगर,
शिव मंदिर चौक, बालाघाट
मो. 94251-38638
94067-38800






दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

मनोज सचदेव
मो. 94258-22975


## राष्ट्रव्यापी आंदोलन के तहत आज 20 मई को बंद रहेगी बालाघाट जिले में सभी दवा दुकानें..

### आपातकालीन स्थिति में जीवनरक्षक एवं आवश्यक दवाओं की आपूर्ति के लिये जिला प्रशासन ने तय की व्यवस्थाएं..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***आज 20 मई 2026 दिन बुधवार को अखिल भारतीय औषधि विक्रेता संगठन के आहवान पर संपूर्ण भारत देश में ऑनलाइन दवाईयों के विक्रय के विरोध में तथा अन्य मांगों को लेकर राष्ट्रव्यापी आंदोलन के तहत बालाघाट जिले में भी केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के तत्वाधान में संपूर्ण बालाघाट जिले***

की थोक एवं चिल्लर दवा दुकानें बंद रहेगी। जिले में दवा विक्रेताओं द्वारा बंद के आहवान की स्थिति में जिला प्रशासन एवं खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग अलर्ट मोड पर है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि हड़ताल के दौरान भी आवश्यक जीवनरक्षक दवाओं एवं चिकित्सकीय सेवाओं की उपलब्धता प्रभावित नहीं होने दी जाएगी।

उपसंचालक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन बालाघाट ने बताया कि जिला चिकित्सालय, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक, सिविल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, आयुष्मान आरोग्य मंदिर सह हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, आंगनबाड़ी केंद्र तथा जन औषधि केंद्रों में आवश्यक दवाओं का पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित करने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे किसी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और अनावश्यक रूप से दवाओं का संग्रह न करें। विभाग द्वारा लगातार स्थिति की निगरानी की जा रही है ताकि आपातकालीन सेवाएं एवं अस्पतालों में दवा आपूर्ति निर्बाध बनी रहे।

यदि किसी क्षेत्र में आपातकालीन परिस्थिति में दवा उपलब्धता संबंधी समस्या उत्पन्न होती है, तो नागरिक जिला केमिस्ट एसोसिएशन द्वारा जारी मेडिकल स्टोर संचालकों से संपर्क कर आवश्यक दवाएं प्राप्त कर सकते हैं।

नागरिक आपातकालीन परिस्थिति में बालाघाट में सुरेश सोनी, सुरेश मेडिकल मोबाईल नंबर 98271 10135, संदीप पिछोर, गंगोत्री मेडिकल मोबाईल नंबर 94258 75624, प्रियंक वर्मा, आस्था मेडिकल 95891 70125, दिलीप जैन, महावीर मेडिकल 7000729130, वारासिवनी में संजीव जायसवाल, जायसवाल मेडिकल वारासिवनी 9425822829, लांजी में नासिर खान, हिंद मेडिकल लांजी 7879540993, किरनापुर में संजय जैन, परख मेडिकल किरनापुर 9424942537, परसवाड़ा में रम्मू डहरवाल, डाबर मेडिकल परसवाड़ा ङ्क 9424662970, बैहर में मुकेश भगत, भगत मेडिकल बैहर 9424335599, बिरसा में नरेंद्र टेंभरे, रवि मेडिकल बिरसा 9425448591, लालबर्रा में नरेश जायसवाल, जायसवाल मेडिकल लालबर्रा 7999381040, खैरलांजी में डेविस दमाहे, अंजली मेडिकल खैरलांजी मोबाईल नंबर 8889645658 से दवायें प्राप्त कर सकते हैं। प्रशासन ने नागरिकों से आवश्यकता पड़ने पर निकटतम शासकीय स्वास्थ्य संस्था अथवा जारी संपर्क नंबरों पर संपर्क करने की अपील की है।

## 'आरोह 2026' शिविर में हुआ खिलाड़ियों का सम्मान



जगप्रेरणा बालाघाट।

खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए आयोजित 'आरोह 2026' शिविर में खेलों के साथ-साथ सात महत्वपूर्ण घटकों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नवागत बालक-बालिकाओं को सम्मानित किया गया। चित्रकला सहित विभिन्न गतिविधियों में प्रतिभा दिखाने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण समारोह में स्वर्ण पदक पहनाकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री धीरज सर (आकाशवाणी प्रसारण अधिकारी) रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला एथलेटिक संघ के अध्यक्ष श्री नरेश धुवारे उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला खेल अधिकारी राहुल बारेसा ने की। इस अवसर पर आदिवासी विकास विभाग से श्री कमल तिलासे एवं कार्यालय प्रभारी धीरज डोंगरे ने खिलाड़ियों को पदक प्रदान किए। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि श्री धीरज सर ने कहा कि 'आरोह 2026' शिविर में खेलों के साथ व्यक्तित्व निर्माण और खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास के लिए सात घटकों का समावेश किया गया है, जो एक सराहनीय और नवाचारी पहल है। उन्होंने शासन एवं विभाग द्वारा उठाए गए इस कदम की प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे खिलाड़ियों का आत्मविश्वास और प्रतिभा दोनों विकसित होंगे। जिला एथलेटिक संघ के अध्यक्ष श्री नरेश धुवारे ने कहा कि प्रतियोगिता का उद्देश्य खिलाड़ियों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय तक सीमित न रखते हुए सभी प्रतिभागियों को समान सम्मान देना था। इसी भावना के तहत लगभग 60 खिलाड़ियों एवं वरिष्ठ खिलाड़ियों को स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। समारोह के अंत में खिलाड़ियों को भविष्य में खेल, कला और अन्य क्षेत्रों में सक्रिय भागीदारी करने के लिए प्रेरित किया गया।

### लूट और अवैध वसूली के आरोपी ब्लैकमेलर

## हिमांशु जैन और सहयोगी से पूछताछ के लिये बिरसा पुलिस को मिली एक और दिन की रिमांड..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***दुनिया भर में जब भी किसी भी व्यक्ति को कहीं भी इंसाफ नहीं मिलता, तो प्रत्येक व्यक्ति के पास आखरी और सबसे अधिक विश्वसनीय विकल्प होता है तो पत्रकार। पत्रकार के पास जाकर दुखी एवं पिड़ित व्यक्ति इंसाफ की मांग लेकर अपनी कहानी जन जन तक पहुंचाने का आहवान करता है, लेकिन कुछ लोग पत्रकारिता के सम्मानित***

कर्त्तव्य को ब्लैकमेलिंग के कारोबार में तब्दील कर लेते हैं। उनकी नजरों में पत्रकारिता ब्लैकमेलिंग का सबसे अच्छा माध्यम होता है, और ऐसे लोग बस शासन प्रशासन की व्यवस्थाओं का फायदा उठाते हुए कमजोर लोगों को दबाने का प्रयास करते हैं, और ब्लेकमेलिंग के कारोबार में लिप्त होकर इसी पर आश्रित होकर अपना जीवन चलाने का प्रयास करते हैं।

ऐसे ही कथित ब्लैकमेलर पत्रकार हिमांशु जैन और उसके साथ गुमराह होकर धन उगाही के लालची युवकों ने एक लुटेरी गैंग बना ली, और बालाघाट जिले में ये लोग विभिन्न पंचायतों, कारोबारियों को अपना शिकार बनाने के प्रयास में निरंतर लगे रहे। दो चार महीने में कम्प्यूटर प्रिंटर से प्रिंट आऊट निकालकर और दस बीस पत्र पत्रिकाएं निकालकर लोगों को चमकाने का और ब्लैकमेल करने का घिनौना कृत्य इनका विगत अनेक वर्षों से निरंतर जारी था, लेकिन कहते हैं ना कि बुरे काम के बुरे परिणाम।

सौ दिन चोरी करके आप 99 दिन बच सकते हो, लेकिन एक अवसर तो जरुर आयेगा, कि आपके कुकर्मों को सामने लाने वाला कोई सवा शेर भी आ ही जायेगा, और अब ऐसा ही इन ब्लैकमेलरों के साथ हो चला है कि जब ब्लैकमेलर हिमांशु जैन और उसका प्रमुख सहयोगी विजय चौधरी मवेशी ठेकेदारों से आधी रात को मारपीट कर 70 हजार रुपये लूटने के आरोप में आरोपी बना दिये गए, और अब इन दोनों के साथ ही अन्य दो युवकों पर भी अर्थात कुल 4 आरोपियों पर पुलिस ने लूट और अन्य धाराओं में अपराध दर्ज किया है। घिनौने आरोप में गिरफ्तार हिमांशु जैन और सह आरोपी विजय चौधरी को बैहर न्यायालय में दिनांक 19 मई को पेश किया गया था, जहां से पुलिस ने एक दिन के लिये रिमांड पर लिया, लेकिन जानकारी के अनुसार बिरसा पुलिस के आगे आदतन अपराधी बन चुके हिमांशु जैन के हौसले पस्त नहीं हुए। एक तरफ जहां जेल जाते हुए भी हिमांशु जैन मुस्कुराता हुआ नजर आया, वहीं बिरसा पुलिस जब एक दिन के रिमांड में सफल नहीं हुई, तो जानकारी के अनुसार आज मंगलवार 20 मई को एक बार फिर बैहर न्यायालय से बिरसा पुलिस को दोनों से पूछताछ के लिये 1 दिन का रिमांड और मिला है, जिसमें अब एक बार फिर बिरसा पुलिस प्रयास करेगी की आरोपियों से पूछताछ कर सफलता हासिल कर ले।

### बिरसा पुलिस के लिये आसान नहीं अपराधी मानसिकता के पेशेवर हिमांशु से अपराध के सबुत जुटाना..

पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बिरसा पुलिस ने शिकायतकर्ता द्वारा की गई शिकायत पर उसका मेडिकल परीक्षण करवाने के उपरांत हिमांशु जैन संहित 4 लोगों पर 70 हजार लूट और मारपीट का मामला दर्ज किया, लेकिन जब पुलिस आरोपियों को पकड़ने में सफल हुई, तब पुलिस आरोपी हिमांशु जैन से 70 हजार रुपये की जब्ती नहीं कर पाई। कुछ पत्रकारों से प्राप्त जानकारी के अनुसार हिमांशु जैन पर इसके पहले भी कुछ मामले दर्ज हो चुके हैं। विगत कुछ वर्ष पूर्व ऐसा ही एक मामला बालाघाट कोतवाली थाना अंतर्गत दर्ज किया गया था जब हिमांशु जैन को गिरफ्तार किये जाने तथा जेल वारेंट न्यायालय द्वारा जारी किया गया था, तब जेल नहीं जाने की नियत से हिमांशु जैन ने नाटकीय ड्रामा करते हुए जेल के सामने बेहोश होने का नाटक किया था, और तब जुते सुंघाने, पानी मारने के बाद भी हिमांशु ने आंखें नहीं खोली थी, जिसके कारण तत्कालीन पुलिस थानेदार रवि भदौरिया को हिमांशु जैन को हॉस्पिटलाईज करना पड़ा था। हालांकि उस वक्त हिमांशु जैन के पक्ष में बहुत से पत्रकार थे, और वह उसका शुरुआती दौर था, और उस समय भोला भाला और मासुम दिखाई देने वाला हिमांशु जैन किस कदर शातिर है, यह समझना सभी नए पत्रकारों के भी बस की बात नहीं थी, लेकिन उस दौर से लेकर अब तक बीते 10 - 15 वर्षों में जिस तरह से हिमांशु जैन की काली करतूतें निरंतर बढ़ती चली गई, ऐसा दिखाई देता है कि अपराध की मानसिकता उसके अंदर तक जड़ें जमा चुकी है। माना जा रहा है कि अन्य दो सहयोगी आरोपी जो कि फरार हैं उनके हस्ते हिमांशु जैन ने लुट के 70 हजार ठिकाने लगा दिये होंगे, तो जब तक अन्य आरोपी गिरफ्त में नहीं होंगे, पुलिस के लिये हिमांशु जैन से काले कारनामों को उगलवाना आसान नहीं होगा। देखना होगा कि अब बिरसा पुलिस ब्लैकमेलर और लूट के आरोपी हिमांशु जैन मामले में कितनी सफलता प्राप्त कर पाती है।

## 119 आवेदकों ने दिये समस्याओं के आवेदन, जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ अभिषेक सराफ ने किया समाधान..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***प्रत्येक मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई की कड़ी में 19 मई को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे, संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक, श्री एमआर कोल, डिप्टी कलेक्टर श्री प्रदीप कौरव एवं एसडीएम श्री गोपाल सोनी ने आवेदकों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनका निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में 119 आवेदक अपनी समस्या लेकर आए थे।***

जनसुनवाई में जनपद पंचायत लालबर्रा अंतर्गत ग्राम चिल्लौद के सरपंच नंदकिशोर जगने ग्राम में रोजगार सहायक के रिक्त पद की पूर्ति की मांग लेकर आए थे। सरपंच श्री जगने ने बताया कि ग्राम चिल्लौद में लंबे समय से रोजगार सहायक का पद रिक्त है, जिसके कारण पंचायत के कार्य, मनरेगा संबंधी कार्य एवं ग्रामीणों को मिलने वाली योजनाओं के क्रियान्वयन में कठिनाईयों का सामना करना पड रहा है। इस प्रकरण में जनपद सीईओ लालबर्रा को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने कहा गया है।

कटंगी तहसील की श्रीमती मीना सोनी जीवन ज्योति बीमा की राशि दिलाये जाने की मांग लेकर आयी थी। मीना सोनी का कहना था कि उसने अपनी पुत्री कु. महिमा सोनी के नाम से सेंट्रल बैंक आफइंडिया शाखा कटंगी में खाता खुलवाया था। शाखा द्वारा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के अंतर्गत उसकी पुत्री के नाम से राशि कटौती की जाती है। मीना ने बताया कि उसकी बेटी की मृत्यु 15 मार्च 2024 को चुकी है। अतः उसे प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना की राशि दिलायी जाए। इस प्रकरण में अग्रणी बैंक प्रबंधक को कार्यवाही करने कहा गया है।

खैरलांजी तहसील अंतर्गत ग्राम कन्डगांव की सुलोचना गौतम अपनी बेटी का दाखिला सीएम राईस स्कूल वारासिवनी में दिलाने की मांग लेकर आयी थी। सुलोचना का कहना था कि उसकी पुत्री पहले प्रायवेट स्कूल में अध्ययन कर रही थी और उसने दूसरी कक्षा 77 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण किया है। सुलोचना बताया कि वह एक गरीब महिला है और अपनी पुत्री को प्रायवेट स्कूल में पढ़ाने में सक्षम नही है। अतः उसकी पुत्री का दाखिला सीएम राईज वारासिवनी में कराया जाए। इस प्रकरण में जिला सर्व शिक्षा अभियान के जिला परियोजना समन्वयक को आवश्यक कार्यवाही करने कहा गया है।

बालाघाट तहसील के ग्राम पंचेरा निवासी अनुपसिंह पंद्रे किसान सम्मान निधि की राशि दिलाये जाने की मांग लेकर आए थे। अनुपसिंह का कहना था कि उसे शासन से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि प्राप्त होती थी, किंतु विगत 02 वर्ष से उसे इस योजना की राशि प्राप्त नही हो रही है। इस प्रकरण में एसडीएम बालाघाट को आवश्यक कार्यवाही करने कहा गया है। कटंगी तहसील अंतर्गत ग्राम बनेरा निवासी सरला पटले पति की मृत्यु उपरांत अंत्येष्टी सहायता राशि दिलाये जाने की मांग लेकर आयी थी।

सरला पटले का कहना था कि उसके पति का संबल कार्ड था और उनकी मृत्यु 03 जुलाई 2025 को हो चुकी है। उसके द्वारा पति की मृत्यु उपरांत अंत्येष्टी सहायता प्राप्त करने के लिए पंचायत सचिव के पास समस्त दस्तावेज समेत फार्म भरकर जमा किया जा चुका है किंतु अब उसे अंत्येष्टी सहायता राशि प्राप्त नही हुई हे। इस प्रकरण में जिला श्रम पदाधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने कहा गया है।

जनसुनवाई में ग्राम गर्रा निवासी गुलाब यादव बोरवेल की परमिशन दिलाने की मांग लेकर आये थे। गुलाब यादव का कहना था कि उसके ग्राम गर्रा मशीनटोला वार्ड न. 06 में जल की अत्यधिक समस्या है। शासन द्वारा संचालित हर घर नल जल योजना से भी पीने का पानी नहीं मिल रहा है। उनका कहना था की हमारे वार्ड में पहले जो हैण्डपंप था उसे भी पत्थर डालकर बंद कर दिया गया है जिससे ग्रामवासियों के लिए पानी की जटिल समस्या उत्पन्न हो गयी है।

इस प्रकरण में एसडीएम वारासिवनी कों कार्यवाही करने कहा गया है। लामता तहसील अंतर्गत ग्राम डोंगरबोड़ी निवासी फुलवंता सिरसाम ग्रामवासियों द्वारा सामाजिक बहिष्कार एवं अवैध रूप से 25 हजार रुपए की मांग किए जाने की समस्या लेकर आयी थीं। फुलवंता सिरसाम का कहना था कि उसके गांव के तथाकथित नशा मुक्ति समिति व गांव के कुछ लोगो द्वारा उस पर झूठा आरोप लगा रहे है कि वह शराब बनाती है। इसी आधार पर उसे गांव एवं समाज से अलग कर दिया गया है। साथ ही गांव के नशा मुक्ति समिति के लोगो द्वारा उससे 25 हजार रुपये की मांग की गई है इस प्रकरण में एसडीएम बालाघाट कों आवश्यक कार्यवाही करने कहा गया है।

कटंगी तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत आगरी के समस्त ग्रामीण शराब दुकान व आहाता बंद कराने की मांग लेकर आये थे। ग्रामीणों का कहना था कि ग्राम पंचायत आगरी में शराब दुकान व आहाता गलत तरीके से संचालित हो रहा है। जिससे आये दिन मारपीट व हल्ला होता है जिसका प्रभाव छोटे-छोटे बच्चों व घर की माता बहनों पर पड़ रहा है। महिलाए शाम के समय में घर से निकलने में डरती है। ग्रामीणों का कहना है कि ये शराब दुकान उक्त स्थान से हटाकर कही ओर संचालित कर दी जाएं। इस प्रकरण में जिला आबकारी अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए है।

ग्राम गर्रा के ग्रामीण ग्राम में संचालित जैन दूध डेयरी से निकलने वाले अपशिष्ट पदार्थ का उचित निवारण किये जाने की मांग लेकर आए थे। ग्रामीणों का कहना था कि वार्ड नं. 08 में स्थित जैन दूध डेयरी फैक्ट्री का केमिकल युक्त द्रव पदार्थ रोड के किनारे स्थित नाली एवं खेतों में बह रहा है जो अत्यंत दुर्गंध युक्त है जिससे वार्डवासी एवं खेतों में काम करने वाले श्रमिक प्रभावित है तथा यह खेतों में फसलों के लिए भी अत्यंत नुकसानदेह है। अतः इसका उचित निवारण किया जाए। इस प्रकरण में एसडीएम वारासिवनी को आवश्यक कार्यवाही करने कहा गया है।

जनसुनवाई में पी.एम.श्री.ज.श. महाविद्यालय के छात्र अनुसूचित जनजाति वर्ग की छात्रवृति प्राप्त न होने की मांग लेकर आये थे। छात्रों का कहना था की वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2025-26 की छात्रवृति अभी तक उनके बैंक खाते में प्राप्त नहीं हुई है जिससे उनकी पढाई व अन्य आवश्यक खर्चो में परेशानिया आ रही है। इस प्रकरण में सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग कों आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए है।

लांजी तहसील के ग्राम दुल्हापुर निवासी सुमित बोरकर अंतरजातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत प्रोत्साहन राशि दिलाये जाने की मांग लेकर आए थे। सुमित का कहना था कि उसने योजना के अंतर्गत अपने सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित प्रक्रिया पूर्ण कर संबंधित विभाग मे आवेदन प्रस्तुत कर दिया था। विवाह को 1 वर्ष से अधिक समय हो चुका है मेरे परिवार में एक बच्ची भी है, परंतु अभी तक मुझे योजना के अंतर्गत प्रोत्साहन राशि प्राप्त नहीं हुई है।

इस प्रकरण में सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने कहा गया है। जनसुनवाई में बैहर क्षेत्र के भूमि स्वामी योगेश डोहरे, प्रकाश पालेवार एवं राजेश खजरे वन विभाग द्वारा उनके स्वामित्व की भूमि पर बिना सूचना के ट्रेंच लाइन एवं मुनारा निर्माण कर अतिक्रमण किये जाने की शिकायत लेकर आए थे।

आवेदकों ने बताया कि मौजा भूमि पर वन विभाग द्वारा बिना अनुमति निर्माण कार्य कराया गया था। इस संबंध में 22 अप्रैल 2025 को वन विभाग को आवेदन देकर अवगत कराया गया, किन्तु कोई कार्यवाही नहीं की गई।

**इसके बाद प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बैहर के समक्ष प्रस्तुत किया गया। राजस्व एवं वन विभाग की संयुक्त जांच के बाद अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बैहर द्वारा 23 फरवरी 2026 को वन विभाग को नक्शा सुधार किए जाने हेतु निर्देशित किया गया था, इसके बाद भी अब तक वन विभाग द्वारा उनकी भूमि से अतिक्रमण नहीं हटाया गया है।**









दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

अजय रजक गढ़ी

मो. 84353 19391




## मरीज को छोड़ लौट रही एंबुलेंस बनी आग का गोला, चालक जिंदा जला..

### कनई-खर्रा मार्ग पर तड़के दर्दनाक हादसा, पेड़ से टकराते ही धू-धू कर जली पूरी एंबुलेंस









**हर्ष पाण्डेय, जगप्रेरणा परसवाड़ा।**

बालाघाट जिले के परसवाड़ा थाना क्षेत्र में मंगलवार तड़के हुए एक भीषण सड़क हादसे ने पूरे इलाके को दहला दिया। नागपुर से मरीज को छोड़कर वापस लौट रही एक निजी एंबुलेंस ग्राम कनई और खर्रा के बीच अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई।

टक्कर इतनी भीषण थी कि एंबुलेंस पलट गई और कुछ ही क्षणों में आग का गोला बन गई। आग की भयावह लपटों में फंसकर चालक की जिंदा जलने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार निजी एंबुलेंस क्रमांक **MH 31 EM 0341** नागपुर से मरीज शिवप्रसाद को लेकर परसवाड़ा क्षेत्र के ग्राम चंदना स्थित संतरीटोला आई थी।

मरीज को रात करीब 2 बजे सुरक्षित घर छोड़ने के बाद चालक ने वहीं खाना खाकर कुछ समय विश्राम किया। अलसुबह लगभग 4 बजे वह वापस नागपुर के लिए रवाना हुआ। बताया जा रहा है कि चालक कनई-खर्रा मार्ग से नैनपुर की ओर लौट रहा था। इसी दौरान ग्राम कनई और खर्रा के बीच नाले के पास वाहन तेज रफ्तार में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े पेड़ से जा भिड़ा।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा इतना भयानक था कि टक्कर के तुरंत बाद एंबुलेंस पलट गई और उसमें आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरी एंबुलेंस धू-धू कर जलने लगी। आशंका है कि चालक के हाथ और पैर टूट जाने के चलते बाहर निकलने की कोशिश में वाहन के नीचे फंस गया, जिससे उसकी जिंदा जलकर मौत हो गई।

अलसुबह तेंदूपत्ता तोड़ने जंगल गए ग्रामीणों ने सड़क किनारे जलती हुई एंबुलेंस देखी और तत्काल परसवाड़ा पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से आग बुझाई गई। आग शांत होने तक एंबुलेंस पूरी तरह जल चुकी थी और केवल उसका ढांचा ही शेष बचा था।

पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परसवाड़ा भेजा। मृतक की पहचान माइकल अन्ना (56 वर्ष) पिता एंटोनी निवासी कौसल्या नगर, गली नंबर 16, थाना अजनी, नागपुर के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा परिजनों को सूचना दिए जाने के बाद दोपहर करीब 2 बजे मृतक की पत्नी, दो बच्चे और भांजा परसवाड़ा पहुंचे। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेजा गया, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। बताया जा रहा है कि माइकल अन्ना एक्स सर्विसमैन थे। परिजनों के अनुसार रिश्तेदारों के पहुंचने के बाद बुधवार को उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि लगातार रातभर वाहन चलाने और लंबी दूरी तय करने के कारण चालक को नींद की झपकी आ गई होगी, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराते हुए पलट गई। हालांकि पुलिस वाहन में आग लगने के कारणों की भी गहन जांच कर रही है। बालाघाट से पहुंची एफएसएल टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कनई-खर्रा मार्ग कई स्थानों पर संकरा और घुमावदार है, जिससे यहां आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से सड़क पर चेतावनी संकेतक लगाने, साइड सोल्डर भरने, स्पीड कंट्रोल व्यवस्था करने और रात्रिकालीन पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि 27 मार्च को भी बैहर-मलाजखंड मार्ग पर केवलारी के समीप इसी तरह के हादसे में वाहन में आग लगने से तीन लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई थी। लगातार सामने आ रही ऐसी घटनाओं ने सड़क सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## सिस्टम का सितम पोर्टल ने छीना किसानों का हक, कलेक्ट्रेट में गुहार लगा रहे ग्रामीण..

### एमपी में किसान कल्याण योजना पर ग्रहण, खातों को एक्टिव कराने की जंग लड़ रहा अन्नदाता..

### कागजों में उलझा कल्याण सर्वर और सत्यापन के फेर में अपात्र हुए हजारों किसान..

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***प्रदेश में मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना को लेकर इन दिनों ग्रामीण क्षेत्रों में भारी रोष देखा जा रहा है। एक ओर सरकार किसानों की आय दोगुनी करने का दावा करती है, वहीं दूसरी ओर हजारों सक्रिय Active किसानों को पोर्टल पर अचानक 'अपात्र' या 'अनएक्टिव' Inactive कर दिया गया है।***

स्थिति यह है कि किसान अपने हक की सम्मान निधि पाने के लिए खेतों को छोड़कर तहसील और कलेक्ट्रेट के चक्कर काट रहे हैं।

### तकनीकी खामी या बजट का संकट?

प्रदेश के विभिन्न जिलों से खबरें आ रही हैं कि कई वर्षों से योजना का लाभ ले रहे किसानों का स्टेटस अचानक बदल दिया गया है। सूत्रों और किसान संगठनों का आरोप है कि सरकार पर बढ़ते वित्तीय बोझ और बजट की कथित कमी के कारण सत्यापन के नाम पर बड़ी संख्या में किसानों को सूची से बाहर किया जा रहा है। हालांकि प्रशासन इसे केवल डाटा शुद्धीकरण और 'ई-केवाईसी' की प्रक्रिया बता रहा है।

### दफ्तरों के चक्कर काटते अन्नदाता

ग्रामीण इलाकों के किसान अपनी फरियाद लेकर तहसील कार्यालय और जिला भू-अभिलेख शाखा (ऋद्धष्थह्स्र ऋशथ्द्ध) पहुंच रहे हैं। किसानों का कहना है कि सक्रिय से निष्क्रिय बिना किसी पूर्व सूचना के पोर्टल पर खाता 'Inactive' दिखा रहा है। दस्तावेजों का बोझ दोबारा खसरा, आधार और बैंक पासबुक जमा करने के बाद भी पोर्टल अपडेट नहीं हो रहा है।

भ्रामक जानकारी सरकारी कर्मचारी कभी सर्वर डाउन होने का बहाना बनाते हैं तो कभी पटवारी से सत्यापन कराने की बात कहकर उन्हें गुमराह कर रहे हैं।



### बोली पीड़ित किसान निर्मला साकुरे

हम पिछले कई महीनों से तहसील के चक्कर लगा रहे हैं। कभी कहा जाता है कि आधार लिंक नहीं है, तो कभी कहते हैं कि ऊपर से ही नाम कट गया है। खेती के समय हमें दफ्तरों में खड़ा कर दिया गया है।

### प्रशासनिक पक्ष

राजस्व विभाग के अधिकारियों का तर्क है कि योजना में पारदर्शिता लाने के लिए समय-समय पर अपात्रों की छंटनी की जाती है। जिनके बैंक खातों में डीबीटी सक्रिय नहीं है या जिनके भू-अभिलेखों में विसंगति है, केवल उन्हीं के नाम रोके गए हैं।

मोहन यादव सरकार के लिए यह स्थिति चुनौती बनती जा रही है। यदि जल्द ही इन तकनीकी खामियों को दूर कर पात्र किसानों को फिर से 'एक्टिव' नहीं किया गया, तो आने वाले समय में सरकार को किसानों के बड़े विरोध का सामना करना पड़ सकता है। फिलहाल, 'डिजिटल इंडिया' का यह सपना ग्रामीण किसानों के लिए 'दफ्तरों की दौड़' बनकर रह गया है।

## भाजपा नेताओं से मुलाकात को लेकर फैलाई जा रही झूठी जानकारी, छवि खराब करने की साजिश - विधायक मधु भगत


**जगप्रेरणा परसवाड़ा।**

***परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक मधु भाऊ भगत ने सोशल मीडिया पर उनके संबंध में प्रसारित की जा रही खबरों को भ्रामक और असत्य बताते हुए इसे उनकी राजनीतिक छवि धूमिल करने का प्रयास करार दिया है। विधायक भगत ने स्पष्ट किया कि हाल के दिनों में***

कुछ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उनके भाजपा नेताओं के साथ कथित मुलाकातों को लेकर भ्रम फैलाया जा रहा है, जिसका वास्तविकता से कोई संबंध नहीं है।

विधायक मधु भगत ने कहा कि विगत दिनों सुबह के समय मेन रोड पर टहलने के दौरान उनकी मुलाकात प्रदेश के पूर्व मंत्री नरोत्तम मिश्रा से संयोगवश हुई थी। इस दौरान उन्होंने सामान्य शिष्टाचार के तहत सौजन्य भेंट कर उनका कुशलक्षेम पूछा। विधायक के अनुसार दोनों के बीच मुश्किल से दस मिनट की सामान्य बातचीत हुई, जिसके बाद वे अपने-अपने मार्ग पर आगे बढ़ गए।

उन्होंने कहा कि इस सामान्य मुलाकात को कुछ लोगों द्वारा राजनीतिक रंग देकर सोशल मीडिया पर भ्रामक तरीके से प्रस्तुत किया जा रहा है, जो पूरी तरह गलत है। विधायक भगत ने साफकिया कि इस मुलाकात का कोई राजनीतिक उद्देश्य नहीं था और न ही किसी प्रकार की गोपनीय चर्चा या बैठक हुई।



विधायक भगत ने यह भी कहा कि भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद से उनका किसी प्रकार का संपर्क, संबंध या हालिया बातचीत नहीं हुई है। इसके बावजूद सोशल मीडिया पर यह झूठा प्रचार किया जा रहा है कि उनकी कोई गोपनीय मुलाकात या बैठक हुई है, जो पूरी तरह निराधार और मनगढ़ंत है।

उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग जानबूझकर गलत तथ्यों को फैलाकर उनकी राजनीतिक छवि को नुकसान पहुंचाने का कुत्सित प्रयास कर रहे हैं। विधायक भगत ने कहा कि जनता सब समझती है और ऐसे भ्रामक प्रचार से भ्रमित होने वाली नहीं है। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी जानकारी को सोशल मीडिया पर साझा करने से पहले उसकी सत्यता की जांच अवश्य करें और अफवाहों से बचें।

### कांग्रेस और जनता का ऋणी हूँ, विकास ही मेरी प्राथमिकता

विधायक भगत ने कहा, ÷मुझे अपने जीवन में राजनीति में जो कुछ भी मिला है, वह कांग्रेस पार्टी और परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र की जनता के आशीर्वाद से मिला है। मैं दो बार कांग्रेस पार्टी से विधायक चुना गया हूँ। पहले चुनाव में हार के बाद भी कांग्रेस ने मुझ पर विश्वास जताते हुए लोकसभा चुनाव लड़ने का अवसर दिया। यह पार्टी का मेरे प्रति बड़ा विश्वास और अहसान है, जिसे मैं जीवनभर नहीं भूल सकता।÷ उन्होंने कहा कि कुछ लोग सोशल मीडिया पर भ्रामक बातें फैलाकर राजनीतिक भ्रम की स्थिति बनाने का प्रयास कर रहे हैं, जबकि उनकी राजनीतिक प्रतिबद्धता स्पष्ट है। विधायक भगत ने कहा कि उनका पूरा ध्यान वर्तमान में परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास पर केंद्रित है और वे जनता से किए गए वादों को पूरा करने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।

विधायक ने कहा कि क्षेत्र में सड़क, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई और रोजगार जैसे बुनियादी मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों को लेकर शासन-प्रशासन स्तर पर लगातार समन्वय किया जा रहा है ताकि क्षेत्र के हर गांव तक सुविधाओं का विस्तार हो सके।विधायक भगत ने कहा की विधानसभा सदन में वह सरकार को घेरने के लिए नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार के साथ कदम से कदम मिला कर विरोध प्रदर्शन में अपना योगदान देते हैं।क्षेत्र के विकास कार्यों के संबंध में सभी विधायक राज्य सरकार के मंत्रियों से मुलाकात करते हैं। उसमें नया कुछ नहीं है। विधायक भगत ने कहा कि राजनीति उनके लिए केवल पद प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि जनता की सेवा का संकल्प है। उन्होंने क्षेत्रवासियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता ने हर परिस्थिति में उन पर विश्वास जताया है और वे इस विश्वास पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। साथ ही उन्होंने लोगों से अपील की कि सोशल मीडिया पर फैलाए जा रहे भ्रामक प्रचार से सावधान रहें और सत्य तथ्यों पर विश्वास करें।

## रात्रि कालीन क्रिकेट प्रतियोगिता में अन्ना 11 के नाम हुआ जीत का खिताब

**संजना मोनू बर्वे, जगप्रेरणा उकवा।**

***खेलो की नगरी उकवा नगर जो केवल मैंगनीज की खान नहीं अपितु प्रतिभाओं की भी खान है, जहां प्रतिदिन कुछ न कुछ आयोजन होते रहते हैं, जहां पर फुटबॉल के साथ साथ अब बच्चों ओर बड़ों में क्रिकेट की दीवानगी भी देखते बनती है,***





उकवा में आयोजित यूपीएल सीजन टू का शानदार आगाज किया गया ,जिसमें साथ टीमों ने हिस्सा लिया, और अपने शानदार खेल का प्रदर्शन किया,सात दिनों तक चले इस प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला अन्ना इलेवन और रजत इलेवन के मध्य हुआ,जिसमें अन्ना इलेवन ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर जीत का खिताब अपने नाम किया,

### इनकी रही उपस्थिति

प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बैहर एसडीएम एवं आईएएस अधिकारी अर्पित गुप्ता,आदित्यनारायण तिवारी आईएएस अधिकारी ,विशाल कुमार आईएफएस अधिकारी, श्रीश प्यासी एसडीएम परसवाड़ा, आकाश शर्मा चौकी प्रभारी उकवा,आशुतोष सिंह रेंजर, जेम्स बारीक सामाजिक कार्यकर्ता एवं उपाध्यक्ष जिला फुटबॉल संघ बालाघाट, सचिन पटेल निरीक्षक, संतोष सोनी आदि अधिकारी बतौर अतिथि उपस्थित रहे।

### ये रहे टीम ऑनर

प्रतियोगिता में शामिल सात टीमों के ये ऑनर रहे अनिरुद्ध सिंह चंदेल, राजेश राहंगडाले, तपन राजा चौधरी, सुनील उईके, निलेश अग्रवाल, रजत चौकसे, अनवर खान।

### इन्होंने निभाई मेंटर की भूमिका

अन्ना इलेवन सीएस बिसेन, आहिल इलेवन हेमंत बाग, रजत इलेवन मंगेश उजगावनकर, उकवा बस्ती इलेवन मनोज अग्रवाल, रॉयल लॉ असेंबली परमानंद पारदी, थंडर बोल्ट टाइटन राजेश उमरे, अव्यान इलेवन मोनू पुसाम।

### मुख्य सहयोगी

संपूर्ण आयोजन को सफल बनाने में ललित साहू, राकेश सर्पा, देवेंद्र हनवत,ऋषि मिश्रा, कुणाल धुर्वे, विजय नायक, संदीप दीप, संदीप रौतेल, विश्वेश्वर लांजेवार, प्रदीप उरकुडे, आदि का सराहनीय योगदान रहा।

### इन्होंने निभाई एम्पायर की भूमिका

संपूर्ण प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका डांसिंग अंपायर सुजल परते, ऋषि मिश्रा, कुणाल, विश्वेश्वर ने बखूबी निभाई।

### स्कोर एवं लाइव टेलिकास्ट

प्रतियोगिता का लाइव टेलिकास्ट एवं ऑनलाइन स्कोरर की भूमिका प्रेम कोरी, शौर्य मदरे, लक्ष्य अग्रवाल ने निभाई।

### 51000 का नगद इनाम

प्रतियोगिता के फाइनल विजेता टीम अन्ना इलेवन को सभी अतिथियों द्वारा नगद 51000 इनकावन हजार एवं बहुत ही आकर्षक ट्रॉफी एवं उपविजेता रजत इलेवन को नगद इक्कीस हजार एवं चमचमाती ट्राफी प्रदान की गई,फाइनल में शांतनु पटेल ने चार गेंदे में एक सिक्स एक चौका लगा दस बनाया जिसे मेंन आफद टूर्नामेंट से नवाजा गया।

### जब अधिकारियों ने की चौके चक्कों की बरसात

फाइनल के पूर्व अधिकारी इलेवन एवं पुलिस इलेवन के मध्य एक सद्भावना मैच खेला गया जिसमें अधिकारियों ने लगातार चौके छक्के लगा सभी का दिल जीत लिया इस सद्भावना मैच में एसडीएम 11 बैहर की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर पुलिस टीम को परास्त किया।

### सफल आयोजन के लिय सभी का आभार

उम्मीद से कई गुना अधिक सफल और शानदार आयोजन के लिय मुख्य आयोजक अनिरुद्ध सिंह चंदेल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### संचालक की भूमिका

आयोजन के समापन में सुनील ऊईके एवं तपन राजा ने सफल संचालन की भूमिका अदा की।

## मुख्यमंत्री पिछडा वर्ग स्व रोजगार योजना..

### स्वयं का रोजगार लगाने के इच्छुक युवाओ से आवेदन आमंत्रित

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***मध्यप्रदेश शासन पिछडा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा पिछडा वर्ग के युवाओं के लिए मुख्यमंत्री पिछडा वर्ग स्वरोजगार योजना संचालित की जा रही है। वर्ष 2026-27 में इस योजना के अंतर्गत स्वयं का रोजगार लगाने के इच्छुक पिछडा वर्ग के युवाओ से आवेदन पत्र आमंत्रित किये गए है।***

सहायक संचालक पिछडा वर्ग एवं अल्प संख्यक कल्याण श्रीमती अंजना जैतवार ने बताया कि मुख्यमंत्री पिछडा वर्ग स्वरोजगार योजना में 18 से 55 वर्ष आयु के युवाओं को स्वयं का रोजगार लगाने के लिए ऋण दिया जाना है।

इस योजना में शैक्षणिक योग्यता का कोई बंधन नही है। आवेदक को आयकर दाता नही होना चाहिए। इस योजना के अंतर्गत 07 वर्ष की अवधि के लिए ऋण दिया जाता है। ऋण पर 03 प्रतिशत वार्षिक ब्याज अनुदान भी दिया जाता है।

सहायक संचालक श्रीमती जैतवार ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत ऋण प्राप्त करने के इच्छुक युवा समस्त पोर्टल (ह्यड्डद्बड्डह्यह्ल.द्बश्चशठ्ठद्यद्बठ्ठद्ग.द्दश1.द्बठ्ठ) के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए कार्यालय पिछडा वर्ग तथा अल्प संख्यक कल्याण, कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष क्रमांक 218 में सम्पर्क कर सकते है।


### न्यायालय तहसीलदार तहसील किरनापुर, जिला बालाघाट (म.प्र.)

रा.प्र.क.../ड-154 / वर्ष 2025-26
साकिन कोहका प.ह.न. 19
रा.नि.मं. रजेगांव तहसील किरनापुर

**।। ईश्तहार ।।**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है, कि आवेदक ललित पिता सुभाष जाति लोधी निवासी ग्राम कोहका तहसील किरनापुर जिला बालाघाट म.प्र. के द्वारा अपने दादी गिलासा पति प्रेमलाल की मृत्यु दिनांक 15/10/2015 को हुई, किन्तु जन्म / मृत्यु पंजीयन कार्यालय बगड़मारा में जानकारी के अभाव में दर्ज नहीं कराये जाने के कारण जन्म/मृत्यु के 1 वर्ष के पश्चात पंजीयन के लिए अनुमति मिलने हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।

अतः उक्त के संबंध में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को सूचित किया जाता है, कि वे निश्चित दिनांक 20/05/2026 को या तो स्वयं, किसी अभिभाषक अथवा प्रतिनिधी द्वारा उपस्थिति होकर कोई आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। नियत दिनांक के बाद प्रस्तुत आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा।

जारी दिनांकः- 05/05/2026

तहसीलद
तहसीलदार किरनापुर



### व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

**बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो। 93290 33433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।**




जग प्रेरणा
# वारासिवनी कटंगी
● कायदी ● डोंगरमाली ● रामपायली ● खैरलांजी ● तिरोड़ी ● बोनकट्टा ● महकेपार
बुधवार 20 मई 2026


दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
पिंटू गुप्ता तिरोड़ी
मो. 8770664297



## विधायक की पहल रंग लाई, जाम-अर्जुनी की समस्याओं के समाधान की दिशा में बढ़े कदम

जगप्रेरणा कटंगी।

***क्षेत्रीय विधायक गौरव सिंह पारधी की पहल पर ग्राम पंचायत जाम एवं अर्जुनी के ग्रामीणों की वर्षों पुरानी समस्याओं के समाधान की दिशा में सकारात्मक पहल शुरू हो गई है।***





मेसर्स नम्रता उपाध्याय मैंगनीज खदान प्रबंधन की ओर से ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी प्रमुख मांगों पर जल्द कार्रवाई का भरोसा दिलाया गया। शनिवार को ग्राम अर्जुनी में आयोजित बैठक के दौरान सरपंच विनोद गढ़पांडे एवं ग्रामीणों ने शिव मंदिर परिसर में रेलिंग एवं टाइल्स लगाए जाने की मांग रखी। साथ ही खदान से निकलने वाले पानी को नीम तालाब में छोड़े जाने की बात कही, जिससे तालाब में जलभराव बना रहे और क्षेत्र के भूजल स्तर में सुधार हो सके। ग्रामीणों ने बताया कि मंदिर परिसर में सुविधाओं के अभाव के कारण श्रद्धालुओं को परेशानी होती है। वहीं ग्राम पंचायत जाम के सरपँच दयाल पंद्रे , भानुप्रताप पटले उपाध्यक्ष जनपद अध्यक्ष ग्रामीणों ने कृष्ण मंदिर जाम से लखनवाड़ा मार्ग तक सीसी रोड निर्माण, कृष्ण मंदिर से करनुटोला मार्ग के मुरमीकरण तथा पंचायत की समतल भूमि पर पानी की टाकी (छोटा तालाब) निर्माण की मांग प्रमुखता से उठाई। ग्रामीणों का कहना था कि खराब सड़कों के कारण आवागमन प्रभावित होता है और बरसात के दिनों में स्थिति और गंभीर हो जाती है। मेसर्स नम्रता उपाध्याय मैंगनीज खदान की संचालक नम्रता उपाध्याय ने कहा कि सीएसआर (छ्रस्क्र) मद के अंतर्गत सभी विकास कार्यों को चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा तथा ग्रामीणों की आवश्यकताओं को प्राथमिकता दी जाएगी।पेयजल समस्याओं को दूर कर रहा प्रबंधनभीषण गर्मी को देखते हुए खदान प्रबंधन द्वारा गांवों में टैंकर के माध्यम से घर-घर पेयजल पहुंचाने की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही क्षेत्रवासियों के लिए एम्बुलेंस सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है, जिससे ग्रामीणों को राहत मिल रही है।

राहत कार्यों एवं विकास संबंधी मांगों पर गंभीरता दिखाने के लिए ग्रामीणों ने खदान प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया।विधायक ने योजनाबद्ध तरीके से शुरू की पहलउल्लेखनीय है कि सीएसआर मद को जनहित में उपयोग करने का सुझाव पहले ही विधायक गौरव सिंह पारधी द्वारा खान संचालकों एवं अधिकारियों को दिया जा चुका है। विगत दिवस तिरोड़ी में भी विधायक ने खदान संचालकों एवं माइनिंग अधिकारियों की बैठक में यह स्पष्ट किया था कि ग्रामीण स्तर पर निर्मित समस्याओं के निराकरण के लिए खदान संचालक एवं अधिकारी आगे आकर काम करेंगे। विधायक की इस पहल के सकारात्मक परिणाम निकलकर सामने आ रहे हैं। ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण के लिए गंभीरता से प्रयास किए जा रहे हैं।

## जिओ की मनमानी रीटेलर के पास प्लस अकाउंट से उड़ाए 4000 रु..

### जिओ अधिकारी और डिस्टीब्यूटर से कंपलेंट पर भी नहीं हुआ समाधान

जगप्रेरणा कटंगी।

***तिरोड़ी-जिओ कंपनी द्वारा अलग अलग क्षेत्र में एरिया के डिस्टीब्यूटर बनाए जाते है उन डिस्टीब्यूटर के माध्यम से रिचार्ज बेचने और सिम एक्टिवेशन के लिए रीटेलर बनाए जाते है और उन रीटेलर को जिओ पास प्लस ऐप डाउनलोड करवाकर जिओ पास प्लस आई डी और पासवर्ड प्रदान किया जाता है***

जिससे रीटेलर रिचार्ज बेच सके और सिम एक्टिवेशन कर सके ऐसा ही तिरोड़ी तहसील के डिस्टीब्यूटर राधे भाजीपाले द्वारा तिरोड़ी निवासी अमित जैन की पास प्लस आई डी वर्धमान मोबाइल शॉप के नाम से बनाई गई जिसका प्राइम आई डी नंबर 0660558614 है जिससे रीटेलर द्वारा रिचार्ज बेचा जाता था और सिम एक्टिवेशन किया जाता था रिचार्ज बेचने पर बैलेंस लो हो जाने पर डिस्टीब्यूटर द्वारा रिटेलर की पास प्लस आई डी में ऑटो रिफ्लि सुविधा दी गई थी जिससे जब भी बैलेंस लो हो जाने पर 5000 रु ऑटो रिफ्लि आ जाता था ऐसे ही रीटेलर को 15 मई 2025 में 5000 का ऑटो रिफ्लि क्रेडिट हुआ रिटेलर द्वारा 1000 का बैलेंस बेचा गया और दूसरे दिन जब पास प्लस आई डी लॉगिन करने की कोशिश की गई तो लॉगिन नहीं होने पर डिस्टीब्यूटर को बताया गया तब डिस्टीब्यूटर द्वारा द्वह्यद्द से संपर्क करने कहा गया।

उसके बाद भी पास प्लस लॉगिन नहीं हुआ और द्वह्यद्द द्वारा रिटेलर को बताया गया कि आपके पास अकाउंट में तो बैलेंस जीरो है और आपकी आई डी कंपनी द्वारा ब्लॉक कर दी गई है कारण पूछने पर डिस्टीब्यूटर द्वारा बताया गया कि आप जिओ के कस्टमर के नंबर पर रीचार्ज कर पोर्टिंग दूसरे ऑपरेटर में करवा रहे हो इसलिए कंपनी ने आपकी आई डी ब्लॉक कर दी है इस संबंध में रीटेलर द्वारा कंपनी के हेल्प लाइन नंबर में बात की गई वहां से समाधान नहीं होने पर जिओ अधिकारी एम एस एम गौरव बग्गा एवं जे सी एम बाली सर से भी बात की गई पर उनके द्वारा भी कहा गया कि आप द्वठ्ठश्च कर के जिओ कस्टमर को दूसरे ऑपरेटर में पोर्ट कर रहे हो इसलिए आपका बैलेंस जीरो हो गया और आई डी ब्लॉक कंपनी द्वारा की गई है जब रीटेलर द्वारा अधिकारी से कहा गया कि रिटेलर अपना बैलेंस कही भी बेचे या फ्रि जिओ कस्टमर के नंबर पर बैलेंस डालकर पोर्टीग़ कोड निकालकर कस्टमर को दूसरे ऑपरेटर में पोर्ट करवाए इसके लिए कंपनी आई डी ब्लॉक नहीं कर सकती अगर ब्लॉक करना ही है तो पहले मेल ह्यद्वह्य या कॉल करके रीटेलर को सूचित करना होता है इसके बाद जिओ अधिकारी द्वारा बैलेंस सात दिन में रिटर्न करने की बात कही गई किंतु आज तक रीटेलर का पैसा वापस नहीं आया इस संबंध में रीटेलर ने कई बार जिओ अधिकारी को कंपलेंट करने पर भी जिओ अधिकारी द्वारा इस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा। अमित जैन द्वारा अब इस मामले को उपभोक्ता फोरम में डालने की तैयारी कर रहे है।

## पुरे 15 वार्डो की सभी तरह की समस्याओ के समाधान के विषय मे कारगर साबित हो रहा जनता दरबार..

### बरसात मे जलभराव न हो सके, इस विषय मे नपा ने अधिकारीयो के साथ बनायी गयी कार्ययोजना

जगप्रेरणा वारासिवनी।

***आज, अनवरत चैथे सप्ताह मे भी नगर पालिका परिषद के जनता दरबार मे नागरिको ने अपनी व वार्डो की समस्याओ के समाधान के लिये तत्परता दिखायी। पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल व नपा अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दांदरे ने***





अधिकारीयो की टीम के साथ जनमानस की विभिन्न तरह की समस्याओ के समाधान के संदर्भ मे गंभीरता दिखाकर त्वरित मे समाधान की दिशा मे कारगर प्रयास भी किया।

जनता दरबार मे मिश्रा नगर वार्ड 1 के प्रबुद्व निवासीयो ने शिकायत पत्र मे कहा की गली नं एक की लगभग 150 मीटर कच्ची सडक को पक्की सडक मे परिवर्तीत कराने का कार्य प्राथमिकता के साथ होना चाहिये। इसी तरह मवेशी बाजार के ठेकेदार की पूरी टीम को बुलवाकर अधिक टेक्स राशी लेने की शिकायत पर हिदायत देकर उनकी समस्याओ की ओर भी ध्यान दिया गया।

इसी तरह वार्ड सात लालबर्रा रोड के निवासी विजय सिंह बिसेन, विक्की दलवानी,जगदीश सावलानी, संजय सहजवानी आदि ने शिकायत मे बताया की उनके वार्ड मे बरसात का पानी 12 फीट के नाले से होकर आगे की ओर निकल जाता था। किंतू अब यह नाला ही गुम हो गया है। अगर बरसात के पूर्व इस समस्या का समाधान नही किया गया तो जलभराव की स्थिती का पुन सामना करना पडेगा। और वार्डो के घरो के भीतर पानी का फ्रि से आने का सिलसिला शुरू हो जायेगा। इस समस्या के समाधान के लिये नाले की तलाशी के विषय मे नपा के रिकार्ड व राजस्व विभाग तक जाकर समाधान के कदम भी बढा दिये गये है।

आज सबसे ज्यादा शिकायते बरसात को देखते हुये वार्डो मे नाली की सफाई और नाली निर्माण के विषय मे आयी। जिसमे विजय सिंह बिसेन ने बताया की एमपीआरडीसी की बनी हुयी नाली उनके घर के पास से हनीकुंभ की तरह है। यह नाली क्वालिटी की नही होने के कारण सीपेज होने से उनके घर के दोनो कुंओ का पानी जंहा खराब हो गया है।

वही घर मे शीत का प्रकोप भी बना रहता है। सुत्रो के अनुसार नगर मे अनेको जगह बनी एमपीआरडीसी की नाली मे इसी तरह की समस्या आने पर नपा परिषद ने इस विषय को बेहद गंभीरता से लिया है।

जनता दरबार मे आज सागर राठौर सहित अनेको निवासीयो ने अपने घरो के उपर से जाने वाले बिजली के तार व खंबे शिफ्टींग करने की मांग भी की। जिस पर तत्काल विधूत विभाग के संबधित ठेकेदार को बुलाने के निर्देश भी जारी किये गये। आज जनता दरबार मे मुख्य नपा अधिकारी सूर्यप्रकाश उके, उपयंत्री सुमीत मोटवानी, वंशिका चैहान आदि के साथ पार्षदो मे सर्वश्री संदीप मिश्रा, धर्मू जोशी, मोनू लिमजे, प्रवीण डोंगरे, प्रतिनिधी समीर बिसेन, मनोज दांदरे आदि सक्रिय भी नजर आये।

## कृषि विभाग की ऑनलाइन ट्रेनिंगः कस्टम हायरिंग सेंटरों को किसानों की मदद और व्यवसाय विस्तार के दिए गए टिप्स

जगप्रेरणा बालाघाट।

***खरीफसीजन की तैयारियों के तहत कृषि विभाग द्वारा जिले के कस्टम हायरिंग सेंटर संचालकों को आधुनिक खेती एवं व्यवसाय प्रबंधन से संबंधित ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया जा रहा है।***



मंगलवार को आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में उप संचालक कृषि फूलसिंह मालवीय ने किसानों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने तथा कृषि यंत्रीकरण को बढ़ावा देने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

ऑनलाइन प्रशिक्षण के दौरान कस्टम हायरिंग सेंटर संचालकों को बताया गया कि वे किसानों तक आधुनिक कृषि यंत्रों की सुविधा समय पर पहुंचाकर उनकी खेती की लागत कम करने और उत्पादन बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। किसानों को कृषि यंत्र किराये पर उपलब्ध कराने, तकनीकी जानकारी देने तथा खेती से जुड़ी समस्याओं के समाधान में सक्रिय सहयोग करने के निर्देश दिए गए।

प्रशिक्षण में व्यवसाय विस्तार के विभिन्न पहलुओं पर भी चर्चा की गई। उप संचालक कृषि श्री मालवीय ने कहा कि कस्टम हायरिंग सेंटर संचालक बेहतर प्रबंधन, समय पर सेवा, आधुनिक मशीनों की उपलब्धता तथा किसानों से सतत संपर्क बनाकर अपने व्यवसाय को आगे बढ़ा सकते हैं। उन्होंने डिजिटल माध्यमों एवं तकनीकी प्लेटफॉर्म का उपयोग कर अधिक किसानों तक पहुंच बनाने की सलाह दी।

कार्यक्रम में खरीफ सीजन के दौरान डायरेक्ट सीडेड राइस (छ्रस्क्र) तकनीक को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों ने निर्देश दिए कि जिले में धान के अधिक से अधिक रकबे में सुपर सीडर मशीन के माध्यम से बुवाई कराई जाए। बताया गया कि डीएसआर तकनीक से पानी की बचत, श्रम लागत में कमी तथा समय पर बोनी संभव हो पाती है, जिससे किसानों को आर्थिक लाभ मिलता है।

उप संचालक कृषि ने कहा कि कृषि विभाग किसानों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक खेती से जोडने् के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। कस्टम हायरिंग सेंटर इस अभियान की महत्वपूर्ण कड़ी हैं, जो किसानों तक नई तकनीकों और आधुनिक कृषि यंत्रों को पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। ऑनलाइन प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न विकासखंडों के कस्टम हायरिंग सेंटर संचालक एवं कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए।

## प्रतिभाशाली छात्र मयंक के नासा फ्री एजुकेशन टूर की सफलता पर प्रदीप जायसवाल ने किया सम्मान

### अब इसरो में भविष्य संवारने की दिशा में कडी मेहनत के दिखाये संकेत

जगप्रेरणा वारासिवनी।

***इंटरनेशनल स्पेस साइंस कॉम्पिटिशन 2026 में सम्मिलित होकर आल इंडिया प्रथम रैंक हासिल कर फ्री नासा एजुकेशन टूर हासिल करने वाले छात्र मयंक मात्रे का आज प्रदीप जायसवाल पूर्व मंर्त्री ने भाजपा कार्यालय में सम्मान किया।***





शाल श्रीफ्ल से संम्मान के साथ स्मार्ट वॉच को पाकर प्रतिभाशाली सांदीपनि विधालय के कक्षा 12 वी के छात्र के चेहरे पर प्रसन्नता भी देखी गयी।

सवालों के जवाब में भाई मयंक ने बताया की अमेरिका जाकर नासा का अध्ययन करना एक नया अनुभव साबित होंगा। उसकी सफ्लता में शिक्षकों का विशेष योगदान रहा है। अब उसका प्रयास भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ( इसरो ) में मेहनत के साथ कैरियर के रूप में भविष्य संवारना है।

एक सवाल मे उन्होने कहा की प्रथम परिक्षा मे उसे पांचवी रैंक हासिल हुयी थी। वही द्वितीय परिक्षा मे 15 मई 2026 मे सम्मिलीत होने पर प्रथम रैंक के साथ फ्री नासा एजूकेशन टूर प्राप्त किया है। इस सफ्लता मे माता पिता, समाज, शिक्षक व विधालय का समान रूप से योगदान भी रहा है। गौरतलब है की अब छात्र मयंक ने सम्मानित होने के बाद गुड्डा भैया से वादा किया है की नासा फ्री टूर के बाद इसरो में भविष्य संवारने की दिशा में उसके द्वारा कडी मेहनत अवश्य की जायेगी।

आज गुड्डा भैया ने होनहार छात्र मयंक के साथ उसके पापा योगेंद्र मात्रे, दादा भूरेलाल मात्रे का भी शाल श्रीफ्ल से सम्मान कर उन्हें हर्षित कर दिया। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज दादरे,अमित एरपुड़े,पार्षद मोनु लिमजे,अनीश मिश्रा आदि उपस्थित भी रहे।

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करें।। मो। 9329033433




## रेत नहीं मिल पाने से प्रधानमंत्री आवास के हितग्राही हो रहे परेशान, विकास कार्य भी प्रभावित

### नगर पालिका अध्यक्ष सरिता मनोज दादरें ने समस्या समाधान हेतु लिखा कलेक्टर बालाघाट को पत्र



**जगप्रेरणा वारासिवनी।**

नगर पालिका परिषद वारासिवनी क्षेत्र में विगत कई दिनों से रेत उपलब्ध नहीं होने के कारण प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों सहित विभिन्न शासकीय निर्माण एवं विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। रेत की कमी के चलते निर्माण कार्यों में लगातार बाधा उत्पन्न हो रही है। आगामी समय में मानसून आने की संभावना के दृष्टिगत जिससे आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दादरे ने इस गंभीर समस्या को लेकर कलेक्टर जिला बालाघाट को पत्र लिखकर तत्काल रेत उपलब्ध कराए जाने की मांग की है। अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दादरे ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत स्वीकृत मकानों का निर्माण कार्य रेत नहीं मिल पाने से रुकने की स्थिति में पहुंच गया है। जून में मानसून आ जाएगा, जिससे बारिश में फ्रि रेत नहीं मिल पाएगी और जनता को आवास निर्माण में असुविधा होगी। जिससे हितग्राहियों में चिंता एवं असंतोष का वातावरण निर्मित हो रहा है। इसके अतिरिक्त नगर क्षेत्र में संचालित विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्य जैसे मुख्यमंत्री अधोसंरचना स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत लिगेसी वेस्ट जल भराव क्षेत्रों में वर्षा जल निकासी हेतु वर्षा पूर्व आर सी सी नाली निर्माण सीसी रोड, निर्माण कार्य एवं अन्य अधोसंरचना संबंधी कार्य भी रेत की अनुपलब्धता के कारण प्रभावित हो रहे हैं। अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दादरे ने जिला प्रशासन से मांग की है कि आम जनहित एवं विकास कार्यों को ध्यान में रखते हुए शीघ्र आवश्यक कार्यवाही कर रेत की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए,।ताकि प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों सहित समस्त निर्माण कार्य पुनः सुचारू रूप से प्रारंभ हो सके।





दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

संजय टेंभरे लांजी

मो. 7697505999

जग प्रेरणा

लांजी किरनापुर

● हिर्री ● भानेगांव ● मोहझरी ● बोलेगांव ● बहेला ● रिसेवाड़ा ● कारंजा ● साडरा

विज्ञापन आमंत्रित है..

संपर्क - 9329033433

# उदघाटन के 4 महीने बाद भी नहीं खुले 'जनपद पंचायत किरनापुर' के व्यावसायिक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के ताले

## जनता परेशान..






**जगप्रेरणा किरनापुर।**

शासन की योजनाओं और लाखों की लागत से तैयार बुनियादी ढांचों का समय पर जनता को लाभ न मिलना अब एक आम बात होती जा रही है। ऐसा ही एक ताजा मामला जनपद पंचायत किरनापुर से सामने आया है,

जहाँ नवनिर्मित व्यावसायिक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का भव्य लोकार्पण होने के चार महीने बाद भी इसमें ताले लटके हुए हैं।

### मंत्रियों और जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में हुआ था लोकार्पण..

उल्लेखनीय है कि इस व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स का लोकार्पण ग्रामीण विकास विभाग एवं श्रम विभाग के मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के मुख्य आतिथ्य में बेहद धूमधाम से किया गया था। इस गरिमामयी कार्यक्रम में क्षेत्र के सांसद महोदया और विधायक महोदय सहित कई वरिष्ठ जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे। बड़े-बड़े दावों और वादों के बीच जनता को उम्मीद थी कि इस कॉम्प्लेक्स के शुरू होने से क्षेत्र के व्यापार को गति मिलेगी और स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे।

### 4 महीने बीते, पर व्यवस्था जस की तस..

लोकार्पण समारोह की चकाचौंध गायब हुए आज चार महीने से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। कॉम्प्लेक्स के शटर आज भी बंद हैं। स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों का कहना है कि यदि लोकार्पण के बाद भी दुकानों को आवंटित नहीं करना था, तो इतनी जल्दबाजी में उद्घाटन करने का क्या औचित्य था?

### स्थानीय व्यापारियों की चिंता..

'लंबे समय से बंद रहने के कारण व प्रशासनिक उदासीनता के कारण सरकारी संपत्ति का सही उपयोग नहीं हो पा रहा है। मांग करते हैं कि दुकानों की आवंटन प्रक्रिया को तुरंत पारदर्शी तरीके से शुरू किया जाए।'

### प्रशासन की कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवाल..

इस मामले ने स्थानीय प्रशासन और जनपद पंचायत की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जनता के टैक्स के पैसे से बनी इस इमारत का लाभ आखिर कब मिलेगा? क्यावीआईपी संस्कृति सिर्फ फीता काटने तक सीमित है? क्षेत्र की जनता अब इस बात का इंतजार कर रही है कि कब यह शॉपिंग कॉम्प्लेक्स खुलेगा और कब किरनापुर के व्यापारिक विकास को नई उड़ान मिलेगी।

### मौखिक चर्चा के दौरान जानकारी

जनपद पंचायत किरनापुर की सामान्य सभा बैठक में जनपद सदस्यों द्वारा शॉपिंग कांप्लेक्स के कमरों के आवंटन संबंधी मुद्दा उठाया था जिसमें कई वर्षों से संचालित छोटे पान गुमठी चाय वालों को हटाया गया था और उस स्थान पर नवनिर्मित शॉपिंग कंपलेक्स का निर्माण किया गया है ऐसी स्थिति में जनपद सदस्यों ने यह मांग रखी थी कि छोटे व्यवसायियों चाय गुमठी वालो को कमरे नीलामी आवंटन प्रक्रिया में राहत दी जाए किंतु लोकार्पण के चार महा बीत जाने के बाद भी कमरों में ताले लटके हैं।

# आरोह 2026 खेल शिविर का जिला खेल अधिकारी ने किया औचक निरीक्षण..

## खिलाड़ियों को किया प्रोत्साहित..





**जगप्रेरणा लांजी।**

***खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित 'आरोह 2026' ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के अंतर्गत विकासखंड लांजी में रानी अवंती बाई खेल परिसर***

एवं शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय खेल मैदान में निरंतर वॉलीबॉल, कबड्डी एवं एथलेटिक्स प्रशिक्षण का आयोजन उत्साहपूर्वक संचालित किया जा रहा है। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के खिलाड़ी सहभागिता कर खेल प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इसी क्रम में गत दिवस जिला खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण विभाग श्री राहुल बारेसा द्वारा विकासखंड लांजी में संचालित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिविर में संचालित विभिन्न खेल गतिविधियों, प्रशिक्षण व्यवस्थाओं एवं खिलाड़ियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का बारीकी से अवलोकन किया।

जिला खेल अधिकारी श्री बारेसा ने खिलाड़ियों से आत्मीय संवाद करते हुए उनके अनुभव एवं सुझाव सुने तथा प्रशिक्षण के दौरान आने वाली समस्याओं के समाधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य जिले एवं विकासखंड स्तर के युवाओं तथा विद्यार्थियों में खेल कौशल, शारीरिक फिटनेस एवं व्यक्तित्व विकास को बढ़ावा देना है। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल केवल शारीरिक मजबूती का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं आत्मविश्वास विकसित करने का सशक्त जरिया भी है। साथ ही युवाओं को नशे से दूर रहने, मोबाइल फोन के अत्यधिक उपयोग से बचने तथा सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

उन्होंने यह भी बताया कि 'आरोह 2026' समर कैंप ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों की प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को अपनी प्रतिभा निखारने का उत्कृष्ट मंच प्रदान कर रहा है। अधिक से अधिक युवाओं को खेलों से जुड़कर स्वयं को स्वस्थ एवं अनुशासित बनाने के साथ-साथ समाज में सकारात्मक वातावरण निर्माण में सहभागी बनने का संदेश दिया गया। विकासखंड युवा समन्वयक लांजी प्रज्ञात वासनिक ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में प्रतिदिन खिलाड़ियों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

खिलाड़ी प्रातः 5:30 बजे से 8:00 बजे तक एवं सायं 5:00 बजे से 8:00 बजे तक नियमित रूप से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। साथ ही खिलाड़ियों को सुबह के समय अंकुरित अनाज भी वितरित किया जा रहा है, जिससे उनके स्वास्थ्य एवं पोषण का विशेष ध्यान रखा जा सके। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से जिला खेल अधिकारी राहुल बारेसा, विधायक जिला पंचायत विधायक प्रतिनिधि गौरव बैस, विकासखंड समन्वयक लांजी प्रज्ञात वासनिक, विकासखंड समन्वयक बालाघाट लव पटेल नगपुरे, खेल प्रशिक्षक नवीन मात्रे, भगवन्ती खान सहित सभी वरिष्ठ खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# एन. सी. सी. के संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर-97 में कैडेट्स को दिया गया नाभिकीय विद्युत ऊर्जा संयंत्र का ज्ञान..







**जगप्रेरणा बालाघाट (गोंगलई)।**

***6 म.प्र. बटालियन एन.सी.सी. बालाघाट के तत्वावधान में आयोजित दस दिवसीय 97वें संयुक्त वार्षिक एन.सी.सी. प्रशिक्षण शिविर में कैडेट्स को सैन्य प्रशिक्षण के साथ-साथ***

वैज्ञानिक एवं तकनीकी विषयों की महत्वपूर्ण जानकारी भी प्रदान की जा रही है। शिविर के दौरान प्रतिदिन प्रातःकाल कैडेट्स को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रखने के उद्देश्य से पीटी एवं योगाभ्यास कराया गया। इसके पश्चात एन.सी.सी. के प्रमुख अंग ड्रिल का अभ्यास एवं नियमित एन.सी.सी. कक्षाओं का संचालन किया गया।

शिविर में जिन कैडेट्स को आगामी दिवस फायरिंग प्रशिक्षण में सम्मिलित होना है, उन्हें शस्त्र संचालन एवं फायरिंग का प्रारंभिक प्रशिक्षण भी दिया गया। प्रशिक्षकों द्वारा हथियारों के सुरक्षित उपयोग एवं अनुशासन संबंधी आवश्यक जानकारियां साझा की गईं। सायंकालीन सत्र में विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें चुटका गांव, मंडला स्थित नाभिकीय विद्युत ऊर्जा संयंत्र (न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड) की टीम ने कैडेट्स को परमाणु ऊर्जा से विद्युत उत्पादन की प्रक्रिया की जानकारी दी। इस अवसर पर वरिष्ठ वैज्ञानिक केपी शर्मा एवं अभिषेक सिंह राजपूत ने परमाणु ऊर्जा संयंत्र की कार्यप्रणाली, सुरक्षा व्यवस्था एवं ऊर्जा उत्पादन की तकनीकी प्रक्रियाओं को मॉडल के माध्यम से विस्तारपूर्वक समझाया।

विशेषज्ञों ने कैडेट्स को न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफइंडिया लिमिटेड में करियर की संभावनाओं से भी अवगत कराया तथा गेट परीक्षा के माध्यम से कार्यकारी प्रशिक्षुओं की भर्ती प्रक्रिया की जानकारी देकर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। व्याख्यान के दौरान कैडेट्स ने परमाणु ऊर्जा विषय में विशेष रुचि दिखाई तथा अपने प्रश्न पूछकर जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया।

इसके उपरांत खेलकूद गतिविधियों का आयोजन किया गया। कैम्प एडजुटेंट मेजर हेमंत कुमार मंडाले एवं लेफ्टिनेंट गजानन कटरे सहित अन्य एन.सी.सी. अधिकारियों की उपस्थिति में वालीबॉल एवं रस्साकसी प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। वालीबॉल मुकाबला ब्रेवो एवं चार्ली कंपनी के मध्य तथा रस्साकसी प्रतियोगिता अल्फा एवं ब्रेवो कंपनी के बीच संपन्न हुई। खेल गतिविधियों के संचालन में हवलदार रामदेव, नायक विनय कुमार एवं अन्य पीआई स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।

# सांसद भारती पारधी की पहल से लांजी क्षेत्र को करोड़ों की विकास सौगात..



**जगप्रेरणा लांजी।**

***बालाघाट-सिवनी संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले लांजी विकासखंड के लिए विकास की नई इबारत लिखी जाने जा रही है।***

क्षेत्रीय सांसद भारती पारधी की अनुशंसा पर 'आर. सी. पी. एल. डब्ल्यू. ई. ए.' योजना अंतर्गत करोड़ों रुपये की लागत से अनेक विकास कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है। इन कार्यों में ग्रामीण संपर्क मार्ग, पुलिया निर्माण, सभामंच, पंचायत भवन, स्कूल बाउंड्रीवाल तथा नाली निर्माण जैसे जनसुविधा से जुड़े महत्वपूर्ण प्रकल्प शामिल हैं।

ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग क्रमांक-02 बालाघाट द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार लांजी तहसील के सुदूर एवं संवेदनशील ग्रामों में आधारभूत संरचनाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से त्वरित कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर स्थल निरीक्षण कर प्राक्लन एवं आवश्यक प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि निर्माण कार्यों की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ हो सके।

### ग्रामीण अंचलों में सड़कों का विस्तार, आवागमन होगा आसान..

क्षेत्र के कई गांवों में वर्षों से सड़क सुविधा की मांग उठ रही थी, जिसे अब स्वीकृति मिल गई है। ग्राम कलपाथरी में बाजारटोला सभा मंच से रमपुरा नाले तक सीमेंट कंक्रीट सड़क बनाई जाएगी। घोटी घुसमारा में लांजी-गोंदिया प्रगति हाईवे से गांव तक पक्के मार्ग का निर्माण होगा, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में राहत मिलेगी।

झिंगुटोला (पाथरगांव) में मुख्य नहर से कुम्हारी खुर्द पहुंच मार्ग तक सीसी रोड निर्माण स्वीकृत हुआ है। लाड़सा में पीडब्ल्यूडी सड़क से बड़ादेव मार्ग तक सड़क एवं पुलिया निर्माण किया जाएगा। सांवरी, अमेड़ा, देवगांव और बिंझलगांव में भी सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्यों को मंजूरी दी गई है।

### पुलिया और डेम निर्माण से दूर होगी बरसाती समस्या..

बरसात के दौरान संपर्क टूटने की समस्या से जूझ रहे ग्रामीण क्षेत्रों के लिए पुलिया और जल संरचना निर्माण को प्राथमिकता दी गई है। घोटी घुसमारा में दो स्थानों पर पक्की पुलियाओं का निर्माण होगा। लाड़सा-मुंडीपार्क मार्ग पर बड़ी बाघ नदी पर पुलिया निर्माण से क्षेत्र का संपर्क वर्षभर बना रहेगा। वहीं किरनापुर-लांजी सीमा अंतर्गत अकोला क्षेत्र में गाडवी नाला पर डेम सह पुलिया निर्माण प्रस्तावित किया गया है, जिससे जल संरक्षण और आवागमन दोनों को लाभ मिलेगा।

### सभामंच और पंचायत भवनों से ग्रामीण सुविधाओं को मिलेगा विस्तार..

ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक, सांस्कृतिक एवं मांगलिक गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए कई स्थानों पर नवीन सभामंच स्वीकृत किए गए हैं। लांजी मुख्यालय के राजा भोज चौक रोड पर आधुनिक सभामंच का निर्माण होगा। केरेगांव, बड़गांव, मोहगांव कलां, उमरी और भानेगांव सहित विभिन्न ग्रामों में भी नए सभामंच बनाए जाएंगे। भानेगांव स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में सभामंच के साथ गोदाम निर्माण भी प्रस्तावित है। इसके अलावा देवगांव एवं पाथरगांव में नवीन ग्राम पंचायत भवनों का निर्माण किया जाएगा, जिससे ग्रामीण प्रशासनिक व्यवस्थाओं को मजबूती मिलेगी।

### शिक्षा और सुरक्षा को प्राथमिकता..

विद्यालय परिसरों की सुरक्षा और सौंदर्यीकरण के लिए भी विशेष कार्य स्वीकृत हुए हैं। केरेगांव की कन्या शाला तथा पाथरगांव के माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में मजबूत बाउंड्रीवाल बनाई जाएगी। इसी प्रकार पौसेरा के फुन्दरईटोला प्राथमिक शाला और बम्हनवाड़ा के प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में भी लंबी बाउंड्रीवाल निर्माण की मंजूरी दी गई है, जिससे छात्र-छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो सकेगी।

### अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश..

ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग द्वारा उपसंभाग लांजी के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि सभी प्रस्तावित स्थलों का शीघ्र निरीक्षण कर विस्तृत प्राकलन तैयार किया जाए। विभागीय स्तर पर टेंडर प्रक्रिया में तेजी लाकर निर्माण कार्यों को जल्द धरातल पर उतारने की तैयारी की जा रही है।

### ग्रामीणों में खुशी की लहर, जताया आभार..

एक साथ बड़ी संख्या में विकास कार्यों की स्वीकृति मिलने से लांजी क्षेत्र के ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों में उत्साह का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि इन निर्माण कार्यों से वर्षों पुरानी मूलभूत समस्याओं का समाधान होगा तथा सुदूर गांवों में विकास की नई तस्वीर दिखाई देगी। क्षेत्रवासियों ने सांसद भारती पारधी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई है कि इन योजनाओं के पूर्ण होने से लांजी क्षेत्र विकास की नई दिशा में आगे बढ़ेगा।

# लांजी की ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण की पहल, पुरातत्व विशेषज्ञों ने किया निरीक्षण..






**जगप्रेरणा लांजी।**

***इतिहास की खोज में जुटे पुरातत्व विशेषज्ञों ने लांजी क्षेत्र की धरोहरों को नई पहचान दिलाने की बड़ी पहल की है। इतिहास एवं पुरातत्व शोध संस्थान संग्रहालय***

बालाघाट के संग्रहाध्यक्ष डॉ. वीरेन्द्र सिंह गहरवार के नेतृत्व में मंगलवार 19 मई को सुबह 6 बजे से दोपहर 3 बजे तक लांजी के ऐतिहासिक स्थलों का अचानक निरीक्षण किया गया। टीम ने कोटेश्वर महादेव मंदिर, लांजी किला, काली मंदिर और लंजकाई मंदिर समेत पूरे क्षेत्र के बिखरे पुरातात्विक अवशेषों को करीब से देखा।

टीम ने मंदिर परिसर में बिखरे खंडित भग्नावशेषों को देखते हुए तुरंत जीर्णोद्धार कराने और पूरे इलाके को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव तैयार किया है। लांजी किले के अंदर बने पुरातत्व संग्रहालय में रखी प्रतिमाओं को पीलर पर व्यवस्थित ढंग से स्थापित करने, उनके नाम और काल निर्धारित करने का फैसला लिया गया डॉ. वीरेन्द्र सिंह गहरवार ने कहा कि लांजी-किरनापुर क्षेत्र में बिखरे पड़े पुरातात्विक अवशेषों का संरक्षण-पंजीयन किया जाएगा।

जिन प्रतिमाओं को स्थानीय स्तर पर व्यवस्थित नहीं रखा जा सकता, उन्हें बालाघाट पुरातत्व संग्रहालय पहुंचाया जाएगा। निरीक्षण के दौरान डॉ. रामविजय शर्मा, से.नि. तहसीलदार, राजेन्द्र कुमार ब्रम्हे इतिहासकार, से.नि. भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण नागपुर, दिनेश कुमार नेमा समाजविद्, उमेश सैय्याम, विजय कुमार, हिरेश वाग सहित अन्य स्थानीय गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

यह निरीक्षण लांजी की ऐतिहासिक धरोहर को संरक्षित करने और भविष्य में पर्यटकों को आकर्षित करने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।

# ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय जबलपुर में चयनित हुईं अस्मिता ठावरे..



**जगप्रेरणा लांजी।**

एडवेंचर इंग्लिश पब्लिक स्कूल भानेगांव में अध्ययनरत छात्रा अस्मिता ठावरे का कक्षा छठवीं में प्रतिष्ठित ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय शारदा नगर रांझी, जबलपुर में चयन होने पर क्षेत्र में हर्ष का वातावरण निर्मित हो गया है। छात्रा ने अप्रैल माह में आयोजित प्रवेश परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए यह उपलब्धि हासिल की है। जानकारी के अनुसार, 19 अप्रैल 2026 को बालाघाट परीक्षा केंद्र में आयोजित प्रवेश परीक्षा में जिले भर से अनेक छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए थे। यह परीक्षा विशेष रूप से कक्षा 5वीं के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की जाती है, जिसके माध्यम से चयनित विद्यार्थियों को कक्षा 6वीं में प्रवेश प्रदान किया जाता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस प्रवेश प्रक्रिया में अनुसूचित जाति वर्ग हेतु 70 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति वर्ग हेतु 20 प्रतिशत तथा अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु 10 प्रतिशत सीटों का प्रावधान रखा गया था। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच अस्मिता ठावरे ने सफलता अर्जित कर अपने माता-पिता एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। किरनापुर विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पारडी निवासी अस्मिता ठावरे, पिता दीपक ठावरे एवं माता अनामिका ठावरे की सुपुत्री हैं। वे वर्तमान में एडवेंचर इंग्लिश पब्लिक स्कूल भानेगांव में अध्ययनरत थीं। छात्रा की इस सफलता पर परिवारजनों, शिक्षकों एवं ग्रामवासियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। क्षेत्र के शिक्षाविदों का कहना है कि ग्रामीण अंचल से निकलकर इस प्रकार की उपलब्धियां अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनती हैं। छात्रा की मेहनत, लगन एवं परिवार के सहयोग का ही परिणाम है कि उसने प्रतिष्ठित आवासीय विद्यालय में स्थान प्राप्त किया।

लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सोमग्रीयां आमंत्रित है..
Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 93290-33433

जग प्रेरणा

# साहित्य / अभिव्यक्ति

● संपादकीय ● लेख ● कविता ● व्यंग्य ● राजनीतिक टिप्पणी ● धार्मिक लेख ● सामाजिक लेख





दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..
एकता आशीष वर्मा
मो. 94070 33433

## पूर्वज..

जो हैं मेरे जीवन का मूल आधार।
पूर्वजों को मेरे बारम्बार नमस्कार।।

बिताया था कभी खूबसूरत पल जिनके संग,
उनको मिले सद्गति, शांति ना हो भंग।
इसलिए चलों करें पूर्वजों का तर्पण,
श्रद्धा,भाव,पूजन सब अर्पण।।

दी थी कभी अनुभव की सीख हमें,
उनकी नसीहतों को हम रखेंगे थामे।
इस प्रकार प्रण हमें हैं करना,
अटल एवं अडिग है रहना।

सुख, समृद्धि देंगे हमें,
रखेंगे ख्याल,
पूर्वजों के आशीर्वाद से
हम होंगे निहाल।
करना है सच्चे हृदय से इन्हें प्रेम,
जिससे मिले हमारे पूर्वजों को चैन।।

व्यक्त कैसे करें हम इनका आभार,
इनके हम पर हैं कितने उपकार।
इनके बिना हम हैं निराधार,
इन्हीं से हैं हमारे जीवन का सार।

लेखिका



श्रीमती ऋचा देशमुख

## तुम्हें जानने की इच्छा..

तुम्हें जानने की
इच्छा, मुझ में है।
मुझे जानने की इच्छा,
तुम में है।
फिर विलंबिता,
क्यों है 'यमुनेश्वरी'।
जिज्ञासा जब दोनों
के, मन में है।



वल्लभ यमुनेश्वरी नैनपुर

## अस्पताल में टुटती..

अस्पताल में टुटती
आक्सीजन को तरसती
सांसें कुछ पुछ रही है,

श्मशान में जलती
गंगा नदी मे तैरती
लाशें कुछ पुछ रही है।

आधुनिक भारत का
कैसा ये प्रभाव है,
कहीं दवा
कहीं इलाज का अभाव है।
अच्छे दिन आम जनता पर
बन आये आफत है,
कहीं किसान आत्महत्याएं
कहीं जवानों
की शहादत है।
रोज टुटती हुई यें
आसें कुछ पुछ रही है।।
श्मशान में..

कहीं दवाओं की
कालाबाजारी है,
कहीं अस्पतालों में
फीस भारी है।
सरकार के संरक्षण में
लुट बेखौफजारी है।
फ्री का नाटक है
पैसा लग रहा हर चीज़ का,
अस्पताल में जाते ही
सौदा होता है मरीज़ का।

पापा के हाल पर बेटी
मां से कुछ पुछ रही है,
श्मशान में जलती
गंगा नदी में तैरती
लाशें कुछ पुछ रही है।।

कैसा ये विनाश है
नाम रखा विकास है,
सिर्फबड़ों को लाभ है
बाकी सबका सत्यानाश है।
ये कैसी तुम्हारी
चौकीदारी है,
कहीं लुट कहीं दंगा
कहीं बलात्कार जारी है।
रोज टुटती जनता की
ख्वाहिशें कुछ पुछ रही है,
श्मशान में जलती
गंगा नदी में तैरती
लाशें कुछ पुछ रही है।।

लेखक



संजय अश्क
पुलपुट्टा, बालाघाट

## प्यासी चिड़िया..



सुबह-सुबह एक चिड़िया आयी
प्यास भरी मेरे आँगन में,
मानो कह रही हो मुझसे थोड़ा पानी
रख दिया करो अपने प्रांगण में।

बड़ी उम्मीद लेकर आयी हूँ
की दो बूंद पानी मिल जाए,
प्यास बुझ जाए मेरी
और तबियत भी खिल जाये।

सारा मोहल्ला छान आयी हूँ
मगर कही एक बून्द पानी न मिला,
कोई तो हो ऐसा शख्स
जो कर दें मेरा हलक गिला।

इस जेठ की तपती धूप में
मैं तुमसे आस लगाए बैठी हूँ,
तुम रख सको पानी से भरा प्याला
मैं ऐसा कयास लगाए बैठी हूँ।

मुझे पता है तुमने
'पंछी बचाओ अभियान'
पर बड़ी- बड़ी नसीहते दी है,
लेकिन क्या कभी दिल से किसी
पंछी को बचाने की कोशिश की है ?

अब तो लुप्त होने के कगार
पर हूँ मैं और मेरी प्रजातियां,
तुम मेरे नाम पर सिर्फबातें कर
सकते हो यह तुमने दिखा दिया।


वो उड़ते हुए बोली.. रहने दो कोई दम
नहीं है तुम्हारी बात में,
मुझे ही प्रयास करना पड़ेगा अब
इस भरी कायनात में।

अकील आर्ट
सालेकसा

## तू इजाजत दे तो क्या..

तू इजाजत दे तो क्या
एक तुझ से वास्ता रख दूं.
तुझसे जन्मों जन्मों का, रिश्ता लिख दू!
सुबह रोज नई किरण एक नई उम्मीद
और अनुभूति होती है मन में,
वक्त रुक जाता थम जाता,
जज्बातों से मन में!
तुम इजाजत दो तो इन जज्बातो से,
एक वास्ता लिख दू!
हर पल कुछ सुबह की किरण से
एक अनुभूति का एहसास रखती हूँ,
इसन नये एहसास से खुद को बदलने का,
एक हुनर रखती हूं,
दिल में तेरी इज्जत खुद से ज्यादा रखती हूं!
तुम कहो तो इस एक
हुनर से तुझे वास्ता लिख दूं,
खुद को एक दरिया या
बहती सरिता लिख दूं!
इस सरिता के तूफान से कल
कल की आवाज़ आती है,
कभी शांत कभी तेज घाट घाट घूम फिर आती है!
चांदी की परछाई सी उसके लहरों में दिखती है
जब सूरज की किरने उस पर पड़ती हैं!
उस किरन से क्या एक वास्ता रख लूं
तू कहे तो उस
पर पैगाम लिख दूं!
उस पैगाम को पढ़
मन मे आती है धुन
हां मन को भाती
उसके गीतों की धुन.
सपनों की ललकार
उसकी लहरों की गूंज
उस गूंज से क्या तुझे जोड़ दूं,
तू कहे तो क्या तुझे एक
वास्ता जोड़ दूं,
और ना कहे तो फिर,
एक कविता लिख दू!

लेखिका



डॉ संध्या बिसेन

## शब्दवर्गपहेली क्र.- 171

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | | 5 | | 6 | | 7 | ■ | 8 | 9 | ■ | 10 | 11 | 12 | | ■ | 13 |
| 14 | | | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | 15 | | | | 16 | | | | ■ | 17 | |
| 18 | | | 19 | ■ | 20 | | | | 21 | | ■ | | ■ | | ■ | 22 | | | | |
| | ■ | ■ | 23 | 24 | | | ■ | 25 | | ■ | 26 | ■ | 27 | ■ | 28 | | | ■ | ■ | ■ |
| 29 | | 30 | | | ■ | ■ | 31 | ■ | 32 | 33 | | | | ■ | | ■ | ■ | 34 | | 35 |
| | ■ | 36 | | | 37 | ■ | | ■ | 38 | | | ■ | 39 | 40 | | | ■ | | ■ | |
| 41 | 42 | ■ | | ■ | 43 | 44 | | ■ | 45 | | ■ | 46 | | | | ■ | ■ | 47 | 48 | |
| 49 | | 50 | ■ | 51 | ■ | | ■ | 52 | ■ | | ■ | 53 | | | ■ | ■ | 54 | ■ | 55 | |
| ■ | 56 | | 57 | | 58 | ■ | 59 | | | ■ | 60 | | ■ | ■ | 61 | ■ | 62 | | | ■ |
| 63 | | ■ | 64 | | | ■ | 65 | | ■ | 66 | | | ■ | 67 | | 68 | | ■ | 69 | |
| | ■ | 70 | | | ■ | 71 | | ■ | 72 | | | ■ | 73 | ■ | ■ | 74 | | | | ■ |
| 75 | | | | ■ | 76 | | | 77 | ■ | 78 | | 79 | | | 80 | | ■ | ■ | ■ | 81 |
| | ■ | | ■ | 82 | | | ■ | 83 | 84 | ■ | ■ | 85 | | ■ | 86 | | 87 | 88 | | ■ |
| 89 | 90 | | ■ | 91 | | | | ■ | 92 | 93 | 94 | | | ■ | | ■ | 95 | | ■ | 96 |
| ■ | | ■ | 97 | | ■ | ■ | ■ | 98 | ■ | 99 | | | ■ | 100 | | 101 | | | ■ | |
| 102 | | | ■ | 103 | | | | | | | ■ | ■ | 104 | | ■ | 105 | | ■ | 106 | |

**ck;। l। nk;। ‰&** 1) बहुत शोरगुल करना 8) पक्ष, पर, डैना 10) जिसे समझ या बुद्धि ना हो 14) जरुरत, प्रयोजन, मतलब 15) बड़ा दुर्बल होना 17) देश का अधिकार या प्रबन्ध 18) श्रीकृष्ण के बड़े भाई 20) पुराना दूरदर्शन धारावाहिक करमचन्द जासूस का नायक, एक सफल चरित्र अभिनेता 22) दावाग्नि, जंगल की आग 23) शांती धारण करना, धीरज रखना 25) धातू को खींचकर बनाया हुआ सूत 28) हरिण, मृग 29) लाभदायक, जिससे लाभ हो 32) लगाना, कुछ असत्य बातें जोड़कर कहना या बढ़ – चढ़कर बातें करना 34) शारीरिक कौशल्य और जानवरों के खेल का सार्वजनिक प्रदर्शन 36) बुधकौशिक ऋषी के द्वारा रचित श्रीरामजी का एक स्तोत्र 38) मान लेना, स्वीकार करना 39) मद या नशा उत्पन्न करनेवाला 41) पराई स्त्री से प्रेम करनेवाला पुरुष 43) औटकर गाढ़ा और लच्छेदार किया हुआ दुध जिसमें चीनी मिलाई जाती है 45) हद, किनारा 46) एक रागिणी विशेष 47) रक्षा करना, रखवाली करना 49) नगर का, नगर संबंधी 53) गलने में प्रवृत्त करना, पिघलाना 55) रात्र, रात 56) विचलित होना, किसी बात पर स्थिर न होना 59) सुंदर कन्या 60) शीत, ठंड़ा 62) जो वन में उत्पन्न हो 63) गहनों पर रंग चढ़ाना 64) दांतो से काटना 65) अत्यल्प, बहुत थोड़ा 66) उपाय, उपचार, यत्न 67) अरबी वर्ष का नववां महीना जिसमें मुसलमान रोजा रखते है 69) तुलना, श्रेणी, दरजा 70) मल से उत्पन्न, पीब 71) गणित में किसी संख्या का भाजक, शिव 72) नुमाईश, तड़क भड़क प्रदर्शन 74) समाचार पहुंचाने का कार्य 75) खुरचना, खोदना 76) देवताओंद्वारा मनुष्यादि का शरीर धारण करना 78) अकस्मात होनेवाला संयोग 82) अभिमान करनेवाली स्त्री 83) क्षत्रियों का कर्म 85) काक को उलटा करो 86) जिसे गरज हो वह 89) विश्वविद्यालय में व्याख्याताओं का एक वर्ग (अंग्रेजी) 91) हिन्दुओं का एक प्राचीन धर्मग्रंथ 92) अवकाश के अनुसार 95) पास, तक, लिये 97) मां का भाई 99) अनुचिंतन, वारंवार विचार करना 100) इसे कहना मतलब अपना दुखड़ा रोना 102) मैला, कुचला, उदास 103) भाग जाना, गायब होना इस अर्थ का एक मुहावरा 104) राजद्रोही 105) द्वार, दरवाजा दहलीज 106) साध्वी, पतिव्रता स्त्री

**Åij l। ulp ‰&** 1) अधिक क्रोध से मुख लाल होना 2) वह जो टेढ़ा न हो 3) वृत्तांत, घटना, रहस्य 4) जो प्रमाणद्वारा निश्चित हो, ज्योतिष्य में एक योग का नाम 5) किसी वस्तू को वेग के साथ ऊंचे स्थान से नीचें छोंक देना 6) व्याकुलता, प्यार 7) मवाद, बहनेवाला घाव का फोडा 8) कमल, पद्म 9) रावण का एक भाई, गर्दभ 10) छोटे डीलडौल का 11) एकही उदर से उत्पन्न संतान 12) अप्रसन्न व्यक्ति को प्रसन्न करने का काम 13) काजल, सुरमा 16) पत्नि, भार्या 17) मार्ग, रास्ता, प्रथा 19) मगर नामक जलजंतू 20) वह वस्तू जिसे हिलाकर वायू का झोंका एक ओर ले जाती है 21) शुक्ज पक्ष का अंतिम या पन्द्रहवां दिन 24) एक राशी 26) हीनता या हर स्वीकार करना 27) स्व. स्मिता पाटील की एक कलात्मक पुरानी फिल्म 28) उपकार या कल्याण करनेवाला 30) तुरुंग, बंदिशाला 31) टूटी फूटी वस्तुयें बेचनेवाला 33) स्वेच्छाचारिता, अपने रुची के अनुसार 34) सहायता, आश्रय 35) घ्वंस, सत्यानाश 37) लवण रस 40) दग्ध करना, जलाना 42) घिसना, पीसना, बारबार बहुत श्रम करना 44) नवजात शिशू, बालक 46) प्रवेश आना, प्राप्ति 48) खान से धातू निकालने का कार्य 50) नस्ल, नस, जिद, हठ 51) कपटी, धोखा देनेवाला 52) व्याकरण में किसी नियम के दो या अधिक भेदों में से इच्छानुसार किसी एक का ग्रहण 54) नीचा, झुका हुआ, पतित 57) हठ करना, अड़ना 58) मातामह, माता का पिता 59) सुस्वर होने का भाव या धर्म 60) उपकार या लाभ की बात कहनेवाला 61) एक वेद प्रकार 63) फिल्म जगत मे 'ट्रेजेडी क्वीन' नाम से जानेवाली एक पुरानी महान अभिनेत्री 66) बहुत अधिक ईर्ष्या, जलने की पीड़ा या कष्ट 68) जादू करनेवाला, इंद्रजालिक 70) ताल वृंद, शहतूत का वृक्ष 71) हवन के योग्य 73) विश्राम लेने का समय, अवसर 76) अति सुक्ष्म परिमाण, अणिमा 77) भस्म, आपत्ति से बचना 79) काटना, कठोर दण्ड देना 80) जो वस्तू अपने पास न हो उसको प्राप्त करना और जो मिल चुकी हो उसकी रक्षा करना 81) माता, जननी 82) जल्दी, शीघ्रता, उपद्रव, झगड़ा 84) तीन (सं.) 87) जलवाहक, पानी भरनेवाला 88) विवाह के पहले की एक रस्म, सगाई 90) छोटा डफ, खंजडी 93) रोके रहना, गिरने से रोना 94) जंगल 96) उत्तर प्रदेश से बहनेवाली एक नदी 98) दुधा, दुग्ध 100) अनुरक्त, विषय वासना में फंसा हुआ 101) देह की ऊंचाई, डीलडौल (जवाब अगले अंक में)

### पिछले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ए | ह | सा | न | मं | द | ■ | न | क | ल | न | वी | स | ■ | स | ह | वा | स | ■ | ह | वा |
| क | ल | म | ■ | दो | स्ता | ना | ■ | र | ■ | व | र | ■ | म | क | र | ■ | ब | क | वा | स |
| ल | ■ | ना | र | द | ■ | म | र | त | बा | ■ | ■ | प | र | ना | ना | ■ | क | बी | ला | ■ |
| व्य | था | ■ | ज | री | ना | व | हा | ब | ■ | प्र | ता | र | णा | ■ | ■ | नौ | ■ | र | त | न |
| ■ | र | सि | क | ■ | पा | र | स | ■ | शि | ख | र | ■ | स | री | खा | ■ | ग | दा | ■ | ख |
| ता | ■ | त | ■ | का | क | ■ | हा | नि | का | र | क | ■ | न्न | ■ | न | फा | ■ | स | बे | रा |
| रा | ज | म | ह | ल | ■ | प | ■ | क | र | ■ | ना | क | ■ | ज्या | दा | ■ | ग | ■ | द | ■ |
| म | न | ■ | ज | ■ | क | र | ना | ल | ■ | ल | थ | प | थ | ■ | न | क | ल | मा | र | ना |
| ती | ■ | च | र | ण | ■ | ख | ल | ना | य | क | ■ | ट | ल | ना | ■ | श | त | ■ | का | म |
| ■ | प | र | त | ■ | ब | ■ | न्दा | ■ | स | वा | र | ■ | च | ■ | श्या | म | ■ | न | र | क |
| ह | ल | बा | ■ | भा | र | त | ■ | अं | बा | ■ | ह | स | र | त | ■ | क | द | र | ■ | र |
| ठ | ■ | हा | सि | ल | क | र | ना | ■ | स | ह | म | त | ■ | ■ | बे | श | र | म | ■ | ण |
| क | फ | ■ | ला | ■ | रा | ■ | य | दि | ■ | ■ | खा | ना | ब | दो | श | ■ | बा | दा | म | ■ |
| र | न | र | ■ | क | र | ब | ला | ■ | सौ | ■ | ना | ■ | ■ | प | क | वा | न | ■ | ज | प |
| ना | का | म | या | ब | ■ | स | न | म | ■ | न | ■ | स | ला | ह | ■ | यु | ■ | सं | दू | क |
| ■ | र | ■ | द | र | बा | र | ■ | ल | ग | भ | ग | ■ | भ | र | त | ■ | उ | त | र | ना |

anumeya-08446302691





# प्रिंस यादव को लेकर सच साबित हुई विराट की भविष्यवाणी, विजय हजारे ट्रॉफी के दौरान कोहली ने दिया था 'गुरुमंत्र'..

डेस्क जगप्रेरणा।

***अफगानिस्तान के खिलाफ आगामी तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान हो चुका है। इस वनडे टीम में 24 साल के युवा तेज गेंदबाज प्रिंस यादव को जगह मिली है।***



प्रिंस आईपीएल 2026 में लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम का हिस्सा थे। उन्होंने इस सीजन बेहतरीन गेंदबाजी करके अपने नाम बनाया है। इस सीजन प्रिंस ने विराट कोहली को क्लीन बोल्ड किया था जिसके बाद उनकी काफी चर्चा हुई थी। खुद विराट ने भी हाल ही में इस तेज गेंदबाज की काफी तारीफ की थी और उनको लेकर भविष्यवाणी भी की थी।

### आईपीएल से पहले विराट ने की थी प्रिंस यादव की मदद..

विराट कोहली ने आईपीएल से पहले प्रिंस यादव की मदद की थी। विराट ने उन्हें बताया कि कैसे वह सही लेंथ पर गेंदबाजी करके और भी कारगर साबित हो सकते हैं। प्रिंस ने विराट के इस बात को माना और इसी बात को फॉलो करते हुए उन्होंने विराट को भी क्लीन बोल्ड किया था। खुद कोहली ने भी प्रिंस की उस गेंद की तारीफ की थी। प्रिंस ने इस सीजन अपनी रफ्तार भरी गेंदबाजी से सभी को काफी इम्प्रेस किया है। वह आईपीएल 2026 में लखनऊ सुपर जायंट्स के सबसे सफल गेंदबाज रहे हैं।

### प्रिंस यादव को लेकर विराट कोहली ने क्या कहा?

हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान कोहली से प्रिंस यादव को लेकर सवाल पूछा गया। इसके जवाब में उन्होंने कहा कि उन्हें इस बात का कोई पछतावा नहीं है कि उन्होंने प्रिंस की मदद की। कोहली ने कहा कि आज मैं ऐसी मानसिक स्थिति में हूं कि अगर कोई मुझसे कुछ पूछता है, तो मैं उसकी मदद करूंगा। हां प्रिंस ने मुझे एक बेहतरीन गेंद डाली थी और मैंने ही उसे उन जगहों पर गेंद डालने को कहा था। इसमें कोई बुराई नहीं है। दरअसल लोग मुझसे बहुत ज्यादा जुड़े हुए हैं, इसलिए वे कह रहे हैं कि कोहली ने खुद अपना विकेट दे दिया।

### विजय हजारे के दौरान प्रिंस से मिले थे विराट..

कोहली ने इस इंटरव्यू में ये भी बताया कि वह पहली बार प्रिंस से 2025-26 की विजय हजारे ट्रॉफी के दौरान मिले थे। कोहली ने बताया कि लोगों को यह बात नहीं पता। जब मैं विजय हजारे ट्रॉफी खेल रहा था, तब मैं प्रिंस को बिल्कुल भी नहीं जानता था। वह बहुत ही प्यारा और मजेदार इंसान है। ईशांत शर्मा भी वहां मौजूद था और ईशांत प्रिंस को जानता था, इसलिए मेरी उससे अच्छी दोस्ती हो गई। उसने मेरे सामने खुलकर अपनी बातें रखीं। तो मैं उसे उन दिनों में भी, विजय हजारे के उन मैचों के दौरान भी प्रिंस को यह बताता रहता था कि क्या करना है, कहां गेंद डालनी है।

### अनुभव साझा करने से भारतीय क्रिकेट को मिलेगा फायदा- विराट..

कोहली का मानना है कि युवा खिलाड़ियों के साथ अपना अनुभव साझा करने से आखिरकार पूरे भारतीय क्रिकेट को फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा कि वह प्रिंस यादव और अन्य युवा प्लेयर्स की मदद इसलिए करते हैं क्योंकि क्या पता इनमें से कौन आगे चलकर इंडिया के लिए खेल जाए।

विराट की ये भविष्यवाणी प्रिंस के लिए सच साबित हुई और उन्हें अब भारत की वनडे टीम में मौका मिला है। ऐसा काफी हद तक संभव है कि वह अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज में विराट के साथ ही इंडिया के लिए खेलते हुए दिखें।

# कौन थीं पंजाबी सिंगर इंदर कौर? नहर में मिली लाश, एकतरफा प्यार में दीवाने आशिक ने कनाडा से रची हत्या की साजिश..

डेस्क जगप्रेरणा।

***पंजाबी म्यूजिक इंडस्ट्री से एक बेहद दिल दहला देने वाली और दुखद खबर सामने आई है। मशहूर पंजाबी लोक गायिका इंदर कौर का शव लुधियाना की एक नहर (कनाल) से बरामद किया गया है।***



गायिका पिछले कुछ दिनों से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता थीं। इस दर्दनाक घटना ने पूरे पंजाब और सोशल मीडिया पर लोगों को झकझोर कर रख दिया है। इंदर कौर की मौत की खबर फैलते ही इंटरनेट पर लोगों का गुस्सा फूट पड़ा है। मृतका के परिवार ने बेहद गंभीर आरोप लगाते हुए दावा किया है कि गायिका का पहले अपहरण किया गया और फिर शादी का प्रस्ताव ठुकराने की वजह से उनकी बेरहमी से हत्या कर दी गई। फिलहाल, पंजाब पुलिस इस संवेदनशील मामले की हर एंगल से गहन जांच कर रही है।

### कौन थीं लोक गायिका इंदर कौर?

इंदर कौर पंजाबी संगीत जगत का एक जाना-माना नाम थीं, जिन्हें क्षेत्रीय संगीत हलकों में उनके पारंपरिक लोक गीतों और लाइव स्टेज परफॉर्मेंस के लिए विशेष रूप से जाना जाता था। उन्होंने बहुत कम समय में पंजाब के इंडिपेंडेंट म्यूजिक सीन में अपनी एक मजबूत और अलग पहचान बना ली थी। वह स्थानीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों, मेलों और स्टेज शो में काफी सक्रिय रहती थीं। उनके दोस्तों, करीबियों और प्रशंसकों के अनुसार, इंदर कौर संगीत को लेकर बेहद जुनूनी थीं और पंजाब की मिट्टी तथा लोक परंपराओं से गहराई से जुड़ी हुई थीं। उनके इस तरह अचानक और रहस्यमयी ढंग से दुनिया से चले जाने के कारण पंजाबी एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ गई है।

### कई दिनों से लापता थीं गायिका..

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इंदर कौर बीते 13 मई से अचानक लापता हो गई थीं, जिसके बाद काफी तलाश करने पर भी उनका कुछ पता नहीं चला। आखिरकार कुछ दिनों बाद लुधियाना की एक नहर से उनका बेजान शरीर बरामद हुआ। शव मिलने की खबर सुनते ही गायिका के परिवार में कोहराम मच गया। इस दर्दनाक खोज के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं दूसरी ओर उनके मन में इस घटना को लेकर भारी गुस्सा भी है। परिवार ने शुरुआत से ही इसे एक सोची-समझी साजिश और हत्या का मामला बताया है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से इस मौत के पीछे की असली सच्चाई और परिस्थितियों की बारीकी से जांच करने की मांग की है।

### शादी का प्रस्ताव ठुकराने पर हत्या का आरोप..

इस पूरे मामले ने तब एक नया और गंभीर मोड़ ले लिया जब इंदर कौर के परिवार ने उनकी मौत के पीछे एकतरफा शादी के दबाव की बात कही। परिजनों का आरोप है कि गायिका पर पिछले कुछ समय से शादी करने के लिए लगातार दबाव बनाया जा रहा था, जिसे उन्होंने साफतौर पर ठुकरा दिया था। परिवार को पूरा शक है कि इसी रंजिश के चलते उनका अपहरण कर इस वारदात को अंजाम दिया गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक गायिका के भाई ने आरोप लगाया है कि इंदर कौर को बंदूक की नोक पर अगवा किया गया था। भाई ने बताया कि 13 मई की शाम करीब 6:30 बजे इंदर कौर अपनी कार से घर का कुछ जरूरी सामान लेने निकली थीं, लेकिन वापस नहीं लौटीं। जब बार-बार फोन करने पर भी उनसे संपर्क नहीं हो पाया तो परेशान होकर परिवार ने खोजबीन शुरू की और अंत में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

### कनाडा में बैठे आरोपी पर साजिश रचने का शक..

पुलिस की शुरुआती तफ्तीश में यह बात सामने आई है कि गायिका मोगा के रहने वाले सुखविंदर सिंह नामक एक व्यक्ति को जानती थी, जो इस समय कनाडा में रह रहा है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि सुखविंदर पहले से शादीशुदा है और उसके बच्चे भी हैं, इसके बावजूद वह इंदर कौर पर शादी करने के लिए लगातार अनुचित दबाव बना रहा था। परिजनों का दावा है कि इस खौफनाक अपराध की साजिश रचने के बाद आरोपी विदेश भाग गया और उसने कनाडा में बैठकर ही पूरी साजिश को अंजाम दिया है।

फिलहाल पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वे परिवार द्वारा लगाए गए प्रताड़ना, जबरन शादी के दबाव और अपहरण के सभी आरोपों की गंभीरता से जांच कर रहे हैं। हालांकि, मौत के असली कारणों या किसी की संलिप्तता को लेकर पुलिस की तरफ से अभी कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

# किसान परिवार का बेटा, एक्टिंग की खातिर केमिस्ट की नौकरी छोड़कर बना चौकीदार, 13 साल संघर्ष के बाद चमकी किस्मत..

डेस्क जगप्रेरणा।

***हिंदी सिनेमा में ऐसे कई स्टार हैं, जिन्हें फिल्म इंडस्ट्री में पहचान हासिल करने में सालों लग गए। किसी ने 5 साल तो किसी ने 15 साल एड़ियां रगड़ीं, तब कहीं जाकर अपनी पहचान बनाने में सफलता मिल पाई।***



नवाजुद्दीन सिद्दीकी भी इन्हीं स्टार्स में से एक हैं। नवाजुद्दीन सिद्दीकी कई बार अपने स्ट्रगल के बारे में खुलकर बात कर चुके हैं। आज भले ही वह इंडस्ट्री के सबसे काबिल अभिनेताओं में गिने जाते हैं, लेकिन उनके लिए यहां तक का सफर तय कर पाना बिलकुल भी आसान नहीं था। एक समय था

जब वह गुजरात की एक पेट्रोकेमिकल कंपनी में केमिस्ट की नौकरी करते थे, लेकिन फिर एक्टिंग का जुनून उन्हें मुंबई ले आया, जहां उन्हें काफी पापड़ बेलने पड़े। आज नवाजुद्दीन सिद्दीकी का जन्मदिन है, इस मौके पर आपको उनके एक केमिस्ट से एक्टर बनने के सफर के बारे में बताते हैं।

### केमिस्ट से बन गए चौकीदार..

नवाजुद्दीन सिद्दीकी आज अपना 52वां जन्मदिन मना रहे हैं। उनका जन्म उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले के एक कस्बे बुढ़ाना में हुआ था। नवाजुद्दीन सिद्दीकी के पिता किसान थे, लेकिन उनके सपने हमेशा से बड़े थे। बचपन से ही वह एक्टर बनने का सपना देखते आए थे। लेकिन, तब उनके परिवार में एक्टिंग को किसी प्रोफेशन या करियर के तौर पर नहीं देखते थे। नवाजुद्दीन ने हरिद्वार के गुरुकुल कांगड़ी यूनिवर्सिटी से साइंस में ग्रेजुएशन किया और फिर नौकरी की तलाश में वडोदरा जा पहुंचे। यहां उन्होंने एक पेट्रोकेमिकल कंपनी में केमिस्ट की नौकरी पकड़ ली, नौकरी बढ़िया थी, लेकिन वह एक्टर बनना चाहते थे।

### नौकरी छोड़ एक्टिंग में रखा कदम..

कुछ समय तक नौकरी करने के बाद नवाजुद्दीन दिल्ली आ गए और यहां उनका झुकाव थिएटर की ओर बढ़ा। उन्होंने एनएसडी में दाखिला लिया और एक्टिंग की बारीकियां सीखीं, लेकिन बिना काम के खर्चा चलाना मुश्किल था। ऐसे में उन्होंने वॉचमैन तक की नौकरी की। मुंबई में संघर्ष और भी बढ़ गया। शुरुआत में कुछ छोटे-मोटे रोल मिले।

1999 में आमिर खान की 'सरफरोश' में एक चोर-उचक्के की छोटी सी भूमिका निभाई और फिर शूल, मुन्नाभाई एमबीबीएस जैसी फिल्मों में छोटे-मोटे रोल किए, मगर पहचान नहीं मिल सकी।

### 13 साल का संघर्ष करने के बाद मिली पहचान..

फिल्म इंडस्ट्री में अपने कदम रखने के बाद करीब 13 साल तक नवाजुद्दीन सिद्दीकी को संघर्ष करना पड़ा। 2012 में रिलीज हुई अनुराग कश्यप की फिल्म 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' में उन्होंने फैजल खान की भूमिका निभाई और खूब सुर्खियां बटोरीं। उनका डायलॉग 'बाप का, दादा का, भाई का... सबका बदला लेगा तेरा फैजल' आज भी पुराना नहीं हुआ है। इसके बाद नवाजुद्दीन 'द लंच बॉक्स', 'बजरंगी भाईजान', 'रमन राघव 2.0', 'मंटो' और 'रात अकेली है' सहित कई शानदार फिल्मों में नजर आए। वहीं 'सेक्रेड गेम्स' वेब सीरीज में भी अपने दमदार अभिनय से सभी के दिल जीत लिए।

# 40 सालों में क्या से क्या हो गए गोविंदा, टूटा दांत देखकर फटी रह गईं फैंस की आंखें, बोले- अब बुढ़ापा आ गया..

डेस्क जगप्रेरणा।

***नब्बे के दशक में अपनी बेमिसाल कॉमेडी, अनोखे डांस स्टाइल और दमदार अभिनय से दर्शकों के दिलों पर राज करने वाले सुपरस्टार गोविंदा भले ही लंबे समय से बड़े पर्दे से दूरी बनाए हुए हैं, लेकिन उनका जादू आज भी फैंस के सिर चढ़कर बोलता है।***



'चीची' जब भी किसी सार्वजनिक मंच या इवेंट में कदम रखते हैं तो आज भी वहां का माहौल खुशनुमा हो जाता है। हाल ही में 17 मई को मुंबई में आयोजित एक भव्य समारोह में भी कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला, जहां 'हीरो नंबर वन' को देखते ही उनके चाहने वाले पूरी तरह से उत्साहित हो गए। हालांकि इस बार पैपराजी के कैमरों ने कुछ ऐसा कैद कर लिया, जिसने हर किसी को हैरान कर दिया। मुस्कुराते हुए गोविंदा का एक टूटा हुआ दांत कैमरे में साफ नजर आया, जिसे देखकर सोशल मीडिया पर फैंस की आंखें फटी की फटी रह गईं।

### सोशल मीडिया पर छिड़ी बहस..

मुंबई के इस कार्यक्रम से गोविंदा का एक वीडियो इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह हमेशा की तरह हंसते और हाथ हिलाकर फैंस का अभिवादन स्वीकार करते दिख रहे हैं। इसी दौरान जैसे ही कैमरों ने उनके चेहरे पर क्लोज-अप लिया, उनका टूटा हुआ दांत साफ दिखाई दे गया। इस रूप में अपने पसंदीदा अभिनेता को देखकर कुछ लोग जहां चौंक गए, वहीं कमेंट सेक्शन में उनके इस लुक को लेकर एक नई बहस छिड़ गई। कई यूजर्स ने हैरानी जताते हुए पूछा कि आखिर गोविंदा का दांत कैसे टूट गया? इस पर उनके बचाव में आते हुए एक वफादार प्रशंसक ने लिखा, 'यह कैसा बेतुका सवाल है? जब इंसान 70 की उम्र के करीब पहुंचेगा, तो दांत तो टूटेंगे ही।' वहीं कुछ लोगों ने इस बात को बेहद सामान्य बताते हुए कहा कि उम्र के इस पड़ाव पर ऐसा होना पूरी तरह से स्वाभाविक है। दूसरी तरफ हमेशा की तरह कुछ सोशल मीडिया यूजर्स ने इस पर चुटकी लेते हुए मजाकिया अंदाज में लिखा कि जरूर गोविंदा जी को उनकी पत्नी से मार पड़ी होगी।

### दांत नहीं, मुस्कान पर करिए फोकस..

गोविंदा के लुक को लेकर भले ही तरह-तरह की बातें हो रही हों, लेकिन अपने चहेते सुपरस्टार के लिए प्रशंसकों की दीवानगी और मोहब्बत में रत्ती भर भी कमी नहीं आई है। कमेंट बॉक्स में फैंस ने अपने अभिनेता पर जमकर प्यार बरसाया है। एक भावुक प्रशंसक ने लिखा, 'गोविंदा सर, हम आपसे बेहद प्यार करते हैं। हालात चाहे जो भी हों, आप हमेशा हमारे दिलों के असली सुपरस्टार रहेंगे।' एक अन्य यूजर ने उनकी तारीफों के पुल बांधते हुए कहा कि पूरी फिल्म इंडस्ट्री में गोविंदा जैसा बहुमुखी कलाकार न कभी हुआ है और न कभी हो सकता है। वहीं एक समझदार फैन ने बाकी लोगों को नसीहत देते हुए लिखा, 'उनके टूटे हुए दांत पर नहीं, बल्कि गोविंदा की उस सदाबहार और दिल जीतने वाली मुस्कान पर ध्यान दीजिए, जो सालों बाद आज भी वैसी ही है।'

### सुर्खियों में रही पर्सनल लाइफ और बेटी का नया सफर..

एक तरफ जहां गोविंदा का फिल्मी करियर इस समय काफी शांत चल रहा है और उनके सितारे गर्दिश में नजर आ रहे हैं, वहीं दूसरी ओर उनकी निजी जिंदगी भी लगातार मीडिया की सुर्खियों में बनी रहती है। अक्सर गोविंदा और उनकी पत्नी सुनीता आहूजा के बीच आपसी अनबन की खबरें अखबारों और पोर्टल्स की सुर्खियां बनती हैं। इन तमाम उतार-चढ़ावों के बीच गोविंदा हाल ही में अपनी लाडली बेटी टीना आहूजा को सपोर्ट करने के लिए इस इवेंट में पहुंचे थे। दरअसल टीना जल्द ही शिल्पा शेट्टी के आगामी कुकिंग रियलिटी शो 'मां है न' से अपना नया सफर शुरू करने जा रही हैं। इस खास शो में टीना के साथ उनकी मां सुनीता आहूजा भी नजर आने वाली हैं, जो किसी निजी वजह से इस प्रेस कॉन्फ्रेंस का हिस्सा नहीं बन पाई थीं। ऐसे में पिता का फर्ज निभाते हुए गोविंदा खुद अपनी बेटी की हौसलाअफजाई करने वहां पहुंचे, जिसने एक बार फिर साबित कर दिया कि वह जितने बेहतरीन कलाकार हैं, उतने ही शानदार पिता भी हैं।

# बोपन्ना एआईटीए में प्रशासनिक भूमिका निभाने को तैयार, कहा: वास्तविक बदलाव लाना चाहूंगा..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***दिग्गज खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने मंगलवार को अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) में कोई प्रशासनिक भूमिका निभाने की इच्छा जाहिर की। बोपन्ना ने कहा कि वह वास्तव में बदलाव लाना पसंद करेंगे। एआईटीए के जल्द ही चुनाव होने वाले हैं। पिछले महीने दिल्ली उच्च न्यायालय ने सितंबर 2024 के चुनाव नतीजों को बरकरार रखने की अनुमति दे दी थी***

लेकिन चुनी हुई संस्था को केवल एक अंतरिम व्यवस्था के तौर पर काम करने का निर्देश दिया था। चुने हुए लोगों को अदालत द्वारा नियुक्त प्रशासक पूर्व मुख्य न्यायाधीश गीता मित्तल की देखरेख में काम करना था। अदालत ने न्यायमूर्ति मित्तल को यह भी निर्देश दिया था कि वे संविधान को खेल अधिनियम 2025 और खेल प्रशासन नियम 2026 के अनुरूप बनाने के बाद तीन महीने के भीतर नए चुनाव करवाएं।

बोपन्ना ने पीटीआई को दिए साक्षात्कार में कहा, 'चुनाव आने वाले हैं और हां, अगर भारतीय खेल को बदलने का कोई मौका मिलता है और मैं उसका हिस्सा बन पाता हूं तो मुझे इससे जुड़कर बहुत खुशी होगी। ऐसी जगह जहां मैं भारतीय टेनिस के विकास में सचमुच कोई बदलाव ला सकूं।'

बोपन्ना ने यहां कार निर्माता कंपनी किया और टेनिस प्रीमियर लीग की तीन साल की साझेदारी की घोषणा के मौके पर यह बात कही। उन्होंने कहा, 'असल में इसी चीज की जरूरत है- किसी पद पर बने रहने के लिए वहां मौजूद रहना नहीं, बल्कि सचमुच कोई असर डालना।

अगर मैं कोई असर डाल सकता हूं तो क्यों नहीं?' अपनी अकादमी में अपने 'डबल्स ड्रीम ऑफ इंडिया' कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताते हुए बोपन्ना ने कहा कि भारतीय टेनिस के लिए अपनी ताकतों पर ध्यान देना बहुत ज़रूरी है। उन्होंने कहा, 'आज एकल की तुलना में युगल के बेहतर होने का एकमात्र कारण यह है कि हमारे पास एक कार्यक्रम है जिसका हम युगल कार्यक्रम के लिए समर्थन करते हैं

और इसे 'डबल्स ड्रीम ऑफइंडिया' कहा जाता है। इसके लिए हमारे पास एक प्रयोजक है और इसके तहत हम इन युगल खिलाड़ियों को कोच और फिजियो की मदद दे रहे हैं।'

बोपन्ना ने कहा, 'यह भी एक कारण है कि एकल की तुलना में युगल में काफी सुधार हुआ है। इसी तरह हमें एकल खिलाड़ियों के लिए भी ऐसे ही ढांचों की जरूरत है। मेरा नजरिया यह है कि आज हमारे पास जो खिलाड़ी मौजूद हैं हमें उन्हीं का समर्थन करना चाहिए, ना कि उन चीजों के बारे में सोचना चाहिए जो हमारे पास नहीं हैं।' कर्नाटक राज्य लॉन टेनिस संघ के उपाध्यक्ष की भूमिका भी निभा रहे बोपन्ना ने कहा कि संचालन संस्था राज्य में कई टूर्नामेंट लाने में सफल रही है। अब जब दक्षिणेश्वर सुरेश भी रोहन बोपन्ना अकादमी का हिस्सा बन गए हैं तो इस पूर्व भारतीय खिलाड़ी ने कहा कि उनकी अकादमी का मकसद सभी उम्र और वर्ग के खिलाड़ियों का सर्वांगीण विकास करना है। टेनिस प्रीमियर लीग के आगामी सत्र में खेलने के संदर्भ में बोपन्ना ने कहा कि वह आगामी सत्र से पहले फिट रहने का प्रयास कर रहे हैं।

सर्वश्रेष्ठ प्रिंटिंग

सबसे कम कीमत पर

समाचार पत्र, पत्रिका, किताब, पांपलेट, बिलबुक, रसीद बुक, लेटरपेड, कैलेंडर, आदि की ग्राफिक्स डिजाईनिंग एवं प्रिंटिंग कार्य के लिये तथा समाचार पत्रों के साथ पांपलेट वितरण कार्य के लिये संपर्क करें..

जगप्रेरणा ग्राफिक्स

गोंदिया - बालाघाट मो. 9329033433



शुद्ध सोने एवं चांदी के कलात्मक एवं हॉलमार्क आभूषणों के विक्रेता..

शांती ज्वेलर्स

नया सराफा, मेन रोड, बालाघाट

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

जग प्रेरणा
# व्यापार समाचार
● शेयर बाजार ● इलेक्ट्रॉनिक्स ● कपड़ा ● किराना ● लोहा ● सिमेंट ● सराफा ● आटोमोबाईल्स
बुधवार 20 मई 2026





## विदेशी बाजारों में सुधार के कारण देश में आयातित तेल - तिलहन के दाम मजबूत..



नई दिल्ली, (भाषा)।

***विदेशी बाजारों में सुधार के रुख के बीच घरेलू बाजारों में मंगलवार को आयातित तेल-तिलहनों के दाम मजबूत हो गये तथा सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल में सुधार दर्ज हुआ।***

दूसरी ओर, देश में जो सरसों का रिफाइंड बनाया जा रहा था, उसका दाम सोयाबीन तेल से अधिक होने के कारण सरसों की मांग कुछ कम हो गयी है और इस स्थिति के बीच सरसों तेल-तिलहन में स्थिरता रही। मूंगफली की गर्मी की फसल आने की उम्मीद के बीच मूंगफली तेल-तिलहन के दाम भी स्थिर रहे। मूंगफली का दाम न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से कम बना हुआ है। मलेशिया और शिकॉगो एक्सचेंज में सुधार है।

सूत्रों ने कहा कि देश में आयातित तेलों की मांग बनी हुई है। अधिकांश खाद्य तेलों के भाव लगभग बराबर हो गये हैं। दूसरी ओर डॉलर के मुकाबले रुपया काफी कमजोर होने से आयात महंगा बैठ रहा है जो आयातित खाद्य तेलों में मजबूती का एक खास कारण है। आवक कम होने से बिनौला तेल के दाम भी मजबूत बंद हुए।

सूत्रों ने कहा कि सोयाबीन के तेल रहित खल (डीओसी) की स्थानीय मांग होने के कारण मध्य प्रदेश के सतना में सोयाबीन प्लांट वालों ने सोयाबीन का खरीद दाम 7,600 रुपये क्विंटल रखा है। इससे पहले महाराष्ट्र में सोयाबीन प्लांट वालों ने सोयाबीन का खरीद दाम बढ़ाया था। इंदौर के प्लांट वालों को छोड़कर राजस्थान के सोयाबीन प्लांट वालों ने भी सोयाबीन का खरीद दाम बढ़ाया है। कई वर्षो के बाद सोयाबीन किसानों को फसल के अच्छे दाम मिले हैं जिससे इसके बिजाई का रकबा बढ़ने की संभावना हो गयी है।

### तेल-तिलहनों के भाव इस प्रकार रहे:

सरसों तिलहन - 7,375-7,400 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली - 6,625-7,100 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) - 15,750 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली रिफाइंड तेल - 2,510-2,810 रुपये प्रति टिन।

सरसों तेल दादरी- 15,300 रुपये प्रति क्विंटल।

सरसों पक्की घानी- 2,525-2,625 रुपये प्रति टिन।

सरसों कच्ची घानी- 2,525-2,670 रुपये प्रति टिन।

सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली- 15,950 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर- 15,900 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन तेल डीगम, कांडला- 12,325 रुपये प्रति क्विंटल।

सीपीओ एक्स-कांडला- 14,000 रुपये प्रति क्विंटल।

बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा)- 15,800 रुपये प्रति क्विंटल।

पामोलिन आरबीडी, दिल्ली- 15,950 रुपये प्रति क्विंटल।

पामोलिन एक्स- कांडला- 14,800 रुपये (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल।

सोयाबीन दाना - 7,550-7,600 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन लूज- 7,200-7,275 रुपये प्रति क्विंटल।

## आरबीआई का बैंकों के लिए पूंजी, जोखिमों के बारे में विस्तृत जानकारी सार्वजनिक करने का प्रस्ताव..




मुंबई, (भाषा)।

***भारतीय रिजर्व बैंक ने मंगलवार को बासेल तीन मानदंडों के तहत बैंकों के लिए एक संशोधित खुलासा रूपरेखा का प्रस्ताव किया। इसके तहत बैंकों को पूंजी पर्याप्तता, नकदी और जोखिम के बारे में अधिक विस्तार से खुलासा करने के साथ उसे प्रकाशित करना होगा,***

ताकि पारदर्शिता और बाजार अनुशासन में सुधार हो सके। केंद्रीय बैंक ने कहा कि बैंकों को कॉमन इक्विटी टियर 1 (सीईटी 1) पूंजी, कुल पूंजी, जोखिम-भारित परिसंपत्तियां (आरडब्ल्यूए), संपत्ति और परिचालन के वित्तपोषण के लिए कर्ज पर निर्भरता, नकदी कवरेज अनुपात (एलसीआर) और शुद्ध स्थिर वित्तपोषण अनुपात (एनएसएफआर) को शामिल करते हुए एक समान प्रारूप में तिमाही खुलासा करना होगा।

आरबीआई के मसौदा परिपत्र के अनुसार, बैंकों को पिछली तिमाहियों की तुलना में इन मापदंडों में हुए महत्वपूर्ण बदलावों के पीछे के प्रमुख कारणों की भी जानकारी देनी होगी। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने परिपत्र के मसौदे पर दो जून तक सुझाव आमंत्रित किये हैं। इसके साथ ही यह भी घोषणा की है कि अंतिम निर्देश 30 सितंबर, 2026 को समाप्त तिमाही से प्रभावी होंगे।

आरबीआई ने बैंकों की मुख्य गतिविधियों और सभी महत्वपूर्ण जोखिमों का विश्लेषण करने वाले खुलासे प्रस्तावित किए हैं, जिसमें प्रासंगिक आंकड़ों और जानकारी उपलब्ध हो। बयान के अनुसार, बैंकों से अपेक्षा की जाती है कि वे इन जोखिमों की पहचान, उसे मापने और प्रबंधन के लिए अपनी प्रक्रियाओं और कार्यविधियों के बारे में पर्याप्त जानकारी प्रदान करें।

परिपत्र के मसौदे के अनुसार, बैंकों को अपनी वेबसाइट पर एक 'नियामक खुलासा खंड' बनाए रखना होगा, जहां खुलासों से संबंधित सभी जानकारी बाजार प्रतिभागियों को उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा, बैंकों को अपनी वेबसाइट पर कम से कम दस साल के लिए पिछली रिपोर्टिंग अवधियों से संबंधित बासेल स्तंभ तीन रिपोर्टों का एक संग्रह भी उपलब्ध कराना होगा।

## जाइडस लाइफसाइंसेज का मार्च तिमाही में शुद्ध लाभ 14.6 प्रतिशत बढ़कर 1,593 करोड़ रुपये पर..




नई दिल्ली, (भाषा)।

***दवा कंपनी जाइडस लाइफसाइंसेज लिमिटेड का वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 14.6 प्रतिशत बढ़कर 1,592.9 करोड़ रुपये हो गया।***

कंपनी ने एक साल पहले की समान तिमाही में 1,390.5 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया था। कंपनी के निदेशक मंडल ने 1,150 रुपये प्रति शेयर के मूल्य पर कुल 1,100 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयर पुनर्खरीद को मंजूरी दे दी है।

जाइडस लाइफसाइंसेज ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी एक सूचना में कहा कि मार्च तिमाही में परिचालन राजस्व 7,587 करोड़ रुपये रहा, जबकि एक साल पहले इसी समय में यह 6,527.9 करोड़ रुपये था।

कंपनी ने कहा कि उसके फार्मा व्यवसाय ने बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में 5,643.6 करोड़ रुपये का राजस्व कमाया, जो एक साल पहले के 5,380.4 करोड़ रुपये से 4.9 प्रतिशत अधिक है। वहीं, उपभोक्ता स्वास्थ्य खंड ने 908.1 करोड़ रुपये के मुकाबले 1,463.3 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया।

इस बीच, निदेशक मंडल ने एक रुपये के प्रत्येक इक्विटी शेयर पर एक रुपये का अंतिम लाभांश देने की भी सिफारिश की।

कंपनी का समूचे वित्त वर्ष 2025-26 में शुद्ध लाभ 15 प्रतिशत बढ़कर 5,456.4 करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले 4,745.1 करोड़ रुपये था। इस दौरान परिचालन राजस्व 23,241.5 करोड़ रुपये से बढ़कर 27,148.4 करोड़ रुपये हो गया।

जाइडस लाइफसाइंसेज के प्रबंध निदेशक शरविल पटेल ने कहा, ''हमने वित्त वर्ष 2025-26 का समापन मजबूती से किया। हमने राजस्व वृद्धि और लाभप्रदता दोनों मोर्चे पर अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा किया।''

## मार्च, 2029 तक नवीनगर एनटीपीसी संयंत्र की क्षमता बढ़कर 4,360 मेगावाट होगी : अधिकारी..



औरंगाबाद, (भाषा)।

***बिहार के औरंगाबाद जिले के नवीनगर में एनटीपीसी के संयंत्र की कुल स्थापित क्षमता मार्च, 2029 तक बढ़कर 4,360 मेगावाट हो जाएगी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।***

एनटीपीसी नवीनगर फिलहाल दूसरे चरण (स्टेज-दो) के तहत बड़े विस्तार कार्य में जुटी है, जिसके अंतर्गत 800-800 मेगावाट की तीन इकाइयों का निर्माण किया जा रहा है। परियोजना प्रमुख एल. के. बेहरा ने संवाददाताओं से कहा, ''चरण-दो विस्तार कार्य पूरा होने के बाद संयंत्र की कुल स्थापित क्षमता बढ़कर 4,360 मेगावाट हो जाएगी, जिससे एनटीपीसी नवीनगर देश के प्रमुख ताप विद्युत स्टेशनों में शामिल हो जाएगी। इस विस्तार से बिहार को अतिरिक्त 1,500 मेगावाट बिजली मिलने की भी उम्मीद है। यूनिट-4 से बिजली उत्पादन मार्च, 2029 तक शुरू करने का लक्ष्य है।''

उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा परियोजना की आधारशिला रखे जाने के बाद से निर्माण गतिविधियां लगातार और तेज गति से आगे बढ़ रही हैं। बेहरा ने कहा कि विस्तार परियोजना से बिहार को अतिरिक्त 1,500 मेगावाट बिजली उपलब्ध होने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि नई इकाइयों में पानी की खपत को काफी कम करने के लिए 'एयर कूल्ड कंडेंसर' प्रौद्योगिकी का उपयोग किया जाएगा। उन्होंने कहा, ''नई इकाइयां अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल प्रौद्योगिकी पर आधारित होंगी, जिससे उच्च तापमान और उच्च दबाव प्रणाली के जरिये तापीय दक्षता बढ़ेगी।'' बेहरा ने कहा कि बिजली उत्पादन के अलावा एनटीपीसी नवीनगर अपनी कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) और सामुदायिक विकास कार्यक्रमों के तहत आसपास के 22 से अधिक गांवों में विकास गतिविधियां चला रही है।

उन्होंने कहा कि परियोजना के तहत शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना विकास और कौशल संवर्धन से जुड़ी पहल की गई हैं, जिससे क्षेत्र में ग्रामीण परिवर्तन को बढ़ावा मिला है।

## रुपया 50 पैसे टूटकर 96.70 प्रति डॉलर के नए निचले स्तर पर




मुंबई, (भाषा)।

***अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया मंगलवार को 50 पैसे की बड़ी गिरावट के साथ कारोबार के अंत में 96.70 प्रति डॉलर के नए सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ।***

कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और वैश्विक जोखिम से बचाव की प्रवृत्ति के बीच मजबूत डॉलर और विदेशी पूंजी की बाजार से निकासी के कारण रुपये पर दबाव रहा।

रुपया 2026 में एशिया की सबसे कमजोर प्रदर्शन करने वाली मुद्रा बन गया है। पिछले आठ सत्रों में डॉलर के मुकाबले रुपये में 2.48 रुपये या 2.64 प्रतिशत की गिरावट आई है। यह सात मई को 94.22 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों का कहना है कि कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि और होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने से रुपये की स्थिति अब भी 'नाजुक' बनी हुई है।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 96.38 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान इसने 96.27 के दिन के उच्चतम स्तर को छुआ। कारोबार के अंत में रुपया 96.70 प्रति डॉलर के ऐतिहासिक निम्नतम स्तर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 50 पैसे की गिरावट है।

रुपया सोमवार को अब तक के सबसे निचले स्तर 96.20 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

मिराए एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा, '' हमारा अनुमान है कि मजबूत डॉलर और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में बढ़ोतरी के कारण रुपये गिरावट में रह सकती है...हालांकि, भारतीय रिजर्व बैंक के किसी भी हस्तक्षेप और सोने-चांदी के आयात पर कुछ अंकुश रुपये को निचले स्तर पर सहारा दे सकते हैं।'' उन्होंने कहा, '' अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये का हाजिर भाव 96 से 96.60 के दायरे में रहने का अनुमान है। '' इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.05 प्रतिशत की बढ़त के साथ 99.24 पर रहा। घरेलू शेयर बाजारों में सेंसेक्स 114.19 अंक टूटकर 75,200.85 अंक पर जबकि निफ्टी 31.95 अंक फिसलकर 23,618 अंक पर बंद हुआ। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 1.92 प्रतिशत की गिरावट के साथ 109.95 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) बाजार में शुद्ध बिकवाल रहे और उन्होंने मंगलवार को 2,457.49 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

## आईबीसी के तहत दिसंबर तक 8,800 से अधिक मामले स्वीकृत, 4.11 लाख करोड़ की वसूली: नागराजू



नई दिल्ली, (भाषा)।

***वित्तीय सेवा सचिव एम. नागराजू ने मंगलवार को कहा कि दिवाला एवं ऋणशोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) के तहत दिसंबर, 2025 तक कर्ज समाधान प्रक्रिया के 8,800 से अधिक मामले स्वीकार किए गए और उनके जरिये ऋणदाताओं को 4.11 लाख करोड़ रुपये से अधिक राशि प्राप्त हुई।***

नागराजू ने आईबीसी संशोधन अधिनियम, 2026 पर आयोजित एक कार्यशाला में कहा कि इस कानून के तहत 4,000 से अधिक कॉरपोरेट देनदारों का समाधान, समझौते, वापसी या अपील से जुड़े मामलों के जरिये पुनरुद्धार किया जा चुका है। वित्त मंत्रालय के बयान के मुताबिक, नागराजू ने कहा कि आईबीसी ने देश में समयबद्ध और लेनदार-केंद्रित दिवाला समाधान ढांचा स्थापित किया है, जिससे ऋण अनुशासन मजबूत हुआ है और तनावग्रस्त कंपनियों के परिसमापन की बजाय उनके पुनरुद्धार और परिसंपत्ति मूल्य अधिकतम करने पर ध्यान केंद्रित हुआ है। उन्होंने कहा कि आईबीसी कानून में हाल के सुधारों से समाधान प्रक्रिया अधिक प्रभावी और तेज होगी। कार्यशाला में इस कानून में हुए हाल के संशोधनों जैसे समूह दिवाला, सीमा-पार दिवाला और ऋणदाता-प्रेरित समाधान प्रक्रिया पर चर्चा की गई। भारतीय दिवाला एवं ऋणशोधन अक्षमता बोर्ड (आईबीबीआई) के चेयरपर्सन रवि मित्तल ने कहा कि आईबीसी ने संस्थागत क्षमता बढ़ाने, कर्जदाताओं का विश्वास मजबूत करने और पारदर्शिता बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई है। कार्यशाला में कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और वित्तीय संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारी एवं कानूनी विशेषज्ञ भी शामिल हुए। चर्चा का उद्देश्य संशोधित प्रावधानों के क्रियान्वयन और उनके प्रभाव को स्पष्ट करना था।








जग प्रेरणा

# देश विदेश



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

## नीट पेपर लीक केसः सीकर के शख्स ने पेपर के लिए 10 लाख रुपये दिए, बेटे को 720 में से सिर्फ 107 नंबर मिले..

डेस्क जगप्रेरणा।

***NEET-UG 2026 पेपर लीक मामले में सीबीआई की जांच से राजस्थान का सीकर ज़िला कड़ी निगरानी में आ गया है। एजेंसी ने इस मामले में तीन लोगों को गिरफ़्तार किया है।***




अधिकारियों के अनुसार, आरोपियों ने कथित तौर पर एक गेस पेपर हासिल किया जो NEET के प्रश्न पत्र से काफी मिलता-जुलता था और उसे कोचिंग सेंटरों तक पहुंचाया, जहां से उसे आगे फैलाया गया। गिरफ़्तार किए गए तीनों व्यक्ति एक ही परिवार से हैं। सीबीआई आरोपी के बेटे ऋषि बीवाल की तलाश कर रही है। सीबीआई आरोपी दिनेश बीवाल के बेटे ऋषि बीवाल की भी तलाश कर रही है, क्योंकि कथित तौर पर परीक्षा से पहले लीक हुआ प्रश्न पत्र उसके पास पहुंच गया था। ऐसा लगता है कि ऋषि यह परीक्षा पास नहीं कर पाया है।

### जांच में हुआ बड़ा खुलासा..

जांचकर्ताओं के अनुसार, दिनेश बीवाल ने कथित तौर पर अपने बेटे के लिए लीक हुआ पेपर हासिल करने के लिए सीकर में लगभग 10 लाख रुपये दिए थे। हालांकि, कथित तौर पर पहले से पेपर मिलने के बावजूद, ऋषि NEET में 720 में से सिर्फ़ 107 नंबर ही ला पाया। वह फिलहाल फ़रार है। जां से जुड़े सूत्रों ने बताया कि पूछताछ के दौरान दिनेश ने कथित तौर पर यह मान लिया कि उसने ऋषि के लिए ही वह पेपर हासिल किया था। जां-पड़ताल के दौरान यह बात सामने आई कि उसने बोर्ड परीक्षाओं में भी काफी ख़राब प्रदर्शन किया था।

उसने 10वीं कक्षा लगभग 44 प्रतिशत अंकों के साथ पास की थी और 12वीं कक्षा में उसे सेकंड डिवीज़न मिली थी। जांचकर्ताओं को यह भी पता चला कि 12वीं कक्षा की परीक्षा पास करने के लिए उसे ग्रेस मार्क्स की ज़रूरत पड़ी थी।

### मनीषा गुरुनाथ मांधरे गिरफ्तार..

वहीं, सीबीआई ने एक और मास्टरमाइंड की पहचान करके उसे गिरफ्तार किया है। मुख्य आरोपी मनीषा गुरुनाथ मांधरे, जो महाराष्ट्र के पुणे की एक सीनियर बॉटनी टीचर हैं को CBI की गहन पूछताछ के बाद दिल्ली में गिरफ्तार किया गया है। वह NEET UG 2026 परीक्षा प्रक्रिया में शामिल थी और NTA द्वारा उन्हें एक विशेषज्ञ के तौर पर नियुक्त किया गया था। बॉटनी और जूलॉजी के प्रश्न पत्रों तक उनकी पूरी पहुंच थी।

## बरकाह परमाणु ऊर्जा संयंत्र को निशाना बनाने वाले ड्रोन इराकी क्षेत्र से आए थेः यूएई..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बरकाह परमाणु ऊर्जा संयंत्र को निशाना बनाने वाले सभी ड्रोन इराक से आए थे। देश के रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी।***



इजराइल और अमेरिका द्वारा 28 फरवरी को ईरान के खिलाफ युद्ध शुरू करने के बाद, मिलिशिया ने खाड़ी अरब देशों को निशाना बनाकर बार-बार ड्रोन हमले किए हैं। हमले के बाद बरकाह में किसी के घायल होने या रेडियोधर्मी विकिरण होने की कोई सूचना नहीं है। अमीरात के अधिकारियों ने बताया कि हमले में परिसर की बाहरी सीमा पर स्थित एक जनरेटर को निशाना बनाया गया।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि सैन्य हमले फिर से शुरू करने से पहले वे ईरान को शांति वार्ता में प्रगति करने के लिए कुछ दिन का समय देने को तैयार हैं। ट्रंप ने सोमवार को कहा था कि वह मंगलवार को हमले शुरू करने की योजना से पीछे हट रहे हैं। उन्होंने तेहरान को कई बार समय सीमा दी और फिर पीछे हट गए। ईरान के कब्जे वाले और अमेरिकी नौसैन्य नाकाबंदी के तहत आने वाले महत्वपूर्ण ऊर्जा मार्ग होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर तनाव बढ़ गया है। एक समुद्री डेटा फर्म ने मंगलवार को बताया कि पिछले सप्ताह जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही दोगुनी से अधिक हो गई, लेकिन फिर भी यह युद्ध-पूर्व स्तरों का एक अंश ही है। ट्रंप ने ईरान वार्ता के लिए कोई निश्चित समयसीमा तय करने से परहेज किया है। सोमवार को हमले को रद्द करने से पहले, ट्रंप ने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से कहा कि वह नये सिरे से हमले शुरू करने और नाजुक युद्धविराम को समाप्त करने का फैसला लेने से बस एक घंटा दूर थे।

मंगलवार को ट्रंप ने ईरान के लिए कोई निश्चित समय सीमा तय नहीं की, पहले तो उन्होंने कहा कि वे तेहरान को 'दो या तीन दिन' का समय दे रहे हैं। फिर उन्होंने कहा कि ईरान के पास 'शायद अगले सप्ताह की शुरुआत तक' का समय हो सकता है। ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर भी व्यापक असहमति है। ट्रंप ने कहा है कि वह ईरान से अत्यधिक संवर्धित यूरेनियम हटाना चाहते हैं और उसे परमाणु हथियार विकसित करने से रोकना चाहते हैं। वहीं, ईरान का कहना है कि उसका परमाणु कार्यक्रम शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए है।

इस बीच, इराक सरकार ने संयुक्त अरब अमीरात पर हुए हमलों की निंदा की है। यूएई के परमाणु संयंत्र पर हुए हमले की जिम्मेदारी किसी भी समूह ने फिलहाल नहीं ली है, हालांकि ईरान और उसके सहयोगियों पर संदेह जताया जा रहा।

इराक सरकार के प्रवक्ता बस्सेम अल-अवदी ने अमीराती रक्षा मंत्रालय की रिपोर्ट पर टिप्पणी किए बिना एक बयान जारी कर कहा कि बगदाद यूएई को निशाना बनाकर किए गए हालिया ड्रोन हमलों की कड़ी निंदा करता है। अल-अवदी ने कहा, 'हम क्षेत्रीय स्थिरता को किसी भी प्रकार की क्षति या नुकसान से बचाने और मित्र देशों की सुरक्षा और संप्रभुता को निशाना बनाने से रोकने के लिए प्रभावी क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के महत्व पर भी जोर देते हैं।' यूएई के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि पिछले दो दिनों में तीन अन्य ड्रोन ने भी देश को निशाना बनाया, हालांकि मंत्रालय ने उनके लक्ष्यों के बारे में विस्तार से जानकारी नहीं दी।

सऊदी अरब, जिसने परमाणु संयंत्र पर हमले की निंदा की है, ने बाद में कहा कि उसने इराकी हवाई क्षेत्र से प्रवेश करने वाले तीन ड्रोन को मार गिराया। बरकाह परमाणु ऊर्जा संयंत्र यूएई ने दक्षिण कोरिया की मदद से बनाया था और यह 2020 में चालू हुआ था। यह अरब जगत का एकमात्र परमाणु ऊर्जा संयंत्र है।

## चिकित्सक की हत्या मामले में नौ लोगों को बरी करने का फैसला शीर्ष अदालत ने पलटा..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***नयी दिल्ली, 19 मई (भाषा) शीर्ष अदालत ने चेन्नई के प्रसिद्ध तंत्रिका विज्ञानी सुब्बैया की 2013 में दिन-दहाड़े हुई हत्या के मामले में मद्रास उच्च न्यायालय के एक आदेश को मंगलवार को निरस्त कर दिया***



तथा इस सिलसिले में नौ लोगों की भूमिका के लिए उनकी दोषसिद्धि को बरकरार रखा। यद्यपि निचली अदालत ने मूल रूप से कई आरोपियों को मृत्युदंड की सजा सुनाई थी, लेकिन न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने राज्य सरकार के मृत्युदंड पर जोर न देने के फैसले को संज्ञान में लिया तथा फांसी की सजा को आजीवन कारावास में बदल दिया। न्यायमूर्ति शर्मा ने 96 पन्नों के अपने फैसले की शुरुआत 'लोभ की पराकाष्ठा' पर रवींद्रनाथ टैगोर के एक मार्मिक उद्धरण के साथ की।

चौदह सितंबर, 2013 को हुई हत्या, कन्याकुमारी में दो एकड़ भूमि के टुकड़े को लेकर एक दशक पुरानी रंजिश का परिणाम थी। डॉक्टर सुब्बैया का भूमि के स्वामित्व को लेकर आरोपी परिवार के सदस्यों के साथ लंबे समय से विवाद चल रहा था। भूमि कब्जा से संबंधित प्रकोष्ठ के समक्ष कई शिकायतें दर्ज की गई थीं तथा आपराधिक कार्यवाही तथा कुछ आरोपियों द्वारा प्राप्त अग्रिम जमानत को रद्द करने के प्रयासों के बाद तनाव बढ़ गया था।

अभियोजन पक्ष ने सफलतापूर्वक साबित किया कि एक आरोपी के परिवार ने गुर्गों के साथ मिलकर चिकित्सक को 'खत्म' करने की साजिश रची थी, क्योंकि उनका मानना था कि सुब्बैया की मृत्यु से वे लोग संपत्ति पर कब्जा कर सकेंगे। निचली अदालत ने 2021 में आरोपियों को दोषी पाया था और उनमें से सात को मृत्युदंड की सजा सुनाई थी। जून 2024 में, मद्रास उच्च न्यायालय ने दोषसिद्धि को पूरी तरह से रद्द कर दिया और विभिन्न कारणों से सभी आरोपियों को बरी कर दिया था। शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय द्वारा आरोपियों के बरी किए जाने के फैसले को पलट दिया, इसे एक 'गंभीर त्रुटि' बताया और निचली अदालत के दोषसिद्धि के निष्कर्षों को बहाल कर दिया।

दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें..
मो. 9329033433

## दर्दनाक! 8 महीने की बच्ची को मां ने पिलाया एसिड, अस्पताल में भर्ती; हालत गंभीर..

डेस्क जगप्रेरणा।

***राजस्थान के भिवाड़ी में एक हैरान कर देनेवाला मामला सामने आया है। यहां एक मां ने अपनी आठ महीने की बच्ची को एसिड पिला दिया। घटना के बाद बच्ची की हालत खराब हो गई।***



आनन-फानन में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां बच्ची का इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक बच्ची बहुत ज्यादा तकलीफ में है। पूरी घटना भिवाड़ी के कैप्टन चौक इलाके की बताई जा रही है। फिलहाल बच्ची को गंभीर हालत में अलवर चिल्ड्रन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। बच्ची के परिजनों ने ही मां पर एसिड पिलाने का आरोप लगाया है।

### बच्ची का इलाज जारी..

घटना की जानकारी देते हुए अस्पताल की डॉक्टर राशि सिंह कौशिक ने बताया, 'बच्ची का नाम काव्या है और उसके पिता का नाम मोहित है। वह आठ महीने की बच्ची है। शुरुआत में उसका इलाज भिवाड़ी के एक अस्पताल में हुआ था, और कल शाम करीब 7 बजे उसे यहां रेफर किया गया। परिवार वालों के अनुसार, मां ने बच्ची को एसिड पिलाया था। बच्ची को लगातार ब्लीडिंग हो रही है। वह वेंटिलेटर सपोर्ट पर है, उसका ऑक्सीजन सैचुरेशन पूरी तरह से मेंटेन नहीं हो पा रहा है, और वह बहुत ज़्यादा तकलीफ में है। हम लगातार उसकी निगरानी कर रहे हैं।'

### पिता ने बच्ची की मां पर लगाया आरोप..

वहीं बच्ची के पिता मोहित ने कहा, 'मैं काम पर था, तभी मेरी बहन का फोन आया कि मेरी बेटी की हालत बहुत गंभीर है और उसने कुछ निगल लिया है या खा लिया है। इसलिए मैं तुरंत कंपनी से निकलकर घर भागा। मेरी बेटी आठ महीने की है। मुझे नहीं पता कि क्या हुआ, कोई बात नहीं हुई थी, लेकिन उसकी मां ने कथित तौर पर बच्ची को एसिड पिला दिया। बच्ची की हालत गंभीर है और उसे सांस लेने में परेशानी हो रही है।'

## भीड़ हिंसा मामले में दो और गिरफ्तार, अब तक कुल 15 लोग पकड़े गए..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***ओडिशा पुलिस की अपराध शाखा ने मंगलवार को जीआरपी सिपाही सौम्य रंजन स्वैन की भीड़ द्वारा पीटकर हत्या किए जाने के मामले में दो और लोगों को गिरफ्तार किया है। इसी के साथ इस मामले में अब तक गिरफ्तार किए गए आरोपियों की कुल संख्या बढ़कर 15 हो गई है। पुलिस ने बताया कि मंगलवार को गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपी गांव से फरार होने के बाद नयागढ़ जिला स्थित जंगल में जाकर छिप गए थे। पुलिस के अनुसार यह घटना सात मई को हुई।***

पुलिस ने बताया कि स्वैन की मोटरसाइकिल और महिला के दोपहिया वाहन के बीच टक्कर हो गई थी जिसके बाद महिला ने सिपाही पर उससे दुष्कर्म के प्रयास का आरोप लगाया। इसके बाद भीड़ ने स्वैन को एक खंभे से बांध दिया और पीटकर उसकी हत्या कर दी। कथित तौर पर पीटकर हत्या की घटना पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में हुई, जिससे भीड़ हिंसा और पुलिस की कथित निष्क्रियता को लेकर व्यापक आक्रोश फैल गया। अपराध शाखा ने एक बयान में कहा, 'जांच के दौरान एकत्र किए गए पुख्ता सबूतों के आधार पर 19 मई 2026 को मुख्य आरोपी पंचानन बडजेना उर्फकालिया और रंजित राणा को नयागढ़ जिले के रणपुर जंगल से गिरफ्तार कर लिया गया है।'

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जांच से स्वैन से मारपीट में आरोपी व्यक्तियों की संलिप्तता का पता चला है। इस मामले में 11 आरोपियों को पहले ही स्थानीय पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। इस बीच, स्वैन के पिता दुशासन स्वैन ने आरोप लगाते हुए कहा, 'एक वीडियो में कुछ पुलिसकर्मी भीड़ के साथ मिलकर मेरे बेटे पर लाठियां बरसाते नजर आ रहे हैं। अपराध शाखा ने दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफकोई कार्रवाई नहीं की है। इसलिए, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) जांच की जरूरत है।' इस संबंध में वीडियो फुटेज सहित सभी पुख्ता सबूत होने के बावजूद कार्रवाई में देरी पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में,अपराध शाखा के महानिदेशक विनयतोष मिश्रा ने कहा 'हम आरोपियों को उन सभी सबूतों के साथ पकड़ रहे हैं ताकि यह वे मुकदमे की सुनवाई के दौरान बच न सकें।' अधिकारियों के अनुसार, राज्य सरकार ने मौके पर मौजूदगी के बावजूद एक व्यक्ति की जान बचाने में विफल रहने और लापरवाही बरतने के आरोप में चार पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। बलियंता थाने के निरीक्षक का तबादला कर दिया गया है, जबकि दो होमगार्ड को सेवा से मुक्त कर दिया गया है।

## चौथी मंजिल से जलता हुआ नीचे उतरा शख्स, हुई मौत; पत्नी-सास पर आरोप..

डेस्क जगप्रेरणा।

***राजधानी दिल्ली से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां दिल्ली के महिंद्रा पार्क इलाके में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में जलने से मौत हो गई।***




घटना जहांगीरपुरी की है। जानकारी के मुताबिक एक युवक उत्तम नगर से अपनी पत्नी को लेने ससुराल जहांगीरपुरी पहुंचा था। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि युवक जलती हालत में चौथी मंजिल से नीचे उतरा। वह जलता हुआ दौड़ते हुए नीचे उतरा। युवक ने मरने से पहले अपनी पत्नी और सास पर आग लगाने का आरोप लगाया था। हालांकि स्थानीय लोगों ने किसी तरह से जान जोखिम में डालकर आग बुझाने की कोशिश की।

### पत्नी और सास को पुलिस ने हिरासत में लिया..

वहीं घटनास्थल पर चौथी मंजिल से गली तक जले हुए अवशेष मिले। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस, क्राइम ब्रांच और एफएसएल की टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य इकट्ठा किए। वहीं दूसरी तरफ पत्नी और सास का दावा है कि युवक खुद अपने साथ तेल और फिनाइल लेकर आया था। आरोप है कि गेट नहीं खुलने पर युवक ने पहले फिनाइल पी और फिर खुद को आग लगा ली। फिलहाल पुलिस ने आरोपी पत्नी और सास को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। वहीं अब पुलिस की टीम जांच में जुटी है कि मामला आत्महत्या का है या हत्या का।

### गुरुग्राम में युवक की जलकर मौत..

एक अन्य घटना में 40 वर्षीय व्यक्ति की जलकर मौत हो गई। मामला गुरुग्राम के सेक्टर 53 का बताया जा रहा है। यहां एक झुग्गी बस्ती में 'शॉर्ट सर्किट' के कारण आग लग गई, जिसमें जलकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान पश्चिम बंगाल निवासी रॉबिन दास के रूप में हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग ने देखते ही देखते पूरी झुग्गी बस्ती को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे रॉबिन दास को भागने का कोई मौका नहीं मिला। मौके पर पहुंची पुलिस और दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पाकर उसे आसपास की झुग्गी-झोपड़ियों में फैलने से रोक दिया।

## 'पायरो' पटाखों की दुकान में आग, गैरेज और जिम तक पहुंचीं लपटें, कोई हताहत नहीं..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***इंदौर में मंगलवार को सजावटी 'पायरो' पटाखों की एक दुकान में आग लग गई और लपटों ने पास के ऑटो गैरेज, कुछ वाहनों और इमारत के ऊपरी तल पर स्थित जिम के बाहरी हिस्से को अपनी जद में ले लिया।***



अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इस घटना में कोई भी व्यक्ति हताहत नहीं हुआ। 'पायरो (कोल्ड फायरवर्क्स)' सजावटी आतिशबाजी का प्रभाव पैदा करते हैं जिनमें अपेक्षाकृत ठंडी चिंगारियां निकलती हैं। अधिकारियों ने बताया कि तेजाजी नगर क्षेत्र में 'पायरो' पटाखों की दुकान में अज्ञात कारण से आग लगी और लपटों ने पास के ऑटो गैरेज एवं वहां खड़े वाहनों को भी अपनी जद में ले लिया।

उन्होंने बताया कि लपटें इमारत की ऊपरी मंजिल पर स्थित जिम के बाहरी शीशों तक पहुंच गईं, हालांकि वक्त रहते इन पर काबू पा लिया गया और जिम में कोई बड़ा नुकसान होने से बच गया। चश्मदीदों ने बताया कि आग से जिम में कसरत के लिए आए लोगों के वाहनों को भी नुकसान पहुंचा जिनमें एक कार शामिल है।

मौके पर मौजूद युवा मोहम्मद हुसैन ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया,'हम जिम में कसरत के लिए पहुंचे थे। नीचे की मंजिल से भीषण लपटें ऊपर तक आ रही थीं। मेरा दोपहिया वाहन नीचे खड़ा था जो आग में जलकर खाक हो गया।' पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) नरेंद्र रावत ने बताया कि आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया है और अग्निकांड के कारण का पता लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि घटना में कोई भी व्यक्ति हताहत नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि 'पायरो' पटाखों की दुकान के दस्तावेजों की जांच की जा रही है और गड़बड़ी मिलने पर उचित कानूनी कदम उठाए जाएंगे।

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता
रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस
मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 9890696200

सर्वश्रेष्ठ प्रिंटिंग
सबसे कम कीमत पर
समाचार पत्र, पत्रिका, किताब, पांपलेट, बिलबुक, रसीद बुक, लेटरपेड, कैलेंडर, आदि की ग्राफिक्स डिजाईनिंग एवं प्रिंटिंग कार्य के लिये तथा समाचार पत्रों के साथ पांपलेट वितरण कार्य के लिये संपर्क करें..
जगप्रेरणा ग्राफिक्स
गोंदिया - बालाघाट मो. 9329033433










दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

लक्ष्मीनारायण दुबे तिरोड़ा

मो. 9404304226


# अलग ओबीसी कॉलम नहीं होने ग्राम सरपंचों ने दी जनगणना के सामूहिक बहिष्कार की चेतावनी..

## सालेकसा तहसील के ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों ने राष्ट्रपति, गृह मंत्री और जिलाधिकारी के नाम सौंपा ज्ञापन..



जगप्रेरणा सालेकसा।

*राष्ट्रीय जनगणना में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समाज के लिए अलग कॉलम नहीं दिए जाने से सालेकसा तहसील की विभिन्न ग्राम पंचायतों में भारी नाराजगी देखी जा रही है।*

'देश के विकास की रीढ़ माने जाने वाले ओबीसी समाज को यदि जनगणना में स्थान ही नहीं मिलेगा, तो ऐसी जनगणना हमें स्वीकार नहीं,' इस स्पष्ट चेतावनी के साथ ग्राम पंचायत भजेपार, बोदलबोडी, धानोली, गिरोला, तिरखेड़ी, कडोतीटोला, गोर्रे तथा सालेकसा नगर पंचायत की ओर से महामहिम राष्ट्रपति, केंद्रीय गृह मंत्री और गोंदिया जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया।

यह ज्ञापन तहसीलदार सालेकसा के माध्यम से भेजा गया। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि ओबीसी समाज के लिए अलग कॉलम न होना केवल लापरवाही नहीं, बल्कि देश के बहुसंख्यक समाज के अस्तित्व को नकारने का एक जानबूझकर किया गया प्रयास है। ज्ञापन में कहा गया कि जनगणना देश की सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक नीतियों की आधारशिला होती है। यदि इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया में ओबीसी समाज की अलग पहचान दर्ज नहीं होगी, तो भविष्य में आरक्षण, कल्याणकारी योजनाओं और अधिकारों पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि देश के किसान, मजदूर, श्रमिक और उत्पादन क्षेत्र से जुड़ा बड़ा वर्ग ओबीसी समाज से आता है। कृषि, निर्माण, उद्योग, परिवहन और श्रम आधारित हर क्षेत्र में ओबीसी समाज का महत्वपूर्ण योगदान है और देश की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में इसकी अहम भूमिका रही है। प्रतिनिधियों ने कहा, 'सबसे अधिक कर देने वाला, सबसे अधिक श्रम करने वाला और देश के अन्न भंडार भरने वाला समाज यदि जनगणना से ही गायब कर दिया जाए, तो यह सामाजिक न्याय व्यवस्था पर सीधा आघात है।'

ज्ञापन में यह भी कहा गया कि केंद्र सरकार ने पहले ओबीसी जनगणना को लेकर सकारात्मक रुख अपनाने का आश्वासन दिया था, लेकिन वास्तविक जनगणना में अलग कॉलम नहीं दिए जाने से ओबीसी समाज में भारी असंतोष फैल गया है। इसलिए सरकार से तत्काल अलग ओबीसी गणना कराने की मांग की गई है। साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि यह मांग नहीं मानी गई, तो आगामी जनगणना का सामूहिक बहिष्कार किया जाएगा।

इस अवसर पर विभिन्न ग्राम पंचायतों के पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता, युवा और ओबीसी समाज के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों ने कहा, 'ओबीसी जनगणना केवल आंकड़ों की गिनती नहीं, बल्कि सामाजिक अस्तित्व और अधिकारों की लड़ाई है। सालेकसा तहसील से उठी यह आवाज अब पूरे जिले और राज्य में तेज होने की संभावना जताई जा रही है, जिससे ओबीसी जनगणना का मुद्दा एक बार फिर चर्चा के केंद्र में आ गया है। कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्या विमलताई कटरे, सालेकसा नगर पंचायत अध्यक्ष विजय फुंडे एवं नगरवासी, ग्राम पंचायत भजेपार के सरपंच चंद्रकुमार बहेकार, बोदलबोडी के सरपंच देवेंद्र पटले, धानोली की सरपंच उर्मिला कटरे, गिरोला की सरपंच रविता मेंढे, तिरखेड़ी की सरपंच प्रिया शरणागत, गोर्रे के सरपंच रामेश्वर कटरे, कडोतीटोला के पदाधिकारी तथा तहसील के बड़ी संख्या में ओबीसी समाज के लोग उपस्थित रहे।

# बीजेपार को बचाते-बचाते गांधीटोला की स्वास्थ्य सेवा मरणासन्न..

## गांधीटोला का दवाखाना बना शोपीस..

## गांधीटोला की स्वास्थ्य सेवा ऑक्सीजन पर..

## गांधीटोला दवाखाना पड़ा ताले में बंद..

राकेश रोकड़े जगप्रेरणा सालेकसा।




*सालेकसा तहसील दुर्गम एवं आदिवासी बहुल क्षेत्र के रूप में जाना जाता है, लेकिन यहां की स्वास्थ्य सेवाएं ऑक्सीजन पर चल रही हैं, ऐसा चित्र हर जगह दिखाई दे रहा है।*

ऐसा ही कुछ गांधीटोला स्थित आयुर्वेदिक दवाखाने की स्वास्थ्य सेवा को लेकर सामने आ रहा है, जो वर्तमान में पूरी तरह चरमरा चुकी है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बीजेपार के डॉक्टरों को जिला स्तर की बैठकों में जाना तथा अन्य सभाओं में उपस्थित रहना पड़ता है। स्वास्थ्य सेवा प्रभावित न हो, इसके लिए डॉ. सुरकर, वैद्यकीय अधिकारी सोनपुरी तथा गांधीटोला आयुर्वेदिक दवाखाने में कार्यरत वैद्यकीय अधिकारी डॉ. स्नेहा दोनोडे को अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

एक दवाखाने के लिए तीन डॉक्टर और जहां केवल एक ही डॉक्टर है, उसे अतिरिक्त जिम्मेदारी देना 'एक को मां और दूसरे को मौसी' जैसा व्यवहार करने के समान है। लेकिन इस निर्णय का सीधा असर गांधीटोला परिसर के ग्रामीण नागरिकों पर पड़ रहा है और 'एक को बचाने के लिए दूसरे की बलि क्यों?' ऐसा संतप्त सवाल नागरिकों द्वारा उठाया जा रहा है। वैद्यकीय अधिकारी डॉ. स्नेहा दोनोडे को महीने के पहले और तीसरे सप्ताह में मंगलवार एवं शनिवार, तथा दूसरे और चौथे सप्ताह में सोमवार और दूसरे रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बीजेपार में प्रत्यक्ष उपस्थित रहकर बाह्यरुग्ण एवं आंतररुग्ण सेवा देने के आदेश दिए गए हैं। लेकिन गांधीटोला दवाखाने में अन्य कोई वैद्यकीय अधिकारी अथवा कर्मचारी नियुक्त नहीं होने के कारण, डॉक्टर के बीजेपार जाने के बाद गांधीटोला दवाखाना पूरी तरह ताले में बंद रहता है, यह वास्तविकता सामने आई है।

स्थानीय नागरिकों के अनुसार, उपचार के लिए दवाखाने में आने वाले मरीजों को दरवाजे पर ताला देखकर निराश होकर वापस लौटना पड़ रहा है। विशेष रूप से वृद्ध, महिलाएं, छोटे बच्चे और गरीब परिवारों को इसका भारी कष्ट सहना पड़ रहा है। 'यह सरकारी दवाखाना है या शोपीस?' ऐसा संतप्त सवाल अब ग्रामवासी पूछने लगे हैं।

यहां आसपास के कई गांवों के अधिकांश नागरिक प्राथमिक उपचार के लिए सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था पर ही निर्भर हैं। लेकिन डॉक्टर की अनुपस्थिति के कारण मामूली बीमारी के लिए भी नागरिकों को यातायात एवं बस सेवा का कोई साधन उपलब्ध न होने के बावजूद अनेक परेशानियां झेलते हुए दूर दूसरे गांव में दवाखाने का सहारा लेना पड़ रहा है। समय पर उपचार न मिलने पर गंभीर स्थिति उत्पन्न होने की आशंका भी व्यक्त की जा रही है। इस बीच, 'एक ही डॉक्टर पर दो दवाखानों की जिम्मेदारी डालकर प्रशासन आखिर हासिल क्या करना चाहता है?' ऐसा सवाल भी अब जोर पकड़ने लगा है। ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था में मानव संसाधनों की भारी कमी एक बार फिर उजागर हो गई है और गांधीटोला दवाखाने के लिए अतिरिक्त कर्मचारी नियुक्त करने की मांग नागरिकों द्वारा जोर पकड़ रही है। यदि स्वास्थ्य विभाग ने तत्काल इस ओर ध्यान नहीं दिया, तो भविष्य में तीव्र जनआक्रोश भड़कने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

### बोले रेखाताई फुंडे..

'वैद्यकीय अधिकारी डॉ. दोनोडे गांधीटोला में सेवा देने वाली एकमात्र अधिकारी हैं। उनके अलावा वहां कोई भी कर्मचारी नियुक्त नहीं है। इसलिए डॉक्टर के बाहर जाने के बाद दवाखाना ताले में बंद रहता है। गांधीटोला के नागरिकों की स्वास्थ्य सेवा को ध्यान में रखते हुए तालुका स्वास्थ्य अधिकारी को डॉ. दोनोडे के पास से बीजेपार का अतिरिक्त प्रभार तत्काल हटाना चाहिए।'

### बोले डॉ. स्नेहा दोनोडे..

मेरे पास बीजेपार का अतिरिक्त प्रभार होने के कारण महीने के पहले और तीसरे सप्ताह में मंगलवार एवं शनिवार, तथा दूसरे और चौथे सप्ताह में सोमवार और दूसरे रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बीजेपार में सेवा देनी पड़ती है।

# गोंदिया पुलिस डायरी।।

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो। 9922607145

## ट्रक की चपेट मे आने से टु विलर के पिछे बैठी महिला जख्मी मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के ग्रामीण पुलिस थाना अंतर्गत वाहन अपघात का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 18/ 5/ 2026 के दोपहर 1 बजे के दरम्यान सारस चौक फुल चुर मे फर्यादी अजय कृष्णा मेश्राम उम्र 31वर्ष निवासी गंगाझरी अपनी मोटरसायकल क्रमांक एम एच 35 ए एम 9806 पत्नी को पीछे बिठाकर कलेक्टर ऑफिस जा रहे थे। पिछे से आ रहे ट्रक क्रमांक सी जी 08 ए डब्लु 9678 के चालक ने अपना वाहन लापरवाही से चलाकर मोटरसायकल को ठोस मारी फर्यादी की पत्नी को गंभीर चोट आने से दिये शिकायत और डाक्टर की रिपोर्ट पर पोस्टे गोंदिया ग्रामीण मे अपराध क्रमांक 282/2026 धारा 281,125, ब, भान्यास 2023 सहकलम 184, मोवाका के तहत मामला दर्ज कर जांच पोहवा कोरे 1507 पोस्टे गोंदिया ग्रामीण कर रहे है।

## रेती चोर मिनी टिप्पर सहित पकड़ाया मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के दवनीवाडा पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 18/12/2025 के 1 बजे के दरम्यान देवरी नवेगाव रोड पर पोहवा मिलकीराम पटले पोस्टे दवनीवाडा अपने स्टॉफ के साथ पेट्रोलिंग कर रहे थे। उसी समय आरोपी ने अपने 6 चक्का मिनी टिप्पर क्रमांक एम एच 35 एजे 7788 मे वैनगंगा नदी पात्र से 3 ब्रास रेती भरकर ले जा रहा था। उसे रोककर पुछने पर किसी प्रकार की पास परमीशन उसके पास नही थी। चोरी की रेती ले जाते वक्त पकड़ाने से टिप्पर किमत 15 लाख और रेती किमत 15 हजार रुपये का माल जप्त कर दिये शिकायत पर पोस्टे दवनीवाडा मे अपराध क्रमांक 302/2025 धारा 303,2,305, ई, भान्यास 2023 के तहत दर्ज कर जॉच पोहवा गुलाबदास छोटेलाल तुरकर 1501 पोस्टे दवनीवाडा कर रहे है।

## पेट्रोल टेंकर की चपेट मे आने से 16 वर्षीय छात्रा की मौत मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के सालेकसा पुलिस थाना अंतर्गत ॲक्सीडेंट मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 18/ 5/ 2026 के शाम 6 बजे के दरम्यान गांधीटोला सा खरीटोला मार्ग पर कु मोहिनी उर्फ मोनालिका मेंढे उम्र 16 वर्ष निवासी गांधोटोला सालेकसा ट्युशन जा रही थी। पेट्रोल टेंकर के चालक ने अपना वाहन लापरवाही से चलाकर बच्ची को ठोस मारी गंभीर जख्मी होने से उसे उपचार के लिये ग्रामीण अस्पताल ले गया जहा डाक्टर मे जॉच कर मृत घोषित करने से डाक्टर के मेमो और फर्यादी की शिकायत पर पोस्टे सालेकसा मे अपराध क्रमांक 258/2026 धारा 106,1,281, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोऊपनी आनंद चौहान पोस्टे सालेकसा कर रहे है।

## रेती चोर टिप्पर सहीत गिरफ्तार मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के दवनीवाडा पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 18/12/2025 के 2 बजे के दरम्यान धापेवाडा नवेगाव रोड पर फर्यादी पोहवा मिल्कीराम पटले पोस्टे दवनीवाडा पेट्रोलिंग कर रहे थे। जहा आरोपी ने अपने दस चक्का टिप्पर क्रमांक एम एच 35 एजे 4403 मे 6 ब्रास रेती बिना पास परमीशन के चोरी करते समय पकड़ाए जाने पर टिप्पर और रेती कुल 30 लाख 30 हजार रुपये का माल जप्त कर दिये शिकायत पर पोस्टे दवनीवाडा मे अपराध क्रमांक 304/2025 धारा 303, 2, 305, ई, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोना मोहन प्रभुदास टेंभेकर 1699 पोस्टे दवनीवाडा कर रहे है।


दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एव विज्ञापनो के लिये संपर्क करे.. मो. 9329033433


# ग्राम बरबस पूरा में वर्ग खोली, बुद्ध विहार के सामने सौंदर्यीकरण एवं नाली बांधकाम का भूमिपूजन संपन्न






जगप्रेरणा गोंदिया।

*कुड़वा जिला परिषद अंतर्गत आने वाले ग्राम बरबसपुरा में विकास की कड़ी में जिला परिषद शाला में शिक्षण विभाग द्वारा मंजूर वर्ग खोली बांधकाम, जन सुविधा अंतर्गत बुद्ध विहार के* सामने सौंदर्यीकरण एवं दलित बस्ती सुधार अंतर्गत नाली बांधकाम के कार्यों का भूमिपूजन सांसद प्रफुल भाई पटेल एवं पूर्व विधायक श्री राजेंद्र जैन के मार्गदर्शन में जिला परिषद सदस्य सौ. पूजा अखिलेश सेठ के हस्ते किया गया।

इस अवसर पर पंचायत समिति सदस्य विनोद बिसेन, सरपंच लिविंग डोंगरे, उप सरपंच झमेंद्र नागपुरे, गोविन्द वासनिक, डॉ योगराज नागपुरे, वजीर बिसेन, हेमराज लांजेवार, श्रीमती छाया ताई बिसेन, नरेश चौहान, मुख्याध्यापक ओम हरिनखेडे, एस तुरकर, वि डहाके, श्रीमती यू बसोड़, कल्पना राहंगडाले, जे बी हरिनखेडे प्रमुख रूप से उपस्थित थे। ग्राम के नागरिकों और पालकों छात्र छात्राओं जिला परिषद सदस्य श्रीमती पूजा सेठ का आभार व्यक्त किया।

# अमृत भारत स्टेशन नाम का, यात्रियों को हो रही भारी परेशानी



जगप्रेरणा आमगांव।

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चुने गए आमगांव रेलवे स्टेशन को दर्जेदार स्टेशन बनाने की घोषणा अभी भी कागज़ों पर है। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत करोड़ों रुपये खर्च करने के बावजूद आमगांव रेलवे स्टेशन पर पायाभूत सुविधा की भारी कमी है। बंद लिफ्ट, खराब डिस्प्ले सिस्टम और टॉयलेट की खराब हालत की वजह से यात्रियों को बहुत परेशानी हो रही है।

कई ज़रूरी सुपरफास्ट और एक्सप्रेस ट्रेनें (जैसे जनशताब्दी एक्सप्रेस, आज़ाद हिंद एक्सप्रेस, मेल, वगैरह) आमगांव स्टेशन पर नहीं रुकती हैं। इस वजह से यात्रियों को गोंदिया या दूसरे बड़े स्टेशनों पर जाना पड़ता है। कुछ पैसेंजर और एक्सप्रेस ट्रेनों के कुछ ही स्टॉप हैं और दोपहर की शिफ्ट में कोई ट्रेन नहीं रुकती है। आमगांव रेलवे स्टेशन मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्यों से सटा हुआ है और मध्य प्रदेश के लांजी तालुका, महाराष्ट्र के सालेकसा, देवरी और इलाके के दूसरे गांवों के लोगों के लिए सुविधाजनक है यात्रियों की सुविधा के लिए स्टेशन के तीनों प्लेटफॉर्म पर लिफ्ट कभी खुली रहती हैं तो कभी बंद रहती हैं। प्रशासन तकनीकी खराबी का हवाला देकर जिम्मेदारी से बच जाता है। लेकिन, इसके कारण सामान का बोझ लेकर सीढ़ियां चढ़ने वाले सीनियर सिटिजन, महिलाओं और गर्भवती महिलाओं की परेशानी को नजरअंदाज किया जा रहा है। फुटओवर ब्रिज पर बने घुमावदार रैंप सीनियर सिटिजन के लिए परेशानी का सबब बन रहे हैं। स्टेशन एरिया और खासकर टॉयलेट गंदे हैं, जिससे यात्रियों, महिलाओं और सीनियर सिटिजन को परेशानी होती है।

मुंबई, पुणे, हैदराबाद, हावड़ा जाने वाली कई सुपरफास्ट ट्रेनें इस रूट से गुजरती हैं, लेकिन कई ट्रेनों का स्टॉप नहीं होने से यात्रियों को गोंदिया रेलवे स्टेशन से सफर करना पड़ता है। क्या जनप्रतिनिधि पहल करेंगे? चुनाव आने पर विधायक और सांसद वादा करते हैं कि हमें नई ट्रेनों का स्टॉप मिलेगा। लेकिन, नई ट्रेनों का स्टॉप दिलाने के लिए लगातार रेलवे डिपार्टमेंट से संपर्क करने वाले विधायक और सांसद अभी तक सामने नहीं आए हैं। यात्री पूछ रहे हैं कि क्या मौजूदा विधायक और सांसद अब पहल करेंगे।

# जल जीवन मिशन के कामों में अनियमितता, नागरिकों में आक्रोश

## 100 से अधिक योजनाएं लंबित, समस्या न सुलझने पर आंदोलन की चेतावनी..

जगप्रेरणा आमगांव।

जल जीवन मिशन भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना हैं. इसका लक्ष्य भारत के ग्रामीण क्षेत्र के हर घर तक व्यक्तिगत नल कनेक्शन के माध्यम से शुद्ध और पर्याप्त पेयजल पहुंचाना है. इस योजना के तहत आमगाव तहसील में चल रहे कामों में भारी अनियमितताओं के आरोप लगे हैं। संबंधित विभाग के अधिकारियों की लापरवाही और उदासीनता के कारण 100 से अधिक योजनाएं अभी भी अधूरी पड़ी हैं, जिससे ग्रामीणों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि पाइपलाइन बिछाने, टंकी निर्माण और बिजली कनेक्शन देने के काम या तो बेहद धीमी गति से चल रहे हैं या बीच में ही रोक दिए गए हैं। कई जगहों पर घटिया सामग्री का उपयोग और नियमों की अनदेखी की गई है। बार-बार शिकायत करने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। नागरिकों में बढ़ते आक्रोश को देखते हुए ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही अधूरी योजनाओं को पूरा नहीं किया गया और गैरजिम्मेदार अधिकारियों व लापरवाही बरतनेवाले कर्मचारियों पर अतिशीघ्र कार्रवाई नहीं होनेपर समस्याग्रस्त सभी ग्राम के नागरिकों द्वारा सामुहिक आंदोलन किया जाएगा।

ग्रामीणों की मांग है कि जल जीवन मिशन के सभी कार्यों की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और जनता को समय पर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाए।

# श्री श्री रविशंकर जी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आनंद अनुभूति शिविर का आयोजन..




जगप्रेरणा सालेकसा।

आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में 21 मई से 24 मई तक 'आनंद अनुभूति शिविर' का आयोजन पुलिस स्टेशन सालेकसा के पास स्पाक रूम में किया गया है। यह शिविर पुलिस निरीक्षक श्री भूषण बुराड़े के मार्गदर्शन में आयोजित होगा।

शिविर में बच्चों और युवाओं के मानसिक, शारीरिक एवं आध्यात्मिक विकास के लिए विशेष योग, ध्यान और प्राणायाम प्रक्रियाएं कराई जाएंगी। आयोजकों ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य बच्चों को तनावमुक्त, उत्साहपूर्ण, सजग और सरल बनाना है। आठ वर्ष से तेरह वर्ष तक के बच्चों के लिए 'उत्कर्ष योग' शिविर आयोजित किया गया है, जिसका समय शाम 4.00 बजे से 5:30 बजे तक रखा गया है। वहीं तेरह वर्ष से अठारह वर्ष तक के बच्चों के लिए 'मेधा योग' शिविर का आयोजन किया गया है, जिसमें ध्यान, प्राणायाम और योग प्रशिक्षण दिया जाएगा।

मेधा योग का समय शाम 5:30 बजे से 7.00 बजे तक निर्धारित किया गया है। इसके अलावा 'आनंद अनुभूति' शिविर का आयोजन सुबह 6.00 बजे से 9.00 बजे तक पुलिस स्टेशन सालेकसा के सभागृह में रखा गया है। आयोजकों ने अधिक से अधिक लोगों से सहयोग और सहभागिता की अपील करते हुए कहा कि इस शिविर के माध्यम से बच्चों और युवाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को इस शिविर में अधिक संख्या में शामिल करें, ताकि वे योग, ध्यान और प्राणायाम के माध्यम से स्वस्थ और तनावमुक्त जीवन की ओर अग्रसर हो सकें।


दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
संजीव बापट गोंदिया
मो. 9922607145

जग प्रेरणा
गोंदिया भंडारा
● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टैंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेंन्ट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

# राष्ट्रव्यापी आंदोलन के तहत आज बंद रहेगी गोंदिया जिले में सभी दवा दुकानें..

## आकस्मिक सेवाओं के लिये जिला प्रशासन ने तय की औषधी विक्रेताओं की जिम्मेदारी..



जगप्रेरणा गोंदिया।

*आज 20 मई 2026 दिन बुधवार को अखिल भारतीय औषधि विक्रेता संगठन ने राज्य और देश में संचालित ऑनलाइन इंटरनेट फार्मेसियों के विरोध में और अन्य मुद्दों को लेकर राष्ट्रव्यापी आंदोलन के तहत संपूर्ण भारत में दवा दुकानों को बंद रखने का निर्णय लिया है। भारत भर में दवा विक्रेताओं द्वारा ऑन लाईन दवाईयों की*

बिक्री के विरोध में किये जा रहे आंदोलन को देखते हुए गोंदिया जिले में जिला प्रशासन ने आकस्मिक परिस्थितियों में दवाओं की आपूर्ति हेतु व्यवस्थाएं सुनिश्चित की है, तथा इसके तहत खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए), गोंदिया और गोंदिया जिला केमिस्ट और ड्रगिस्ट एसोसिएशन द्वारा संयुक्त रूप से यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए गए हैं कि गोंदिया जिले में मरीजों को असुविधा न हो और आवश्यक दवाओं की आपूर्ति सुचारू रूप से जारी रहे। दवा कारोबार बंद के दौरान पूरे जिले में दवाओं की तत्काल उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए, तालुकावार आपातकालीन दवा दुकानों के मालिकों/फार्मासिस्टों की सूची और उनके मोबाइल नंबर जारी किये गए हैं, तथा नागरिकों को आपात स्थिति में दवाओं की आवश्यकता हो, तो वे निम्नलिखित तालुकावार क्षेत्रों में संबंधित दवा दुकान मालिकों/पंजीकृत फार्मासिस्टों से संपर्क कर सकते हैं।

### आपातकालीन स्थिति मे इनसे किया जा सकता है संपर्क..

जिला प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार गोंदिया शहर / गोंदिया ग्रामीण में 1) श्री सुमित गुप्ता, रेलटोली, मो. नंबर: 8087334959, 2) श्री मनोज पटनायक, टीबीटोली, मो. नं. 8087751321, 3) श्री नीलकंठ लांजेवार, दवनीवाड़ा, मो. नं. 9421715733, 4) श्री विजय लोनारे, कामठा, मो. नं. 9922319152, 5) श्री मनोहर लिचडे, एकोडी, मो. नं. 9673732211, सड़क अर्जुनी - 1) छगन कापगते, सड़क अर्जुनी, मो. नं. 94221191 43, 2) श्री धर्मेन्द्र कटरे, मो. नं. 9307504 989, गोरेगांव में 1) श्री हरिभाऊ चांदेवार, गोरेगांव, मो. नं. 9823959607, 2) श्री राम रहांगडाले, कुन्हाड़ी, मो. नं. 8806123031, मोरगांव अर्जुनी में 1) श्री नीलेश डोंगरवार, मोरगांव अर्जुनी, मो. नं. 9604063499, 2) श्री सचिन उजवाने, नवेगांवबांध, मो. नं. 9420 356910, 3) श्री यशवंत झोडे, महागाँव, मो. नं. 9422834774, तिरोडा में 1) दिलीप कवाडे, बिरसिफाटा, मो. नं. 8411912926, 2) श्री अमोल दखने, सुकड़ी, मो. नं. 7859696614, सालेकसा 1) श्री हरीश बहेकार, सालेकसा, मो. नं. 8999623711, 2) श्री विश्वनाथ मेंढे, सालेकसा, मो. नं. 9923066401, 7. आमगांव 1) श्री. धर्मेन्द्र नागरिकर, आमगांव, मो. नं. 8830026731, 2) श्री किसान तिवारी, आमगांव, टेलीफोन नंबर: 9595290513, 8. देवरी : 1) श्री संतोष माटे, देवरी, मो. नं. 9423115008 2) श्री. नरेन्द्र तांडेकर, देवरी, मो. नं. 9923066401 इसके अलावा, गोंदिया शहर में मेडप्लस फार्मेसी यूनिट की तीन शाखाएं, 1. इंगले चौक, सिविल लाइन, 2. सिंधी कॉलोनी 3. कुडवा और तिरोडा और आमगांव में स्थित शाखाएं बंद के दिन पूरे दिन खुली रहेंगी। निम्नलिखित नंबरों पर सीधे प्रशासनिक अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं। श्री अभिषेक चवरडोल (ड्रग इंस्पेक्टर) -889 7940981, श्री आतिश सरकाले (सहायक आयुक्त, औषधि) -9890165018। खाद्य एवं औषधि प्रशासन, गोंडिया के सहायक आयुक्त (औषधियाँ) श्री ए. श्री. सरकाले ने रोगियों और उनके परिजनों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफ्वाहों पर विश्वास न करें और 20 तारीख से पहले आवश्यक दवाएँ उपलब्ध करा लें।

# जयस्तंभ चौक बस स्टैंड के पुनर्निर्माण का कार्य जल्द प्रारंभ किया जाए..

## जागृति विकास मंच गोंदिया द्वारा जिलाधिकारी डॉक्टर मंगेश गोंदावले एवं नगर परिषद सीईओ बोरकर को दिया गया निवेदन...





जगप्रेरणा गोंदिया।

*गोंदिया शहर विकास के कार्यों में अग्रसर होने के बाद भी शहर के मध्य भाग में स्थित जयस्तंभ चौक बस स्टैंड अपने अस्तित्व की लड़ाई वर्षों से लड़ रहा है। बुनियादी सुविधा के अभाव में यहां ना बैठने की व्यवस्था है और ना ही पीने के पानी की। ना महिला व पुरुषों के लिए शौचालय की। शहर के पालतु*

जानवर यहाँ अपना डेरा जमाए हुए रहते हैं, इसके साथ ही गंदगी और कचरे की वजह से यात्रियों को वहां खड़े रहना भी मुश्किल है जिसके करण यात्रियों को लंबे समय तक धूप और पानी में रस्ते पर खड़े होकर बस का अंतजार करने की विवशता को सहन करना पड़ रहा है।


महिलाएं एवं पुरुष, छोटे बच्चे, बुजुर्ग, स्कूल के विद्यार्थी यह सभी यात्री बनकर इस बस स्टैंड पर अव्यवस्थाओं से परेशान हैं, तथा इन सभी यात्रियों की परेशानी को देखते हुए शहर की मुख्य संस्था जागृति विकास मंच गोंदिया, पिछले 4 वर्षों से इस विषय पर निरंतर ज्ञापन सौंपकर जनप्रतिनिधियों से मांग कर रही है, तथा जिला प्रशासन के माध्यम से भी बार बार संबंधित विषयों पर ध्यान केंद्रित कराया गया, वहीं एक बार फिर आज जिले के नवागत जिलाधिकारी डॉ. मंगेश गोंदावाले से मुलाकात कर इस विषय पर चर्चा कर निवेदन सौंपा गया।

ज्ञापन के माध्यम से जागृति विकास मंच ने जिलाधिकारी को यह जानकारी दी कि इस मांग पर विधायक विनोद अग्रवाल के प्रयासों से 1 करोड़ 70 लाख की मंजूरी देने की बात कही गई थी, लेकिन 11 माह पूर्व मंजूरी मिलने पर भी अभी तक इस कार्य का पुननिर्माण शुरू नहीं किया गया है।

**शहर की जागरुक संस्था जागृति विकास मंच द्वारा जल्द से जल्द पुनर्निर्माण का काम शुरू कराने की मांग आज निवेदन के माध्यम से जागृति विकास मंच ने जिलाधिकारी व नगर परिषद मुख्य अधिकारी संदीप बोरकर से भी की है, ताकि आम नागरिकों को हो रही परेशानियों से जल्द से जल्द राहत मिले। ज्ञापन देने के दौरान प्रमुख रुप से अध्यक्ष पंडित सुरेंद्र शर्मा, सचिव सूरज नशीने, महिला अध्यक्ष दिव्या भगत पारधी, उपाध्यक्ष प्रफुल जैसवाल, संगठक राजू बिसेन, नरेश गजभिए, आबिद शेख, प्रीतिश रामटेककर उपस्थित थे।**

# मेरी जमीन लौटाओ, मांग लेकर पानी की टंकी पर चढ़ा किसान

## राजस्व रिकॉर्ड से कृषि भूमि गायब होने पर किसान चढ़ा पानी की टंकी पर.. शुरु किया आंदोलन..



जगप्रेरणा गोरेगांव।

*गोंदिया जिले के गोरेगांव तहसील अंतर्गत ग्राम पालेवाड़ा में एक किसान कृष्णकुमार डोये ने अपनी कृषि भूमि राजस्व रिकॉर्ड से गायब होने का आरोप लगाते हुए पानी की टंकी पर चढ़कर आंदोलन शुरू कर दिया, तथा उसकी जमीन उसे वापस नहीं दी गई तो पानी की टंकी से कूद*

जाने की धमकी देते हुए आंदोलन पर डट गया है। किसान के इस तरह से आक्रोशित होकर आंदोलन करने से प्रशासन सकते में है, तथा जानकारी के अनुसार प्रशासन द्वारा किसान को समझाईश देने का प्रयास करने की जानकारी सामने आई है। किसान कृष्ण कुमार डोये का आरोप है कि उसकी लगभग 1.67 हेक्टेयर कृषि भूमि राजस्व अभिलेखों से गायब कर दी गई है। इस मामले को लेकर उन्होंने राजस्व विभाग, तहसील कार्यालय और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को कई बार ज्ञापन एवं आवेदन सौंपा, लेकिन अब तक किसी प्रकार की ठोस कार्रवाई या निष्पक्ष जांच नहीं हुई। किसान के अनुसार, उनके पिता के नाम पर ग्राम पालेवाड़ा में पुराने गट क्रमांक 336 के अंतर्गत कुल 10.14 हेक्टेयर कृषि भूमि दर्ज थी। वर्ष 1989 में भूमि का विधिवत बंटवारा किया गया था, जिसके बाद गट क्रमांक 336/4 और 336/5 अलग-अलग हिस्सों में विभाजित होकर संबंधित परिवारों के नाम पर दर्ज किए गए। डोये ने बताया कि पटवारी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार पुराने गट क्रमांक 336 को बदलकर नया गट क्रमांक 417 कर दिया गया। लेकिन नए राजस्व रिकॉर्ड में कुल भूमि क्षेत्र 10.14 हेक्टेयर के बजाय केवल 8.47 हेक्टेयर दर्शाया गया है। ऐसे में करीब 1.67 हेक्टेयर जमीन रिकॉर्ड से गायब होने का आरोप लगाया जा रहा है। प्रशासन की ओर से संतोषजनक जवाब नहीं मिलने से नाराज किसान ने गांव की पानी टंकी पर चढ़कर 'शोले स्टाइल' आंदोलन शुरू कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में लोगों की भीड़ जमा हो गई और पूरे क्षेत्र में इस मुद्दे को लेकर चर्चाओं का माहौल बन गया है। समाचार लिखे जाने तक प्रशासन की ओर से किसान को समझाने और नीचे उतारने के प्रयास शुरु थे। अब देखना होगा कि राजस्व विभाग किसान के आंदोलन के बाद उसे किस तरह से न्याय प्रदान कर पाता है।

# जनगणना 2026 मे ओबीसी का स्वतंत्र कॉलम बनाकर

# ओबीसी की वास्तविक जनसंख्या की गणना हो नहीं तो करेंगे जनगणना का बहिष्कार..

## जिला कांग्रेस ओबीसी नेता जितेन्द्र कटरे ने राष्ट्रपति के नाम सौपा ज्ञापन



जगप्रेरणा गोंदिया।

*भारत की जनगणना करने हेतु केंद्र की सरकार ने 2 मई 2026 से 31 मई 2026 तक 33 प्रकार से कालम निर्धारित कर सभी भारतवासियों से 33 प्रकार की जानकारी मांग कर जनगणना करने का फैसला लिया है जिसके तहत जनगणना का कार्य शुरू किया जा चुका है लेकिन जनगणना के*

फार्म में 12 नंबर के कॉलम में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य ऐसा उल्लेख कर उक्त कालम में नागरिकों की जानकारी संकलित की जा रही है, लेकिन ओबीसी समाज का उल्लेख ना करते हुए केंद्र की सरकार ने ओबीसी समाज की जातिगत जनगणना से किनारा कर लिया है। भारत के अंदर ओबीसी समाज की जनसंख्या कितनी है, यह जनगणना के माध्यम से सुनिश्चित की जा सकती है, तथा उसी के माध्यम से ओबीसी समाज को उसका आनुपातिक अधिकार भी दिया जा सकता है। इसलिए देश का ओबीसी समाज पिछले कई वर्षों से सरकार से आग्रह कर रहा है की ओबीसी समाज की जनगणना की जाए। संविधान के अनुच्छेद 340 कलम के तहत ओबीसी समाज को सुविधाएं मुहैया कराने जनगणना कर ओबीसी समाज के जनसंख्या के अनुसार ओबीसी को फायदा मिलने का मार्ग प्रशस्त हो सकेगा, किंतु केंद्र की मोदी सरकार ने सन 2026-27 के जनगणना कार्य में ओबीसी का कॉलम नहीं रखा है, जिससे ओबीसी समाज की जनसंख्या का निश्चित रूप से पता नहीं चल सकेगा। इसलिए गोंदिया तहसीलदार शमशेर पठान के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपती द्रौपदी मुर्मू के नाम 2026 की शुरू की गई जनगणना में ओबीसी समाज के लिए स्वतंत्र कालम रखते हुए ओबीसी समाज की जनगणना करके देश के समक्ष ओबीसी के जनसंख्या के सही आंकड़े रखने की मांग का ज्ञापन गोंदिया जिला कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग अध्यक्ष डॉ. जितेन्द्र कुमार कटरे ने सौंपा है।

### नही तो करेंगे बहिष्कार..

डॉ. जितेन्द्र कुमार कटरे ने ज्ञापन के साथ ही समस्त ओबीसी समाज से जनगणना का बहिष्कार करने का आहवान किया है। इस अवसर पर गोंदिया जिला कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग महासचिव जीवन शरणागत, सचिव अजय रहांगडाले, गोंदिया तालुका ओबीसी कांग्रेस अध्यक्ष सुशील खरकाते, राजकुमार राहंगडाले, पांडुरंग कोल्हे, लक्ष्मण बोपचे, गंगाराम शरणागत, सुरेश बघेले, धन्नालाल पारधी आदि उपस्थित थे।

एक अच्छी माँ सौ शिक्षकों के बराबर होती है, इसीलिए, उसका हर हाल में सम्मान करना चाहिए ...

प्रोग्रेसिव्ह इंग्लिश स्कूल
AFFILIATED TO CBSE BOARD SCHOOL
चुलोद रोड, गोंदिया (महा.)

प्रवेश प्रारंभ २०२६-२७

इंग्रजी माध्यमांच्या नामांकित योजने अंतर्गत गोंवारी समाजाच्या विद्यार्थ्यांना CBSE बोर्डाचे वर्ग 1 ली पासुन वर्ग 12 वी पर्यंत मोफत शिक्षण देणे या योजने अंतर्गत प्रवेश प्रक्रिया सुरु आहे.

प्रवेशाचे वर्ग 1 ली ते 5 वी व प्रवेशासाठी लागणारे कागदपत्रे

वर्ग 1 ली करीता
- आंगनवाडीचा दाखला
- जन्माचा दाखला
- आधार कार्डची झेरॉक्स
- वडीलांचे जात प्रमाणपत्र Caste cer.
- उत्पन्नाचा दाखला (2 लाख पर्यंत)
- विद्यार्थ्यांची फोटो (दोन)
- रहिवासी प्रमाणपत्र


वर्ग 2 री ते 5 वी करीता
- शाळेचे बोनाफाईड
- जन्माचा दाखला
- आधार कार्डची झेरॉक्स
- वडीलांचे जात प्रमाणपत्र Caste cer.
- उत्पन्नाचा दाखला (2 लाख पर्यंत)
- विद्यार्थ्यांची फोटो (दोन)
- रहिवासी प्रमाणपत्र

सोयी सुविधा
- निसर्गरम्य वातावरणात संपूर्ण सुविधासह शाळा व वस्तीगृह
- चांगली शिस्त, प्रेमळ आणि काळजी घेणारे शिक्षक
- अत्याआधुनिक संगणक कक्ष, संगीत कक्ष, वाचनालय, प्रयोग शाळा
- योगा, खेळ, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सहल इत्यादी
- वर्ग 1ली ते 5वी च्या विद्यार्थ्यांकरीता देखरेखी साठी विशेष काळजीवाहक
- विद्यार्थ्यांच्या आंघोळी करीता गरम पाण्याची व्यवस्था
- पिण्याच्या पाणीसाठी R.O. ची व्यवस्था
- संपूर्ण परिसर सी.सी.टी.व्ही. च्या देखरेखिंत
- निवासी विद्यार्थ्यांना विशेष वेगडे वाचनकक्ष व अतिरिक्त वर्गाची सुविधा
- निवासी विद्यार्थ्यांना गणवेश, शालेय साहित्य, नाईट ड्रेस, स्पोर्टस ड्रेस,
- जोडे व इतर साहित्य देण्यात येतील.

अधिक माहिती आणि प्रवेश करीता संपर्क –
प्रोग्रेसिव्ह इग्लिश स्कूल – चुलोद रोड, गोंदिया (महा.)
– संपर्क क्रमांक – 8788818958 / 7666420255 9673180645 / 8793884385

प्लॉट बेचना है..
गोंदिया शहर में सराफा मार्केट में होटल ताज दरबार के बाजू में और आईसीआईसीआई बैंक और हनुमान मंदिर के सामने स्थित 7050 वर्गफुट का प्लॉट बेचना है। चारों तरफ से बाउंड्री से सिक्योर्ड है और 3 तरफसे रोड है।
संपर्क करें.. मो. नं. 9300693881
मो. नं. 9179739502










SONO VIEW
DR. GHANSHYAM M. TURKAR
M.B.B.S., M.D., D.N.B., M.N.A.M.S.
Diplomate of National Board
Radiologist, Sonologist & Imagiologist
DR. PADMINI TURKAR
M.B.B.S., D.C.H.
बालरोग एवं नवजात शिशु विशेषज्ञ

FACILITIES AVAILABLE
SONOGRAPHY
- Color Doppler
- Power Doppler Imaging
- B-flow Imaging
- Tissue Harmonic Imaging
- Transrectric & TV Sonography
- Pediatric Sonography
- Orbital Sonography
- Breast, Thyroid, Scrotal Sonography
- Neonatologist Neurosonogram
- 2 D Echo Cardiography
- Foetal Echo
- Whole Body Ct Scan
- Digital X-ray Digital Radiography System
- M.R.I.

DIGITAL X-RAY
- 2D, 3D/4D High Resolution Sonography
- 2D Echo
- Colour Doppler
- Siemens Germany Multislice/Spiral High Resolution CT Scan
- M.R.I.

राष्ट्रीय क्षयरोग दुरीकरण कार्यक्रम अंतर्गत मुफ्त सोनोग्राफी, एक्स रे, सी.टी. स्कैन व एम.आर.आई. क्लिनिक
तुरकर SONOGRAPHY, X-RAY, C.T. SCAN, M.R.I. क्लिनिक
सिव्हिल लाईन, गोंदिया फोन - 07182- 231149, 234198, 236391
E-mail : sonoview@gmail.com SONOGRAPHY C.T./M.R.I.

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक – स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक – आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल – jagprernaw@gmail.com